RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 13 अंक 47
लखनऊ, रविवार, 4 दिसंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



मैं हमेशा भारत से जुड़ा हुआ महसूस करता हूं
विदेश-10

www.dailypioneer.com

# मैनपुरी, रामपुर, खतौली में प्रचार समाप्त

● तीनों निर्वाचन क्षेत्रों में कल सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक होगा मतदान

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



मैनपुरी में चुनाव प्रचार के अंतिम दिन मतदाताओं से समर्थन मांगती सपा प्रत्याशी डिंपल

**प्रदेश** के मैनपुरी संसदीय क्षेत्र तथा खतौली और रामपुर विधानसभा क्षेत्रों में शनिवार शाम को समाप्त हुए जोरदार प्रचार अभियान में राजनीति का हर तरह का रंग देखने को मिला। निर्वाचन कार्यालय के मुताबिक तीनों निर्वाचन क्षेत्रों में पांच दिसंबर को सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान होगा।

मैनपुरी लोकसभा सीट जहां समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव के निधन के कारण उपचुनाव हो रहा है, वहीं अलग-अलग अदालतों द्वारा सजा सुनाए जाने के बाद समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायक आजम खान और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक विक्रम सिंह सैनी को अयोग्य घोषित किए जाने के कारण क्रमशः रामपुर सदर और मुजफ्फरनगर जिले की खतौली विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव हो रहा है। उत्तर प्रदेश में उप चुनावों से कांग्रेस और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के दूर रहने से तीनों जगहों पर भाजपा और सपा तथा उसके सहयोगी राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के बीच सीधी लड़ाई होगी। हालांकि उपचुनाव के नतीजे का केंद्र और राज्य सरकारों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा, क्योंकि राज्य और केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के पास पूर्ण बहुमत है। हालांकि उप चुनाव के परिणामों से 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में दलों की दिशा जरूर तय होगी।

चुनाव आयोग के मुताबिक मैनपुरी लोकसभा सीट से छह उम्मीदवार मैदान में हैं, जबकि खतौली (मुजफ्फरनगर) और रामपुर विधानसभा क्षेत्र से क्रमशः 14 और 10 उम्मीदवार मैदान में हैं। मैनपुरी में मुलायम सिंह यादव की पुत्रवधू और अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव सपा की उम्मीदवार हैं, जबकि भाजपा ने प्रगतिशील समाजवादी पार्टी-लोहिया (प्रसपा) के प्रमुख शिवपाल सिंह यादव के करीबी रहे रघुराज सिंह शाक्य पर अपना दांव लगाया है जो हाल के विधानसभा चुनावों से पहले भाजपा में शामिल हो गए थे। रामपुर में मुकाबला भाजपा के आकाश सक्सेना और आजम खान की पसंद समाजवादी पार्टी के असीम राजा के बीच है।

खतौली में सपा समर्थित रालोद के मदन भैया का मुकाबला भाजपा के अयोग्य घोषित किए गए विधायक विक्रम सैनी की पत्नी राजकुमारी सैनी से है। तीनों चुनाव क्षेत्रों में मुख्य रूप से राज्य के नेताओं ने प्रचार किया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और दो उपमुख्यमंत्रियों-केशव प्रसाद मौर्य तथा ब्रजेश पाठक के अलावा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मैनपुरी, रामपुर और खतौली में रैलियों को संबोधित करके भाजपा के चुनाव अभियान को एक गति प्रदान की। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने गुजरात विधानसभा चुनावों में अपने प्रचार कार्यक्रमों से समय निकालकर उप्र में उपचुनाव में मतदान करने के लिए तीनों क्षेत्रों का दौरा किया और जनसभाओं को संबोधित किया।

## गुजरात विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में कल पड़ेंगे वोट

**अहमदाबाद।** गुजरात विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण के लिए प्रचार अभियान शनिवार शाम पांच बजे समाप्त हो गया। दूसरे चरण में पांच दिसंबर को 93 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान होगा, जिसमें 833 उम्मीदवार किस्मत आजमा रहे हैं। मतगणना आठ दिसंबर को होगी। दूसरे चरण में मैदान में उतरे प्रमुख उम्मीदवारों में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल (घाटलोदिया से), पाटीदार नेता हार्दिक पटेल (विरमगाम से) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) नेता अल्पेश ठाकोर (गांधीनगर दक्षिण से) हैं। हार्दिक पटेल और ठाकोर दोनों भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार हैं। राज्य में पहले चरण के लिए 89 सीट पर मतदान एक दिसंबर को हुआ था, जिसमें सौराष्ट्र, कच्छ और दक्षिण गुजरात की सीट थीं। पहले चरण में औसत 63.31% मतदान हुआ था, जो पिछली बार से कम रहा। इस चुनाव में मुख्य मुकाबला भाजपा, कांग्रेस और अरविंद केजरीवाल नीत आम आदमी पार्टी के बीच माना जा रहा है। दूसरे चरण की 93 सीट उत्तर और मध्य गुजरात के 14 जिलों में फैली हैं, जिनमें अहमदाबाद, वड़ोदरा और गांधीनगर शामिल हैं। इन विधानसभा क्षेत्रों में 2.54 करोड़ पंजीकृत मतदाता हैं।

## निर्वाचन आयोग ने बढ़चढ़ कर मतदान की अपील की

**नई दिल्ली।** मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने गुजरात के मतदाताओं से पांच दिसंबर को दूसरे चरण के मतदान के दौरान अपने मताधिकार का बढ़-चढ़कर इस्तेमाल करने की अपील की, ताकि पहले चरण में हुए कम मतदान की भरपाई की जा सके। शहरी मतदाताओं की उदासीनता को खत्म करने के लिए आयोग ने सरकारी और निजी संस्थानों में मतदाता जागरूकता मंच स्थापित करने की पैरवी की है, ताकि मतदान की अहमियत पर प्रकाश डालने के साथ-साथ शहरी कामकाजी मतदाताओं को आगे आने के लिए प्रेरित किया जा सके।

# कांग्रेस व आप समृद्धि में बाधक इन्हें हाशिए पर डाल दीजिए: योगी

● योगी ने गुजरात में चुनाव प्रचार के आखिरी दिन की तीन जनसभाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** अहमदाबाद, खेड़ा, आणंद




**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को गुजरात में तीन चुनावी जनसभाएं की। गुजरात विधानसभा चुनाव के मद्देनजर यहां 182 सीटों पर दो चरणों में मतदान की घोषणा हुई थी। प्रथम चरण की 89 सीटों पर 1 दिसंबर को चुनाव हो गया। दूसरे चरण का मतदान पांच दिसंबर को है। शनिवार को चुनाव प्रचार का आखिरी दिन रहा। यहां योगी आदित्यनाथ की मांग सबसे अधिक रही।

उन्होंने सात दिन में ताबड़तोड़ 22 जनसभाएं और तीन रोड शो किये। आखिरी दिन उन्होंने अहमदाबाद की धोलका, खेड़ा की महुघा और आणंद जिले की खंभात सीट पर भाजपा प्रत्याशियों के लिए वोट मांगा। खेड़ा की महुघा सीट से भाजपा उम्मीदवार संजय सिंह महिधा को योगी आदित्यनाथ ने सबसे उपयुक्त बताया। उन्होंने गुजराती में जय श्रीराम से अभिवादन कर स्थानीय लोगों का दिल जीत लिया। बोले कि गुजरात की धरती विपरीत परिस्थितियों में देश को चलाने का सामर्थ्य रखती है। 2002 के बाद गुजरात में न कर्फ्यू लगा और न ही दंगा हुआ। गुजरात विकास के मॉडल पर चल रहा है जबकि कांग्रेस व आप सुरक्षा में बैरियर हैं।

यूपी का जिक्र कर सीएम ने कहा कि वहां हर दूसरे दिन बड़े दंगे होते थे पर अब नहीं होते। हम लोगों ने दंगाइयों की फोटो चस्पा कर दी। उनकी संपत्ति कब्जे में ले ली और सरकारी संपत्ति पर कब्जा करने वालों पर बुलडोजर चलाकर आमजन को राहत दी। आणंद के खंभात से महेश कुमार रावल के पक्ष में योगी आदित्यनाथ ने कहा कि खम्भात हुनर के लिए जाना जाता है। गुजरात सम्मान व देश को स्वभिमान के साथ चलना सिखाता है। 20 वर्ष पहले गुजरात में बहन-बेटियां बाजार नहीं जा सकती थीं। व्यापारी व्यापार नहीं कर सकते थे पर आज हर ओर आस्था के केंद्र सज-संवर रहे हैं। यूपी में 403 में से कांग्रेस को सिर्फ 2 सीट मिली है अब गुजरात की बारी है। कांग्रेस मुक्त गुजरात कर दीजिए, सभी समस्याओं का समाधान हो जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा के विकासपरक नीति की बात की तो कांग्रेस के परिवारवाद और आम आदमी पार्टी की नीतियों की बखिया उधेड़ दी।

योगी के जोश का गुजरात के लोगों ने सिर झुकाकर अभिवादन किया। शनिवार को योगी आदित्यनाथ की पहली जनसभा धोलका में हुई। यहां किरीट सिंह डाभी के पक्ष में उन्होंने गणपति बाप्पा मोरिया की जयकार से रैली का आगाज किया। उन्होंने दावा किया कि पहले चरण के रुझान से पता चल रहा कि भाजपा काफी बड़े अंतर से आ रही है।

# हिंद महासागर में ताकत बढ़ा रहा चीन नौसेना प्रमुख बोले- हमारी कड़ी नजर

● नौसेना का लक्ष्य 2047 तक आत्मनिर्भर बनना: एडमिरल आर हरि कुमार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**हिंद** महासागर क्षेत्र में चीन लगातार सैन्य ताकत के साथ अपनी मौजूदगी बढ़ा रहा है। अत्यधिक संवेदनशील स्थिति का जिक्र करते हुए नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने शनिवार को कहा कि इस क्षेत्र में हमेशा चार से छह चीनी युद्धपोत तैनात हैं, जो चीन की सक्रियता का स्पष्ट संकेत देते हैं। हालांकि, उन्होंने आश्वासन दिया कि भारतीय नौसेना इन युद्धपोतों की आवाजाही पर कड़ी नजर रख रही है और अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करेगी। हिंद महासागर क्षेत्र और हिंद-प्रशांत क्षेत्र की स्थिति को रेखांकित करते हुए नौसेना प्रमुख ने यह भी कहा कि यूक्रेन-रूस युद्ध ने भारत को रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भर होना सिखाया है। करीब 10 महीने से चल रहे युद्ध का नौसेना की हथियार खरीद पर कोई असर नहीं पड़ा है। कुमार ने कहा कि हिंद महासागर क्षेत्र में अनुसंधान जहाजों, युद्धपोतों और व्यापारिक जहाजों सहित कई चीनी जहाज मौजूद हैं। भारतीय नौसेना कड़ी नजर रख रही है, नौसेना प्रमुख ने कहा कि 60 से अधिक अन्य अतिरिक्त-क्षेत्रीय बल भी रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इस क्षेत्र में मौजूद हैं। हिंद महासागर के महत्व के बारे में विस्तार से बात करते हुए नौसेना प्रमुख ने कहा कि कई देशों की ऊर्जा आपूर्ति के अलावा क्षेत्र के समुद्री रास्तों से बड़ी मात्रा में व्यापार होता है। नौसेना प्रमुख ने कहा कि भारतीय नौसेना इन तमाम जहाजों की आवाजाही पर नजर रखती है। वह देश के हितों के प्रतिकूल जहाजों को अनुमति नहीं देगी।

# लक्ष्य सेन के खिलाफ उम्र के फर्जीवाड़े में एफआईआर

● कोच विमल कुमार और परिवार के खिलाफ भी मामला दर्ज

**भाषा।** नई दिल्ली



**भारत** के नंबर एक बैडमिंटन खिलाड़ी 21 साल के लक्ष्य सेन, उनके परिवार और पूर्व राष्ट्रीय कोच विमल कुमार पर उम्र संबंधी धोखाधड़ी और फर्जीवाड़े का मामला दर्ज कराया गया है। एम गोविअप्पा नागराजा द्वारा बेंगलुरू में गुरुवार को दर्ज कराई गई प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि राष्ट्रमंडल खेलों के मौजूदा चैंपियन ने अपने भाई चिराग सेन के साथ 2010 से आयु वर्ग के टूर्नामेंट खेलने के लिए अपनी उम्र में हेराफेरी की थी।

इस शिकायत में लक्ष्य के पिता धीरेंद्र (भारतीय खेल प्राधिकरण में कोच के तौर पर कार्यरत) मां निर्मला और विमल का भी नाम है। विमल पिछले 10 से अधिक वर्षों से लक्ष्य और चिराग को कोचिंग दे रहे हैं। उन पर भारतीय दंड संहिता के तहत धोखाधड़ी (धारा 420), जालसाजी (468), जाली दस्तावेज़ को वास्तविक के रूप में उपयोग करने (471) और सामान्य इरादे के कई व्यक्तियों द्वारा किए गए कार्यों (34) के आरोप लगाए गए हैं।

उत्तराखंड से ताल्लुक रखने वाले सेन बंधु बेंगलुरु में प्रकाश पादुकोण बैडमिंटन अकादमी में विमल से प्रशिक्षण लेते हैं, जबकि शिकायतकर्ता इसी महानगर में एक और अकादमी चलाता है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि विमल ने 2010 में जन्म प्रमाण पत्र बनाने के लिए लक्ष्य के माता-पिता के साथ साठगांठ की।

**दिल्ली दंगा**

## पथराव, आगजनी मामले में उमर खालिद और खालिद सैफी आरोपमुक्त

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उत्तर-पूर्वी** दिल्ली में 2020 में हुए दंगे से जुड़े एक मामले में यहां की एक अदालत ने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के पूर्व छात्र उमर खालिद और यूनाइटेड अगेंस्ट हेट (एजीएच) के संस्थापक खालिद सैफी को आरोपमुक्त कर दिया है। कांस्टेबल संग्राम सिंह के बयान के आधार पर इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। सिंह ने कहा था कि 24 फरवरी, 2020 को मेन करावल नगर रोड पर दंगाई भीड़ ने पथराव किया था और नजदीक के एक पार्किंग स्थल पर वाहनों में आग लगा दी थी। विशेष सरकारी वकील मधुकर पांडे ने इस बात की पुष्टि की है कि उमर खालिद और खालिद सैफी को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पुलस्त्य प्रामचाला की अदालत ने इस मामले में आरोपमुक्त कर दिया है। विषय में विस्तृत आदेश की प्रतीक्षा है।

# राजस्थान कांग्रेस में भारत जोड़ो यात्रा को लेकर गुटबाजी

● गहलोत और पायलट समर्थक संभाल रहे अलग-अलग मोर्चा

**भाषा।** कोटा



**राजस्थान** के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने राहुल गांधी के नेतृत्व वाली भारत जोड़ो यात्रा के राज्य में पहुंचने से पहले भले ही अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के महासचिव (संगठन) के सी वेणुगोपाल के समक्ष एकजुटता व्यक्त की है, लेकिन उनके समर्थक जमीन पर अलग-अलग मोर्चा संभालते नजर आ रहे हैं। हड़ौती में गहलोत और पायलट के समर्थकों के बीच अपना-अपना वर्चस्व दिखाने की होड़ मची हुई है, जो क्षेत्र में लगाए गए होर्डिंग से साफ झलकती है। यह होड़ दोनों गुटों के नेताओं के बीच आरोप-प्रत्यारोपों का कारण भी बनी है। वर्ष 2019 में कांग्रेस के टिकट पर झालावाड़ से लोकसभा चुनाव लड़ने वाले प्रमोद शर्मा ने आरोप लगाया कि पायलट खेमा गहलोत के प्रभाव को कमजोर करने का प्रयास कर रहा है। शर्मा ने झालावाड़ जिले के प्रभारी मंत्री प्रमोद जैन भाया पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह स्थानीय लोगों के एक अलग समूह का नेतृत्व कर और कांग्रेस के अन्य कार्यकर्ताओं के प्रयासों को दरकिनार कर पार्टी की जड़ों को कमजोर कर रहे हैं। शर्मा ने कहा, यह विशेष गुट (भाया गुट) हर जगह सचिन पायलट को लेकर ही आगे बढ़ रहा है। जिले में लगाए गए ज्यादातर पोस्टर और होर्डिंग में सचिन पायलट, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा की तस्वीरें अधिकतर जगह लेती नजर आ रही हैं।


## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 63,284 | |
| निफ्टी | 18,812 | |
| सोना | 53,677 | /10g |
| चांदी | 65,003 | /kg |

## क्विक न्यूज

### यूपीएससी 2023 से रेलवे केलिए भर्ती परीक्षा कराएगा

**नई दिल्ली।** रेल मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय रेलवे प्रबंधन सेवा (आईआरएमएस) के लिए भर्ती विशेष रूप से तैयार की गई एक परीक्षा के माध्यम से की जाएगी और संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) 2023 से यह परीक्षा आयोजित करेगा। मंत्रालय के मुताबिक, भारतीय रेलवे प्रबंधन सेवा परीक्षा (आईआरएमएसई) दो चरणों वाली एक परीक्षा होगी, जिसमें प्रारंभिक स्क्रीनिंग परीक्षा के बाद मुख्य लिखित परीक्षा और साक्षात्कार शामिल होगा। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि परीक्षा के दूसरे चरण यानी आईआरएमएस (मुख्य) लिखित परीक्षा में शामिल होने के लिए पात्र अभ्यर्थियों को सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा में बैठना होगा।




लखनऊ को स्वच्छ वायु सर्वेक्षण-2022 में प्रथम स्थान मिलने पर महापौर संयुक्त भाटिया को ओडिशा के राज्यपाल ने किया सम्मानित। समाचार पेज 3

# तमिलनाडु सरकार मंदिरों में मोबाइल फोन पर प्रतिबंध लगाए

● मद्रास उच्च न्यायालय ने तमिलनाडु सरकार को दिया निर्देश

● मंदिरों की शुद्धता और पवित्रता को बरकरार रखने की कही बात

**पायनियर समाचार सेवा।** मदुरै



मद्रास उच्च न्यायालय ने तमिलनाडु सरकार को निर्देश दिया है कि वह राज्यभर के मंदिरों में मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लागू करे, ताकि मंदिरों की शुद्धता और पवित्रता को बरकरार रखा जा सके। यहां न्यायमूर्ति आर महादेवन और न्यायमूर्ति जे सत्यनारायण प्रसाद की पीठ ने जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान राज्य हिंदू धार्मिक और धर्मार्थ बंदोबस्त विभाग को शुक्रवार को यह निर्देश दिया।

याचिकाकर्ता एम. सीतारमन ने याचिका में संबंधित विभाग के अधिकारियों को यह निर्देश देने का अनुरोध किया कि वे तूतीकोरिन जिले में तिरुचेंदूर स्थित अरुलमिगु सुब्रमण्यम स्वामी मंदिर के परिसर में एंड्रायड मोबाइल फोन ले जाने और इसके इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने को लेकर प्रभावी कदम उठाएं। यह मंदिर भगवान मुरुगा के छह अधिष्ठानों में से एक है। याचिकाकर्ता ने कहा कि चूंकि संबंधित मंदिर एक प्राचीन धर्म स्थल है जहां शांतिपूर्ण तरीके से नि:शुल्क दर्शन की व्यवस्था है, लेकिन दीपरथनाई, पूजा और अन्य अनुष्ठान के दौरान वीडियोग्राफी तथा तस्वीर खींचने के लिए कैमरा का इस्तेमाल किए जाने से बाधा उत्पन्न होती है।

याचिका में कहा गया है कि सभी श्रद्धालुओं के पास मोबाइल फोन होते हैं और वे बिना किसी प्रतिबंध के मंदिर परिसर के अंदर तस्वीर लेने के अलावा वीडियो बनाते हैं। याचिकाकर्ता ने कहा कि मूर्तियों की तस्वीरें लेना न केवल आगम नियमों (मंदिर में अनुष्ठान से संबंधित) के विरुद्ध है, बल्कि यह मंदिर और इसमें मौजूद मूल्यवान सामान की सुरक्षा को भी खतरे में डालता है।

## विद्युतकर्मियों का कार्य बहिष्कार स्थगित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा तथा विद्युत विभाग के विद्युत कर्मचारी संघर्ष समिति के पदाधिकारियों, उसके घटक संगठनों के चेयरमैन तथा संयोजक समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे के साथ वार्ता के बाद पांच दिनों से चली आ रही कार्मिकों के कार्य बहिष्कार को सभी की सहमति से स्थगित कर दिया गया है। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि कार्य बहिष्कार की समाप्ति पर ऊर्जा विभाग ने विद्युत कर्मचारी संघों को आश्वासन दिया कि विद्युत कर्मियों की मांगों पर शीघ्र ही विचार किया जाएगा। कुछ मांगों पर त्वरित रूप से कार्रवाई की जाएगी तथा कुछ मांगों पर द्विपक्षीय एवं त्रिपक्षीय समिति बनाकर सकारात्मक रूप से विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विद्युत कंपनिया और विद्युत कर्मी दोनों आपस में बेहतर कार्य संस्कृति, समन्वय एवं सामंजस्य बनाकर प्रदेश की विद्युत व्यवस्था को सुचारू बनाने में कार्य करेंगे।

## बिन चाबी के मंत्री



सूबे के एक मंत्री के पास दो प्रमुख विभागों का जिम्मा है लेकिन इन दोनों ही विभाग की चाबी उनके पास होकर के भी नहीं रहती है। एक विभाग जो कि पूरे प्रदेश को रोशन करता है तो दूसरा भाग जो पूरे प्रदेश की साफ सफाई का जिम्मा संभालता है मगर मंत्री जी अपने इन दोनों विभागों में दूसरे के हस्तक्षेप से चाह कर भी दखलअंदाजी बंद नहीं कर पा रहे हैं। अभी चुनाव को लेकर विभिन्न सीटों के आरक्षण का मसला था लेकिन मंत्री जी अपने हिसाब से कुछ नहीं कर पाए। जो दिशा निर्देश केंद्रीय नेतृत्व से यूपी की कई निकाय सीटों के आरक्षण को लेकर दिया गया मंत्री जी ने उसे सहर्ष स्वीकार करके अपनी सहमति प्रदान कर दी। सीटों के आरक्षण के निर्धारण को लेकर मंत्री जी बस अपनी भूमिका महज एक रबड़ स्टैंप के रूप में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। अभी भी एक दो सीटों को लेकर आरक्षण फंसा हुआ है जिसमें मंत्री जी को जो निर्देश मिलेगा वह वही करेंगे। दरअसल इससे पहले मंत्री महोदय नौकरशाह थे और अब जनप्रतिनिधि हो गए हैं। दोनों की अलग अलग भूमिका होती है ऐसे में अब कौन सा आरक्षण सीट के लिए मुनासिब होगा यह तय करना अकेले मंत्री जी के बस की बात नहीं रह गई है। प्रदेश संगठन से लेकर केंद्रीय नेतृत्व इस चुनाव में हर सीट पर बारीकी से नजर रख रहा है इसलिए मंत्री जी आरक्षण के फेर में फंस गए हैं।

## सूने खड़े पोल

नगर निगम ने 40-40 स्ट्रीट लाइटें एक वर्ष पहले प्रत्येक वार्डों में देने के लिए कहा था। शहर की महापौर ने वार्डों का अंधियारा दूर करने के लिए नगर निगम सदन में देने की घोषणा भी की थी लेकिन नहीं मिलीं। बेचारी! महिला पार्षद लाइटें मांगती रह गयीं, कहते कहते थक गयीं पर लालफीताशाही के आगे सब बेमतलब रह गया। चुनावी वर्ष होने के कारण सदन और कार्यकारिणी में लोक लुभावन प्रस्ताव तो पास कर दिए गए लेकिन कई प्रस्ताव सिर्फ सदन की कार्यवाही तक ही सीमित रह गये। भाजपा, कांग्रेस और सपा पार्षदों ने खत लिखकर मांग की पर अफसर नहीं पिघले। स्ट्रीट लाइटें लगाने वाली संस्था ईईएसएल पर कार्रवाई की मांग की।.. पार्षदों ने सदन में भी शोर शराबा कर इस मुद्दे को उठाया लेकिन बाहर आकर सब भूल गए। अब तो दोबारा चुन जाने पर ही स्ट्रीट लाइटें मिल सकें। तब तक खाली खड़े पोलों को स्ट्रीट लाइटों का इंतजार रहेगा।




## हिला दिया अंगद का पांव

भगवा सरकार की आंख के तारे माने जाने वाले और लंबे समय से प्रदेश के एक महत्वपूर्ण कमिश्नरेट में लंबे समय से अंगद सरीखे पांव जमाकर रखने वाले एडीजी साहब एक महिला आईपीएस के सामने धराशाई हो गए। नतीजतन उन्हें अपनी कुर्सी गंवानी पड़ी और अब मुख्यालय से अटैच कर दिए गए। खाकी महकमे में पिछले दिनों हुए इस परिवर्तन से छोटे से लेकर बड़े तक हर अधिकारी हैरान और हतप्रभ है। किसी को यह समझ में नहीं आ रहा कि एडीजी साहब को अपदस्थ करके आखिरकार किस प्रकार एक महिला आईपीएस पदारूढ़ होने में सफल रहीं। इसको लेकर महकमे में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। एडीजी साहब को भगवा सरकार के मुखिया का काफी करीबी माना जाता है। यही वजह है कि एक बार कमिश्नरेट में तैनात होने के बाद अभी तक उन्हें कोई नहीं हिला पाया था। महकमे के ही जानकारों के बीच एक चर्चा यह भी है कि एडीजी साहब का पांव उखड़ने में अहम रोल महिला आईपीएस के पति का है जो खाकी की नौकरी को छोड़कर खादी धारण कर चुके हैं और वर्तमान में भगवा दल से ही विधायक हैं। जिस प्रकार एडीजी साहब बड़े महाराज के खास हैं वहीं महिला आईपीएस के पति के भगवा दल के शीर्ष नेतृत्व से नजदीकी संबंध हैं। उनके यही संबंध में एडीजी साहब पर भारी पड़े और उन्हें प्रतीक्षारत कर दिया गया।

## चाचा का नया ठौर



खुद का ठिकाना नहीं और औरों का घर बसाने चले हैं। विपक्ष में होने के बावजूद भी भगवा सरकार की कृपा से मजबूत कामकाज चल रहा है। प्रगतिशील होने के लिए बड़ी इमारत में कार्यालय खोल दिया गया। समाजवादी सरकार के दौरान गोमती रिवरफ्रंट से लेकर सहकारिता में मजबूत दमखम रखने वाले चाचा आजकल अपने भतीजे को 'छोटे नेता जी' बनाने में लगे हैं। चाचा शायद यह भूल गए हैं कि सरकार किसकी चल रही है। कहा जाता है कि यहां अपराध करने वालों के लिए ठौर नहीं है। वैसे चाचा का तो अपराध से दूर दूर तक का नाता नहीं है। चाचा समाजवादी सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे। सही मायने में तो उन्हें मिनी मुख्यमंत्री भी कहा जाता था। उस दौरान उन्होंने बहुत से काम किए। आरोपों से घिरे भी। बचे भी और अब तक बचते भी चले आ रहे हैं। इधर पता नहीं कौन सी ऊर्जा उनके भीतर आ गई है कि वह बहुत बड़े वाक योद्धा बन गए हैं। जो कभी इन्हीं को अपमानित किया करते थे आज उन्हीं लोगों को स्थापित करने में लगे हैं जबकि आलम यह है कि बीते छह सालों से न खुद कुछ बन पाए और न ही बेटे को बना पाए।

### बीजेपी ने चुनाव आयोग को लिखा पत्र

# मैनपुरी में सपा के अराजक तत्वों पर रोक लगाई जाए: भाजपा


**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**बीजेपी** ने ने मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव में समाजवादी पार्टी के अराजक तत्वों पर रोक लगाने के लिए चुनाव आयोग को पत्र लिखा है। शनिवार को पार्टी के प्रदेश महामंत्री जेपीएस राठौर ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को पत्र लिखकर मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र में अराजक तत्वों के नामों की सूची सौंपते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पत्र में भाजपा द्वारा चुनाव आयोग को सौंपी गई अति संवेदनशील बूथों की सूची पर तत्काल कड़ी सुरक्षा तथा अराजकतत्वों को बूथ कैपचरिंग करने से रोकने की भी मांग की गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि समाजवादी पार्टी द्वारा मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव में चुनाव आचार संहिता का उल्घंघन किया गया है। लोकसभा उपचुनाव का प्रचार कार्य आज समाप्त हो गया लेकिन मतदान के पूर्व मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र में अब भी समाजवादी पार्टी के अराजकतत्वों के द्वारा मतदाताओं को डराया धमकाया जा रहा है। पूर्व में भी इसके खिलाफ पार्टी ने 30 नवम्बर को स्थानीय प्रशासन एवं चुनाव आयोग को भी अपनी शिकायत दर्ज कराई थी। लेकिन इसके बाद भी सपा के संरक्षण अराजकतत्व मतदाताओं को डरा धमका रहे है। समाजवादी पार्टी के ये अराजकतत्व मैनपुरी लोकसभा के करहल, किशनी और जसवंत नगर विधानसभा क्षेत्र में खुलेआम हथियार और गाडियों के काफिले से गांव.गांव जाकर मतदाताओं को डरा धमका रहे है। प्रदेश महामंत्री जेपीएस राठौर ने पत्र के माध्यम से मुख्य निर्वाचन अधिकारी को अवगत कराया कि समाजवादी पार्टी मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव में लगातार चुनाव आचार संहिता का उल्घंघन कर रही है। समाजवादी पार्टी की ओर से मतदाताओं को साड़ियों का वितरण किया गया। स्कूलों में बच्चों को स्वेटर बांटे जा रहे हैं। वाहनों के बड़े काफिलों के साथ समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी और उनके समर्थक घूम रहे है। बिना अनुमति के रोड़ ब्लाक कर जनसभायें की गई। इसकी शिकायत चुनाव आयोग को 30 नवम्बर को भी की गई थी। लेकिन सपा के अराजकतत्वों की अराजकता लगातार बढ़ रही है। ग्राम जरिया थाना कुर्रा के पास सपा समर्थक सुरेन्द्र यादव द्वारा नगद पैसा बांटा जा रहा है। खुलेआम शराब का वितरण करके मतदाताओं को प्रभावित किया जा रहा है। श्री राठौर ने पत्र के माध्यम से मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ध्यान दिलाते हुए लिखा की विधानसभा चुनाव 2022 के दौरान करहल में समाजवादी पार्टी के अराजकतत्वों ने बड़े पैमाने पर मतदान केन्द्रों पर उत्पात मचाया था और मतदान की प्रक्रिया बाधित करने का काम किया था। विधानसभा मैनपुरी में चुनाव आयोग द्वारा सपा के लोगों पर मुकदमा भी दर्ज कराया गया था। इस उपचुनाव के दौरान भी सपा के अराजकतत्वों द्वारा खुलेआम गुंडागर्दी की जा रही है। जसवंतनगर, करहल और किशनी में आम मतदाताओं को खुलेआम साइकिल पर वोट डालने का दबाव बना रहे हैं।

## सपा ने की रामपुर के एसपी, सिओ सिटी व दो थाना प्रभारियों को हटाने की मांग

**● राजेंद्र चौधरी ने मुख्य चुनाव अधिकारी को सौंपा ज्ञापन, मानक से अधिक संख्या में तैनात अर्द्धसैनिक व पुलिस बल को भी हटाने की मांग रखी**



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी ने मुख्य चुनाव आयुक्त, नई दिल्ली को सम्बोधित ज्ञापन मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश को देकर मांग की है कि रामपुर विधान सभा उप निर्वाचन में पुलिस अधीक्षक अशोक शुक्ला, सीओ सिटी अनुज पहलवान, पुलिस कोतवाली प्रभारी गजेन्द्र त्यागी व पुलिस थानाध्यक्ष सुरेन्द्र पचौरी को तत्काल प्रभाव से जनपद रामपुर से बाहर स्थानान्तरित कर दिया जाए व भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के विपरीत व मानक के विरूद्ध अत्यधिक अर्द्धसैनिक व पुलिस बल को जनपद रामपुर से बाहर किया जाए। राजेंद्र चौधरी ने कहा कि समाजवादी पार्टी की मांग है कि मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में शत प्रतिशत मतदाता पर्ची बटवाई जाए। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं पर हो रहे उत्पीड़न की कार्रवाई पर रोक लगाई जाए। भाजपा द्वारा बनवाए जा रहे फर्जी आधार कार्ड के आधार पर मतदान के दिन फर्जी मतदान करने की साजिश को रोकने के लिए ठोस कार्रवाई की जाए व सैनिक, अर्द्धसैनिक बलो की निगरानी में चुनाव कराया जाए। चौधरी ने उपरोक्त सभी शिकायतों पर गम्भीरता पूर्वक विचार करके त्वरित कार्रवाई किए जाने की मांग की है, जिससे स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्भीक, भयमुक्त चुनाव सम्पन्न हो सके। चौधरी के साथ प्रतिनिधिमंडल में केके श्रीवास्तव, डॉ. हरिश्चंद्र और राधेश्याम सिंह भी शामिल थे।

## सीएम योगी के प्रयासों को सोशल मीडिया का समर्थन, टॉप ट्रेंड बना स्वच्छ यूपी-सशक्त यूपी

**लखनऊ।** प्रदेश को स्वच्छ और सशक्त प्रदेश बनाने में जुटी योगी सरकार की इस मुहिम को सोशल मीडिया पर भी जबर्दस्त समर्थन मिल रहा है। इसी क्रम में शनिवार को सोशल मीडिया साइट ट्विटर पर स्वच्छ यूपी सशक्त यूपी टॉप ट्रेंडिंग में शुमार हो गया। इस हैशटैग के जरिए ट्विटर यूजर्स ने योगी सरकार द्वारा प्रदेश में स्वच्छता के लिए चलाए जा रहे तमाम अभियानों की प्रशंसा की तो प्रदेश को सशक्त बनाने के लिए बेहतर कानून व्यवस्था और इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास को भी सराहा। नतीजतन कुछ ही देर में यह हैशटैग ट्विटर के इंडिया ट्रेंड्स में नंबर एक पायदान पर पहुंच गया और 4 घंटे तक टॉप ट्रेंडिंग टॉपिक में शुमार रहा। इस दौरान स्वच्छ यूपी सशक्त यूपी को टैग करते हुए 15.2 हजार से ज्यादा ट्वीट और रिट्वीट किए गए। 31.2 हजार इंगेजमेंट के साथ इस हैशटैग ट्रेंड की पोटेंशिअल रीच का आंकड़ा 19.86 करोड़ लोगों तक रहा। सीएम ऑफिस की ओर से भी इस हैशटैग पर ट्वीट किए गए। इन ट्वीट्स में प्रदेश में स्वच्छता को लेकर चलाए जा रहे कार्यक्रमों और प्रदेश को सशक्त बनाने के लिए किए गए प्रयासों से अवगत कराया गया।

### पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

मैंने अपना नाम सुनील कुमार यादव से बदलकर सुनील यादव पुत्र राम कुमार यादव कर लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। पता – 117/132 राजा का पुरवा शास्त्री नगर कानपुर नगर।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम HUMAN SHAFIQ था जो अब बदलकर HUMA SHAFIQUE हो गया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। HUMA SHAFIQUE W/o Shafique Ahmad 17, Jhapia Bamrouli, Uparhar, Allahabad.

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम SHAFIQ AHMAD था जो अब बदलकर SHAFIQUE AHMAD हो गया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। SHAFIQUE AHMAD S/o- Wahaj Uddin 17, Jhapia Bamrouli, Uparhar, Allahabad.

**सूचना**

सूचित करते हैं कि पहले मेरा नाम शकीर इस्लाम उस्मानी था जो अब बदलकर शाकिर इस्लाम उस्मानी हो गया है। आज से मुझे शाकिर इस्लाम उस्मानी के नाम से जाना व पहचाना जायेगा। शाकिर इस्लाम उस्मानी, पुत्र मोहम्मद इल्यास, मकान नं0 सी 51, जी, टी0बी0 नगर, नियर टूटी मस्जिद करैली, प्रयागराज

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम SANJAY MISHRA था जो अब बदलकर SANJAY KUMAR MISHRA हो गया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। SANJAY KUMAR MISHRA S/o- Brahm Datt Mishra Semraha Deeha Uperhar Karchhana, Prayagraj.

**सूचना**

सूच्य हो कि मैंने अपने पुत्र प्रमोद कुमार को उसका चाल–चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब से उसके किसी भी कृत्य व लेन–देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं रहेगा। जगदीश चन्द्र पुत्र श्री राम किशुन निवासी–ग्राम बिरहिमा. पुर महमदापुर बन्नीकरैला, थाना–मानपुर, तहसील–बिसवां, जिला–सीतापुर

## कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्षों के प्रभार क्षेत्र वाले जिलों में प्रादेशिक भारत जोड़ो यात्रा की रूप रेखा तय

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बृजलाल खाबरी के निर्देश पर प्रादेशिक भारत जोड़ो यात्रा उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रांतीय अध्यक्षों के अपने–अपने प्रभार क्षेत्र के जिलों में उनके नेतृत्व में निकाली जाएगी।प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता सचिन रावत ने बताया कि राहुल गांधी द्वारा चलाई जा रही भारत जोड़ो यात्रा माह जनवरी 2023 के प्रथम सप्ताह के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश में प्रवेश कर रही है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रांतीय अध्यक्ष अपने–अपने प्रभार क्षेत्र के जनपदों में भारत जोड़ो यात्रा के प्रचार–प्रसार व समर्थन के लिए शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार प्रादेशिक भारत जोड़ो यात्रा पूर्व मंत्री नकुल दुबे के प्रभार क्षेत्र के जनपद लखनऊ से 11 दिसंबर 2022 को शुरू होगी जो 12 दिसंबर को जनपद बाराबंकी, 13 दिसंबर को जनपद श्रावस्ती, 14 दिसंबर को जनपद बलरामपुर, 15 दिसंबर को जनपद गोण्डा, 16 दिसंबर को जनपद बहराइच, 17 दिसंबर को जनपद रायबरेली, 18 दिसंबर को जनपद उन्नाव, 19 दिसंबर को जनपद लखीमपुर खीरी, 20 दिसंबर को जनपद सीतापुर से होते हुए 21 दिसंबर 2022 को जनपद हरदाई में समाप्त होगी। प्रवक्ता ने बताया कि इसी क्रम में प्रांतीय अध्यक्ष पूर्व विधायक अजय राय के प्रभार क्षेत्र के जनपद प्रयागराज से 11 दिसंबर 2022 को शुरू होने वाली प्रादेशिक भारत जोड़ो यात्रा 12 दिसंबर को जनपद कौशाम्बी, 13 दिसंबर को जनपद प्रतापगढ़, 14 दिसंबर को जनपद अमेठी, 15 दिसंबर को जनपद सुल्तापुर, 16 दिसंबर को जनपद जौनपुर, 17 दिसंबर को जनपद भदोही, 18 दिसंबर को जनपद मिर्जापुर, 19 दिसंबर को जनपद सोनभद्र, 20 दिसंबर को जनपद चन्दौली, 21 दिसंबर को जनपद गाजीपुर से होने वाली यात्रा का 22 दिसंबर 2022 को जनपद वाराणसी में समापन होगा।

## रालोद प्रत्याशी ने की आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत

**लखनऊ।** खतौली विधानसभ सीट पर हो रहे उपचुनाव में राष्ट्रीय लोक दल के प्रत्याशशी मदन गोपाल उर्फ मदन भैय्या ने निर्वाचन अधिकारी को पत्र लिखकर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह और राज्यमंत्री संजीव बलियान पर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किए जाने का आरोप लगाया है। निर्वाचन अधिकारी को लिखे पत्र में मदन भैय्या ने कहा है कि भूपेंद्र सिंह और संजीव बलियान 150 गाड़ियों के काफिले के साथ खतौली विधानसभा क्षेत्र में घूम रहे हैं। शनिवार को शाम सात बजे इन्हें ग्राम जघेंडी में देखा गया। जहां यह लोग चुनाव प्रभावित कर रहे थे। इसके बाद इनका काफिला दूसरे गांवों में चला गया। मदन भैय्या ने कहा है कि प्रचार बंद होने के बाद इनका इस तरह घूमना आचार संहिता के उल्लंघन के दायरे में आता है। उन्होंने तत्काल प्रभाव से बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष और राज्यमंत्री संजीव बलियान के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

## डेवलपर्स को रंगदारी के लिए धमकाने वाले दो ईनामी अपराधी गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**रायबरेली** के डेवलपर्स से पांच लाख की रंगदारी मांगने और न देने पर जान से मारने की धमकी देने वाले दो ईनामी अपराधियों को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए मुकेश कुमार निवासी पुरे ठकुराईन, पोस्ट जतुआटप्पा विझवन, थाना महराजगंज, रायबरेली और राघवेन्द्र सिंह उर्फ शुभम सिंह निवासी ग्राम हसनापुर, थाना हरचन्द्रपुर, रायबरेली के कब्जे से एक तमंचा और कारतूस बरामद हुए।

एसटीएफ की विभिन्न इकाइयां ईनामी अपराधियों के संबंध में छानबीन कर रहीं थीं। इस दौरान ज्ञात हुआ कि रायबरेली जिले थाना मिल एरिया पर दर्ज आईपीसी की धारा 386, 506 के मुकदमे में वांछित 25-25 हजार के पुरस्कार घोषित अपराधी मुकेश यादव व राघवेन्द्र सिंह हरदासपुर थाना क्षेत्र मिल एरिया, में मौजूद हैं और जो कही भागने की फिराक में है। इस सूचना पर एसटीएफ टीम द्वारा स्थानीय पुलिस को साथ लेकर हरदासपुर नहर पुलिया से दोनों अपराधियों गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ पर गिरफ्तार अपराधियों ने बताया कि 15 नवंबर 2022 को मेसर्स एके टाउनशीप डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के मालिक आशीष कुमार निवासी अशोक नगर, सकरा, रायबरेली को रास्ते में रोककर उन्हें पांच लाख की रंगदारी के लिए धमकाया था।


## पीडब्लूडी की दोनों कार्यदायी संस्थाओं के एमडी हटाए गए

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग की कार्यदायी संस्थाएं राजकीय निर्माण निगम और सेतु निर्माण निगम में बड़े परिवर्तन किए गए हैं। इन दोनों एजेंसियों के पुराने प्रबंध निदेशक हटाकर नए को नियुक्ति दी गई है। इसके अलावा बरेली में भी पीडब्ल्यूडी का एक बड़ा विकेट गिरा है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में मंत्री जितिन प्रसाद की ओर से और बड़े निर्णय लिए जाएंगे। जिससे विभाग में आमूलचूल परिवर्तन नजर आएंगे। जानकारी के अनुसार निर्माण निगम के एमडी संजय तिवारी और सेतु निगम के एमडी संजीव भारद्वारज को उनके पद से हटा दिया गया है। इसके अलावा बरेली के चीफ इंजीनियर एमएम निसार को हटाकर मुख्यालय से अटैच कर दिया गया है। योगेश पवार को निर्माण निगम और राकेश सिंह को निर्माण निगम का नया एमडी बनाया गया है।

# अयोध्या में बन रहे राम मंदिर तक बेहतरीन सड़कें देने जा रही योगी सरकार

**● जन्मभूमि तक जाने वाले मार्गों के चौड़ीकरण के लिए एक हजार करोड़ की परियोजनाएं स्वीकृत**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**रामनगरी** अयोध्या कभी तंग सड़कों और बदहाल रास्तों के लिए जानी जाती थी लेकिन जब से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसके कायाकल्प का संकल्प लिया है तब से अयोध्या चमक रही है। अयोध्या के रास्ते चौड़े हो चुके हैं आवागमन सुगम हो चुका है। विदेश समेत देश के विभिन्न राज्यों से आने वाले भक्तों के लिए प्रदेश सरकार ने शानदार कनेक्टिविटी प्रदान की और अब योगी सरकार का लक्ष्य यहां बन रहे भव्य राम मंदिर तक अलग-अलग स्थानों से डायरेक्ट रोड कनेक्टिविटी प्रदान करने का है। इसके तहत सरकार ने लगभग एक हजार करोड़ की परियोजनाओं को स्वीकृत किया है। इन परियोजनाओं में रोड कनेक्टिविटी के लिए भूमि अधिग्रहण, भवन और दुकान स्वामियों की पुनर्स्थापना एवं निर्माण शामिल है। इससे रामजन्मभूमि तक जाने वाले सभी रास्ते चौड़े किए जाएंगे और इनका सौंदर्यीकरण किया जाएगा ताकि भगवान राम के बाल स्वरूप का दर्शन करने आने वाले भक्तों को राममय वातावरण प्रदान किया जा सके।

श्रद्धालुओं की सहूलियत का ध्यान रखते हुए सुग्रीव किले से श्रीराम जन्म भूमि मंदिर मार्ग तक लगभग आधा किमी 0.566 किमी का फोर लेन तैयार किया जा रहा है जिसका नाम जन्म भूमि पथ रखा गया है। इसके निर्माण में जमीन खरीदने से लेकर अन्य निर्माण में 83.33 करोड़ का खर्च आ रहा है जिसको मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उच्च स्तरीय बैठक में हरी झंडी दे दी है। वहीं जमीन खरीदने के लिए 3.90 करोड़ और निर्माण कार्य के लिए 27.17 करोड़ की धनराशि जारी की जा चुकी है। वर्तमान में 39 प्रतिशत काम हो चुका है जिसमें जल निगम की ओर से सीवर-वाटर सप्लाई के लिए पाईप लाइन का काम तेजी से चल रहा है। वहीं आरसीसी नाली और यूटीलिटी डक्ट का काम भी हो रहा है। इसी तरह श्रृंगार हाट से श्री राम जन्म भूमि मंदिर मार्ग तक .742 किमी का फोर लेन तैयार किया जा रहा है। इसका मार्ग का नाम भक्ति पथ रखा गया है। इसके चौड़ीकरण के लिए जमीन खरीदने समेत अन्य निर्माण कार्य के लिए 62.79 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है जिसके सापेक्ष 32.10 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की जा चुकी है। ऐसे में निर्माण मार्ग में आने वाली 350 दुकानों का मुआवजा दिया जा चुका है। वहीं चौड़ीकरण के लिए 290 दुकानों को ध्वस्त किया जा चुका है शेष पर कार्रवाई चल रही है। यह मार्ग 13 मीटर चौड़ा किया जा रहा है जिसमें 5.50 मीटर चौड़ाई सीसी रोड की भी शामिल है। राम भक्तों को श्रीराम जन्म भूमि मंदिर तक पहुंचाने में किसी प्रकार की समस्या न हो इसके लिए सहादतगंज से नया घाट मार्ग 12.940 किमी का फोर लेन तैयार किया जा रहा है जिसका नाम राम पथ रखा गया है। इस मार्ग के चौड़ीकरण में जमीन खरीदने से लेकर अन्य निर्माण कार्य के लिए 797.69 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की जा चुकी है जिसके सापेक्ष 290 करोड़ की धनराशि जारी की जा चुकी है। राम पथ के लिए 40765 वर्ग मीटर भूमि की जरूरत है जिसके मुकाबले 4773 वर्ग मीटर भूमि का अर्जन कर लिया गया है।

**न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट,(न्यायिक)/अपर कलेक्टर, लखनऊ**
वाद संख्या–डी202210460005873
आई0डी0एफ0सी0 फर्स्ट बैंक लि0 बनाम श्री इरफान खान अर्न्तगत धारा–14, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम (सिरफेसी) 2002
तारीख पेशी–12.12.2022
संख्या: 982/रीडर–(न्यायिक)/2022 दिनांक: 21–11–2022

**नोटिस**

01– श्री इरफान खान मकान खसरा नं0 16, ग्राम कमता, वार्ड–इस्मलैगंज, लखनऊ, उ0प्र0–226028 व खसरा नं0 16 कल्याणी विहार, कमता चिनहट, लखनऊ, उ0प्र0 लैण्डमार्क प्रशान पब्लिक स्कूल व फ्रेंडस प्वांइट कैफे, शाप नं0 137, आरोही आर्केड काम्पलैक्स, मंशीपुलिया नियर मुगल बार लखनऊ, उ0प्र0।
01– श्रीमती बदरुन निशा सनातन नगर चिनहट, इण्डस्ट्रियल एरिया, चिनहट, लखनऊ, उ0प्र0 व मकान खसरा नं0 16, ग्राम कमता, वार्ड–इस्मलैगंज, लखनऊ, उ0प्र0–226028 व खसरा नं0 16 कल्याणी विहार, कमता चिनहट, लखनऊ, उ0प्र0 लैण्डमार्क प्रशान पब्लिक स्कूल लखनऊ, उ0प्र0।

एतद्द्वारा आपको नोटिस दी जाती है कि आई0डी0एफ0सी0 फर्स्ट बैंक लि0 के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में वाद पत्र प्रस्तुत करते हुये यह अवगत कराया गया है कि आपके द्वारा उक्त बैंक से लिए गए ऋण का भुगतान अभी तक अदा नहीं किया गया है।
अतः आप दिनांक 12.12.2022 को समय 10:30 बजे दिन में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर कारण स्पष्ट करें कि क्यों न वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002, की धारा–14 के अर्न्तगत कार्यवाही करते हुए बैंक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख में कथित सम्पत्ति को कब्जे में लेकर बैंक को ऋण अदायगी वसूली के सम्बन्ध में दे दी जाये। यदि आप उक्त निर्धारित दिनांक व समय पर अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित नहीं होते हैं, तो समझा जाएगा कि आपको कुछ नहीं कहना है और तद्‌नुसार नियमानुसार आदेश पारित कर दिए जाएंगे।

(गरिमा स्वरुप)
अपर जिला मजिस्ट्रेट (न्यायिक)/
अपर कलेक्टर, लखनऊ

**न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट,(न्यायिक)/अपर कलेक्टर, लखनऊ**
वाद संख्या–डी202210460005869
आई0डी0एफ0सी0 फर्स्ट बैंक लि0 बनाम मो0 सुफियान आदि। अर्न्तगत धारा–14, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम (सिरफेसी) 2002
तारीख पेशी–13.12.2022
संख्या: 980/रीडर–(न्यायिक) 2022 दिनांक: 21–11–2022

**नोटिस**

01– श्री मो0 सुफियान निवासी 401/26, अब्दुल अजीज रोड़, सआदतगंज, लखनऊ, उ0प्र0 व प्लाट नं0 25 भूमि खसरा नं0 181(एम) मुअज्जम नगर, वार्ड गढ़ी पीर खान लखनऊ, उ0प्र0 व म0नं0 429/263/005, मुअज्जम नगर, सआदतगंज, नियर अम्बर मैरिज लॉन, लखनऊ, उ0प्र0 व इरम चश्मे वाले, शॉप नं0 8, अवध अपार्टमेन्ट, ठाकुरगंज, लखनऊ, उ0प्र0।
02– श्रीमती इशरत जहाँ 401/26, अब्दुल अजीज रोड़, सआदतगंज, लखनऊ, उ0प्र0 व प्लाट नं0 25 भूमि खसरा नं0 181(एम) मुअज्जम नगर, वार्ड गढ़ी पीर खान लखनऊ, उ0प्र0 व म0नं0 429/263/005, मुअज्जम नगर, सआदतगंज, नियर अम्बर मैरिज लॉन, लखनऊ, उ0प्र0।
03– श्री मो0 उस्मान मं0नं0 429/263/005, मुअज्जम नगर, सआदतगंज, नियर अम्बर मैरिज लॉन, लखनऊ, उ0प्र0।

एतद्द्वारा आपको नोटिस दी जाती है कि आई0डी0एफ0सी0 फर्स्ट बैंक लि0 के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में वाद पत्र प्रस्तुत करते हुये यह अवगत कराया गया है कि आपके द्वारा उक्त बैंक से लिए गए ऋण का भुगतान अभी तक अदा नहीं किया गया है।
अतः आप दिनांक 13.12.2022 को समय 10:30 बजे दिन में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर कारण स्पष्ट करें कि क्यों न वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002, की धारा–14 के अर्न्तगत कार्यवाही करते हुए बैंक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख में कथित सम्पत्ति को कब्जे में लेकर बैंक को ऋण अदायगी वसूली के सम्बन्ध में दे दी जाये। यदि आप उक्त निर्धारित दिनांक व समय पर अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित नहीं होते हैं, तो समझा जाएगा कि आपको कुछ नहीं कहना है और तद्‌नुसार नियमानुसार आदेश पारित कर दिए जाएंगे।

(गरिमा स्वरुप)
अपर जिला मजिस्ट्रेट (न्यायिक)/
अपर कलेक्टर, लखनऊ

**न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट,(न्यायिक)/अपर कलेक्टर, लखनऊ**
वाद संख्या–डी202210460005868
आई0डी0एफ0सी0 फर्स्ट बैंक लि0 बनाम राकेश कुमार श्रीवास्तव अर्न्तगत धारा–14, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम (सिरफेसी) 2002
तारीख पेशी–13.12.2022
संख्या: 978/रीडर–(न्यायिक) 2022 दिनांक: 21–11–2022

**नोटिस**

01– श्री राकेश कुमार श्रीवास्तव निवासी म0नं0 647/पी–007, प्लॉट नं0 07, खसरा नं0 356, मड़ियाव परगना–महोना, तहसील बख्शी का तालाब, लखनऊ, उ0प्र0 व सहारा क्यू गोल्ड मार्ट लि0 सहारा इण्डिया भवन 1, कपूरथला काम्पलैक्स अलीगंज, लखनऊ, उ0प्र0 व 647बी/सी 15, जानकीपुरम गार्डेन, जानकीपुरम, नियर सहारा स्टेट, सहारा ग्रेस, लखनऊ, उ0प्र0 व 647बी/सी–14 जानकीपुरम गार्डेन, जानकीपुरम, लखनऊ, उ0प्र0 व ग्राम–पेपरा जमयानपुर पडरौना, कुशी नगर, गोरखपुर, उ0प्र0।
01– श्रीमती याचना श्रीवास्तव म0नं0 647/पी–007, प्लॉट नं0 07, खसरा नं0 356, मड़ियाव परगना–महोना, तहसील बख्शी का तालाब, लखनऊ, उ0प्र0 व 647बी/सी–14 जानकीपुरम गार्डेन, जानकीपुरम, लखनऊ, उ0प्र0 व 17/203, मल्हार, सहारा स्टेट जानकीपुरम, लखनऊ व ग्राम–पेपरा जमयानपुर पडरौना, कुशी नगर, गोरखपुर, उ0प्र0।

एतद्द्वारा आपको नोटिस दी जाती है कि आई0डी0एफ0सी0 फर्स्ट बैंक लि0 के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में वाद पत्र प्रस्तुत करते हुये यह अवगत कराया गया है कि आपके द्वारा उक्त बैंक से लिए गए ऋण का भुगतान अभी तक अदा नहीं किया गया है।
अतः आप दिनांक 13.12.2022 को समय 10:30 बजे दिन में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर कारण स्पष्ट करें कि क्यों न वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002, की धारा–14 के अर्न्तगत कार्यवाही करते हुए बैंक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख में कथित सम्पत्ति को कब्जे में लेकर बैंक को ऋण अदायगी वसूली के सम्बन्ध में दे दी जाये। यदि आप उक्त निर्धारित दिनांक व समय पर अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित नहीं होते हैं, तो समझा जाएगा कि आपको कुछ नहीं कहना है और तद्‌नुसार नियमानुसार आदेश पारित कर दिए जाएंगे।

(गरिमा स्वरुप)
अपर जिला मजिस्ट्रेट (न्यायिक)/
अपर कलेक्टर, लखनऊ

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: (0522) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# स्वच्छ वायु सर्वेक्षण की नेशनल रैंकिंग में अपना लखनऊ बना नं.1

● उड़ीसा के राज्यपाल ने महापौर संयुक्ता भाटिया को किया सम्मानित

● शहर सम्मान पत्र के साथ मिला 1.50 करोड़ रुपये का इनाम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**केन्द्र** सरकार द्वारा देशभर में कराए गए स्वच्छ वायु सर्वेक्षण 2022 की रैंकिंग में लखनऊ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। लखनऊ ने नेशनल क्लीन एयर सिटी कैटेगरी में बड़े आबादी वाले शहरों में सर्वोत्तम रैंकिंग प्राप्त करने पर महापौर संयुक्ता भाटिया को उड़ीसा के भुवनेश्वर में सम्मानित किया गया। साथ ही 1.5 करोड़ रुपये का पुरस्कार प्रदान करते हुए सम्मानित किया गया।

शनिवार को उड़ीसा की राजधानी भुवनेश्वर में लखनऊ को स्वच्छ वायु सर्वेक्षण 2022 की रैंकिंग में देश में नंबर 1 का स्थान हासिल किया है। यह पुरस्कार उड़ीसा के महामहिम राज्यपाल गणेशी लाल, केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री भूपेंद्र यादव, केंद्रीय पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री अश्वनी कुमार चौबे, डायरेक्टर जनरल पर्यावरण भारत सरकार चंद्र प्रकाश गोयल ने लखनऊ की महापौर संयुक्ता भाटिया और नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह को सौंपा। इस पुरुस्कार के साथ 1.5 करोड़ की धनराशि भी प्रदान की गयी है। इस अवसर पर महापौर ने बताया कि लखनऊ में पर्यवारण की सेहत सुधारन के लिए विगत 5 वर्षों से ही प्रयासरत थी। वायु को गुणवत्ता सुधारने के लिए ही महापौर ने लालबाग स्थित नगर निगम मुख्यालय के सामने कृतिम फेफड़ों को लगवाया था ताकि वायु की गुणवत्ता को जाँचा जा सके। इसके बाद महापौर द्वारा वायु गुणवत्ता सुधार के लिए काम करने के लिए संसाधनो को जुटाने में 9 रोड स्वीपिंग मशीनें, 8 एन्टी स्मोक गन, 40 वाटर स्प्रिंकल मशीनों को 15वें वित्त आयोग से खरीदे गए। साथ ही अटल उदय वन व अन्य कई वाटिकाओं का निर्माण कराकर स्थानों पर लाखों पौधे भी लगाए गए। महापौर द्वारा विगत 5 वर्षों में 1500 से ज्यादा पार्कों का सौंदर्यकरण और ग्रीनरी भी कराई गयी। इसके अतिरिक्त महापौर द्वारा वायु गुणवत्ता में सबसे प्रमुख कार्य शहर के अलग अलग 6 स्थानों पर एयर क्वालिटी मोंटरिंग स्टेशन का निर्माण कराया गया, जिससे एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) की हर समय निगरानी हो रही है, जिसे स्मार्ट सिटी के कंट्रोल रूम से कनेक्ट किया गया है। एक्यूआई में सुधार लाने के लिए महापौर द्वारा 20 करोड़ की लागत से शहर में 22 स्थानों पर एयर प्यूरीफायर लगाए गए है जो एयर क्वालिटी में लगातार सुधार कर रहे है। वास्तव में लखनऊ की देशभर में नं 1 रैंकिंग विगत 5 वर्षों में महापौर द्वारा किये गए इन्ही कार्यों की देन है। जहाँ स्वच्छता सर्वेक्षण में लखनऊ ने विगत 5 वर्षों के 269वें पायदान से 17वाँ स्थान हासिल किया। वही स्वच्छ वायु सर्वेक्षण 2022 में प्रथम स्थान हासिल कर रिकॉर्ड बनाया।

# कोहरे के दृष्टिगत बसों में सुरक्षा के मानक दुरुस्त रखे जाएं: दयाशंकर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● सुरक्षित परिवहन व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए जाड़े में विशेष अभियान चलाने के मंत्री ने दिए निर्देश

**प्रदेश** के परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने निर्देश दिए है कि यात्रियों को सुरक्षित परिवहन व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए शरद ऋ तु में कोहरे के दृष्टिगत नियंत्रित, सुरक्षित बसों के संचालन के लिए एक विशेष अभियान चलाया जाए, जिसमें बसों में निर्धारित क्वालिटी के रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगे हुए हों, सभी बसों की विद्युत वायरिंग की दशा ठीक हो, हेडलाइट, बैक लाइट, टेल लाइट, साइड इन्डीक्टर लाइट एवं हार्न सही दशा में कार्यरत हो। सिंह ने कहा है कि सभी बसों में आलवेदर बल्ब लगे हुए हो एवं कार्यरत हों। सभी बसो में वाइपर सही दशा में कार्य कर रहे हों एवं बसों के वाइपर आगे ब्लेड की लम्बाई सही हो शीशा भली-भांति साफ रहे, सभी बसों के सभी खिड़कियों पर शीशे सही दशा एवं सही साइज के लगे हो तथा शीशे बंद करने एवं खोलने पर यात्रियों को असुविधा का सामना न करना पड़े। दयाशंकर ने कहा कि सुरक्षित बस संचालन के लिए वाहनों में एसएलडी अवश्य कार्यरत हो, रियर व्यू मिरर लगा हो तथा स्टेयरिंग एवं ब्रेक सिस्टम का विशेष रूप से ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि बसों के आउटशेडिंग के समय एवं मार्ग के अन्य स्टेशनों पर चालकों को कोहरे में सुरक्षित संचालन के लिए सावधान रहने के वास्ते जागरूक किया जाए। ऐसे बस स्टेशन जहां पर पूरी रात बसों का आवागमन होता है, रात्रि पाली के लिए सुपरवाइजर की तैनाती की जाए, जिन्हें कोहरे की स्थिति के दृष्टिगत बसों का संचालन यथावश्यक स्थगित अथवा विलम्बित करने के लिए अधिकृत किया जाए।

# कोऑपरेटिव बैंक मुख्यालय में लगी आग मंत्री ने किया घटनास्थल का निरीक्षण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● आग लगने से कोई नुकसान नहीं, सभी अभिलेख सुरक्षित: जेपीएस राठौर

**उत्तर प्रदेश** कोऑपरेटिव बैंक के हजरतगंज स्थित मुख्यालय के आठवें तल पर एक कमरे में शनिवार को आग लग गई। फायर बिग्रेड की गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। बिजली के शार्ट सर्किट को अग्निकांड की वजह माना जा रहा है। अग्निकांड की सूचना मिलते ही प्रदेश के सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने तुरंत घटनास्थल पहुंचकर निरीक्षण किया और आग लगने की जानकारी हासिल की।

निरीक्षण के बाद राठौर ने बताया कि बैंक मुख्यालय के आठवें तल पर पूर्वान्ह 9.30 बजे वाउचर्स कक्ष में ट्यूबलाइट में हुई शॉर्ट सर्किट से आग लग गई थी, जिसे अग्निशमन विभाग के सहयोग से शीघ्र बुझा दिया गया। उन्होंने बताया कि इस घटना से वाउचर्स कक्ष में रखे कुछ पुराने निस्प्रयोज्य बाउचर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। शेष बैंक के सभी कंप्यूटर, डाटा, सर्वर तथा अन्य अभिलेख इत्यादि पूरी तरह से सुरक्षित है।

राठौर ने बताया कि बाउचर्स कक्ष में एक ट्यूबलाइट में शॉर्ट सर्किट होने से आग लगी थी जिसे सहायक, सामान्य अनुभाग गजेंद्र पाठक द्वारा देखा गया तथा तत्काल उच्च अधिकारियों एवं अग्निशमन विभाग को सूचित किया गया। उन्होंने बताया कि गजेंद्र पाठक बैंक मुख्यालय में कार्यालय प्रारंभ होने से पूर्व सभी तल के मुख्य द्वार खुलवाने एवं सफाई करवाने के लिए गए थे तभी पाठक ने देखा कि तब संख्या आठ के वाउचर्स कक्ष में धुआ निकल रहा था। धुए को देखकर बैंक के सहयोगी, सुरक्षा गार्ड आदि द्वारा उक्त कमरे का ताला तोड़ा गया तथा बैंक में उपलब्ध फ ायर इक्स्टीगुशर का प्रयोग करते हुए आग बुझाना प्रारंभ किया गया तथा तत्काल अग्निशमन विभाग को सूचित किया गया।

# लिफ्ट देने के बहाने चौकीदार के तीस हजार उड़ा ले गए कार सवार

**मोहनलालगंज।** लिफ्ट देने के बहाने कार सवारों ने मोहनलालगंज में चौकीदार की जेब से हजारों रुपये उड़ा लिए। पीड़ित चौकीदार की शिकायत पर पुलिस ने एफ्आईआर दर्ज आरोपियों की तलाश शुरु कर दी है। निगोहां के नया खेड़ा निवासी सर्वेश कुमार गांव के चौकीदार हैं। शुक्रवार को सर्वेश खेतों में लगाने के लिए पिलर खरीदने मोहनलालगंज आए थे। सर्वेश के मुताबिक शाम को मोहनलालगंज कस्बे में मौरावां मोड़ पर टैक्सी का इंतजार कर रहे थे। तभी लखनऊ की ओर से आई कार सवार तीन लोगों ने उनके पास गाड़ी रोंक दी। फ्रि लिफ्ट देने के बहाने उन्हें आगे की सीट पर बैठा लिया। फ्रि बहाना बताकर कार सवार लोग सर्वेश को मोहनलालगंज ब्लाक के सामने उतारकर चले गए। कुछ देर बाद सर्वेश ने जेब में हाथ डाला तो उसमें रखे 30 हजार रुपये गायब मिले। इंस्पेक्टर कुलदीप दूबे ने बताया पीड़ित चौकीदार की शिकायत पर एफ्आईआर दर्ज कर कार सवारों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

## छात्राओं से छेड़छाड़ पर शोहदों पर केस दर्ज

**मोहनलालगंज।** कालेज से घर लौट रही छात्राओं को सूनसान रास्ते में रोंककर बाइक सवार शोहदे छेड़छाड़ करने लगे। विरोध पर शोहदे छात्राओं को धमकाते हुए भाग निकले। छात्राओं की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी है। नगराम इलाके की दो छात्राएं शुक्रवार को कालेज की छुट्टी के बाद साइकिल से वापस घर लौट रही थीं। छात्राओं का आरोप है कि रास्ते में बाइक सवार दो शोहदों ने उन्हें सूनसान रास्ते में जबरन रोंककर छेड़छाड़ शुरु कर दी। शोर मचाने पर शोहदे उन्हें धमकाते हुए भाग निकले। इंस्पेक्टर कुलदीप दूबे ने बताया पीड़ित छात्राओं की शिकायत पर एफ्आईआर दर्ज कर ली गई है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# एलडीए वीसी ने अधिष्ठान का निरीक्षण कर फाइलों को व्यवस्थित करने के दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अधिष्ठान,** स्टोर और रिकार्ड अनुभाग का एलडीए वीसी द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वीसी द्वारा फ ाइलों पर नम्बरिंग करते हुए योजना वार अलग.अलग डिब्बों में व्यवस्थित तरीके से रखने के निर्देश दिये। इसके बाद उन्होंने अधिष्ठान अनुभाग का निरीक्षण किया गया है।



शनिवार को एलडीए के उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने शनिवार को अधिष्ठान, स्टोर व रिकॉर्ड अनुभाग का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को साफसफ ाई, फ र्नीचर व फ्इलों के रख-रखाव के सम्बंध में दिशा-निर्देश दिये। विशेष कार्याधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि उपाध्यक्ष द्वारा सर्वप्रथम रिकॉर्ड अनुभाग का निरीक्षण किया गया। इसमें उन्होंने फ ाइलों पर नम्बरिंग करते हुए योजना वार अलग.अलग डिब्बों में व्यवस्थित तरीके से रखने के निर्देश दिये। इसके बाद उन्होंने अधिष्ठान अनुभाग का निरीक्षण किया, जिसमें उनके द्वारा साफ सफ ाई की व्यवस्था पर असंतोष प्रकट किया गया। उन्होंने तत्काल परिसर की सफाई करवाने और फ ाइलों को कम्प्यूटर पर फ ीड करने के सम्बंध में निर्देशित किया। वहीं, स्टोर के निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष ने निर्देशित किया कि निष्प्रयोज्य वस्तुओं की सूची बनाकर इन्हें नियमानुसार निस्तारित कराया जाए। इस अवसर पर उप सचिव माधवेश कुमार व सम्बंधित अनुभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# चौराहे का नामकरण डॉ. राजेंद्र प्रसाद चौक करने की मांग सीएम से की गई

**लखनऊ।** सचिवालय के कर्मचारी नेता और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के सुपुत्र अखिलेश कुमार श्रीवास्तव ने महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कानून विद संविधान सभा के अध्यक्ष और स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद की 138वां जयंती पर शहीद पथ स्थित अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के पास के चौराहे का नामकरण डॉ राजेंद्र प्रसाद चौक करने की मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर मांग की है। सचिवालय के कर्मचारी नेता श्रीवास्तव ने बताया कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद चौक नामकरण के लिए प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने लखनऊ विकास प्राधिकरण को प्रस्ताव पारित कर नामकरण करने के लिए दो बार पत्र लिख चुके हैं। श्रीवास्तव का कहना है कि कितने अफ्सोस की बात है कि महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, संविधान सभा के अध्यक्ष और स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद जिनकी सादगी और सज्जनता की मिसाल दी जाती है और जन जन मे लोकप्रिय है, लखनऊ विकास प्राधिकरण ने उक्त प्रस्ताव मुख्यमंत्री के समक्ष आज तक प्रस्तुत नहीं किया है।

# होटल लेवाना अग्निकांड मामले में निरुद्ध मुल्जिमों की जमानत याचिका मंजूर

विधि संवाददाता। लखनऊ

**होटल** लेवाना सूइट्स अग्निकांड मामले में निरुद्ध मुल्जिम रोहित अग्रवालए राहुल अग्रवाल व सागर श्रीवास्तव की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने मंजूर कर लिया है। पीठ ने इस तथ्य पर कुछ हद तक सहमति व्यक्त की है कि मुल्जिमों पर गैर इरादतन हत्या का आरोप बनाए रखना अभियोजन के लिए कठिन है। हालांकि यह भी स्पष्ट किया है कि इस मसले पर विचारण अदालत को निर्णय करना है। जस्टिस दिनेश कुमार सिंह की एकल पीठ ने यह आदेश मुल्जिमो की ओर से अलग अलग दाखिल जमानत याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई के पश्चात दिया है। बीते पांच सितंबर की सुबह होटल लेवाना में आग लग गई थी। इस आगलगी में चार लोगों की मौत हो गई थी। जबकि सात लोग गंभीर रुप से घायल हुए थे। इस मामले में मुल्जिमों के विरुद्ध गैरइरादतन हत्या के मामले में एफआईआर दर्ज हुई थी। विवेचना के दौरान इन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया था। याचिकाकर्ताओं की ओर से खुद को निर्दोष बताते हुए तर्क दिया गया था कि यह मामला दुर्घटना का है। जबकि उनके खिलाफ गैर इरादतन हत्या के आरोप में एफ्आईआर लिखा दी गई है।

## सात साल का कठिन कारावास

विधि संवाददाता। लखनऊ

**पॉक्सो** के विशेष जज मयंक त्रिपाठी ने चार साल के बच्चे के साथ अप्राकृतिक कृत्य करने के आरोप में दोषी करार दिए गए मुल्जिम राज प्रकाश सोनी को सात साल के कठिन कारावास की सजा सुनाई है। उन्होंने इस पर पांच हजार का जुर्माना भी ठोंका है। सरकारी वकील अशोक श्रीवास्तव के मुताबिक इस मामले की एफआईआर पीड़ित के पिता ने थाना गाजीपुर में दर्ज कराई थी।

## तिहाड़ जेल में निरुद्ध मुल्जिम सोहराब की जमानत अर्जी खारिज

**लखनऊ (विधि संवाददाता)।** भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के विशेष जज अजय श्रीवास्तव ने तिहाड़ जेल से फ्रोन पर वसूली की धमकी देने के एक आपराधिक मामले में मुल्जिम सोहराब की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। उन्होंने प्रथम दृष्टया इसके अपराध को गंभीर करार दिया है। कहा है कि मुल्जिम एक बहुचर्चित माफिया गिरोह का सक्रिय सदस्य है। इसका लंबा आपराधिक इतिहास भी है। एक फरवरी 2022 को इस मामले की एफ्आईआर अवधेश कुमार ने थाना ठाकुरगंज में दर्ज कराई थी। सरकारी वकील मनीष रावत के मुताबिक उनके मोबाइल फ्रोन पर लगातार कॉल आ रही थी। जिस पर तिहाड़ सलीम लिखकर आ रहा था। कॉल करने वाले ने अपना नाम रुस्तम बताया। कहा कि बहुत ज्यादा गर्मी व चर्बी है। बहुत रुपया कमा लिया है। कल हमारे मिलने वाले तौहीद भाई आएगें। जो बोलेंगे उनका काम कर देना। उनके मिलने वाले का हरदोई रोड पर एक प्लाट हैए उस पर कब्जा कराने में जो भी जरुरत होए हर तरह से मदद व सहयोग करना। यदि किसी प्रकार की आना.कानी तो तुम्हारी खैर नहीं।

# सफाई चौकी पर हुआ बवाल, पार्षद ने लगाया अभद्रता का आरोप

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**इंदिरानगर** में आम्रपाली मार्के ट के पास के भगत सिंह चौक पर स्थापित सफाई चौकी को लेकर क्षेत्रीय पार्षद द्वारा अधिशाषी अभियंता के बीच कहासुनी हो गयी। नाराज पार्षद ने अभ्रदता करने का आरोप लगाया गया है। पार्षद द्वारा पत्र लिखकर नगर आयुक्त से कार्रवाई की मांग की गयी है। हालांकि सफाई चौकी को लगाने के निर्णय का पार्षद द्वारा प्रशंसा की गयी है। वहीं नगर अभियंता द्वारा पार्षद के आरोप को निराधार बताया है।

शनिवार को मैथिलीशरणगुप्त वार्ड के भाजपा पार्षद दिलीप श्रीवास्तव ने नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह को पत्र लिखकर व फोन पर वार्ता कर जोन 7 के नगर अभियंता (अधिशासी अभियंता) पुनीत ओझा के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। उन्होंने पत्र में बताया कि पुनीत ओझा ने कहा फोन पर असभ्य तरीके से वार्ता करते हुए अभद्रता का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के अधिकारी जब जनप्रतिनिधि से इस तरह वार्ता करते हैं तो जनता से इनका संवाद कैसा होगा। पार्षद के अनुसार मैथिलीशरण गुप्त वार्ड में भगत सिंह चौक, ब्लॉक इंदिरा नगर निकट आंख का अस्पताल लखनऊ में कूड़ा पड़ाव घर समाप्त कर सफ्इ चौकी बनाई जा रही है, जो कि नगर निगम का प्रशंसनीय कार्य है। कूड़ा पड़ाव घर को समाप्त करना सराहनीय कदम है। सफ ाई चौकी लोहे की बनाई जा रही है, जबकि विद्युत ट्रांसफ ार्मर पास ही है। वहीं पर हाईटेंशन तार गए हुए हैं। सफ्इ चौकी की ऊंचाई इतनी ज्यादा थी कि उससे हाईटेंशन तार अगर छूते तो कभी भी कोई हादसा हो सकता था।

## पार्षद सफाई चौकी पर बना रहे थे दबाव

**नगर** अभियंता पुनीत ओझा ने पार्षद के आरोप को निराधार बताते हुए जबरन दबाव बनाने की बात कही। उन्होंने बताया सफाई चौकी नगर विकास मंत्री के निर्देश पर चलाये जा रहे अभियान के तहत स्थापित की गयी है। सफाई चौकी पर पार्षद द्वारा आपत्ति जताई गयी थी, जबकि यह पूर्व निर्धारित मानक के अनुरूप उच्चाधिकारियों के आदेश पर चौकी स्थापित की गयी है। इस प्रकरण से नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह को अवगत करा दिया गया है।

# सड़क निर्माण एजेंसियों के साथ पीडब्ल्यूडी एक सप्ताह का अभियान चलाए: दुर्गा शंकर मिश्र

● मुख्य सचिव की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा संबंधित कोष प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित, कई अहम प्रस्तावों पर को मिली मंजूरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश के** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा के संबंध में गठित कोष प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कई अहम प्रस्तावों पर अनुमोदन प्रदान किया गया। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने कहा कि पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा सड़क निर्माण एजेंसियों के साथ एक सप्ताह का अभियान चलाया जाये। अभियान के दौरान सड़कों पर साइनेज, ट्रैफिक कांबिंग मेजर्स, लेन मार्किंग, जेब्रा क्रॉसिंग, स्पीड लिमिट के साइनेज का मौके पर सत्यापन कर रिपोर्ट तैयार करें, जिसके आधार पर सुधार की कार्यवाही की जाये। सड़कों के किनारे अवैध ढाबा के संचालन के लिए रेगुलेशन पॉलिसी बनाएं। उन्होंने कहा कि नगर निकायों में जेब्रा क्रासिंग, यातायात संकेतक बोर्ड व मार्गों पर प्रकाश की व्यवस्था की जाये। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिये सभी जिलों में चिन्हित ब्लैक स्पॉट तथा मरम्मत योग्य अथवा पुनर्निर्माण योग्य संकीर्ण पुलों के सुधारीकरण के कार्य में तेजी लायी जाये।

मुख्य सचिव ने कहा कि समाचार पत्रों, सोशल मीडिया एवं रेडियो चैनल आदि विभिन्न प्रचार माध्यमों से लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाये। इसके अलावा त्रैमासिक सड़क सुरक्षा सप्ताह के अन्तर्गत प्रदेश के समस्त शिक्षण संस्थानों में पोस्टर, निबंध, भाषण, रंगोली, डिजिटल कोलाज, क्विज के माध्यम से जागरूक करें। यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिये एनसीसी कैडट्स, एनएसएस, स्काउट गाइड्स, रेंजर रोवरस आदि स्वयंसेवी संस्थाओं का भी सहयोग लिया जा सकता है।

बैठक में यूपीएसआरटीसी की 10 हजार बसों में रेट्रोरेफ्लेक्टिव टेप एवं 12 पब्लिसिटी वैन में आउटडोर एलईडी स्क्रीन लगाने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त ड्रंकन ड्राइविंग के प्रभावी प्रवर्तन के लिए 116 प्रवर्तन दल के लिए प्रति दल ब्रेथ एनालाइजर तथा 19 संभागों में प्रति संभाग 02 इण्टरसेप्टर ब्रेथ एनालाइजर एवं स्पीड लेजर गन सहित क्रय करने के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया। इसके अलावा वर्ष 2022-23 के लिए यातायात निदेशालय के लिए ब्रेथ एनालाइजर विद प्रिंटर, स्मार्ट फोन, बैरियर आयरन, फोल्डिंग बैरियर आयरन, फ्लोरोसेण्ट सेफ्टी जैकेट, सोलर डेलीनेटर, रेनकोट, हेल्मेट, मास्क, स्प्रिंग पोस्ट क्रय करने के लिये 8 करोड़ 50 लाख रुपये के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त प्रशिक्षण एवं यातायात नियमों के प्रचार-प्रसार, जनपदों में यातायात नियमों के प्रचार-प्रसार के लिए रिफ्लेक्टिव साइनेज बोर्ड, मोबाइल में इंटरनेट की व्यवस्था, यातायात उपकरणों की एएमएसीए ई-चालान व्यवस्था के संचालन के लिए पेपर, कार्टेज व अन्य के लिए ढाई करोड़ रुपये के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई। बैठक में प्रमुख सचिव परिवहन एल वेंकटेश्वर लू, प्रमुख सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य पार्थ सारथी सेन शर्मा, एडीजी ट्रैफिक एवं रोड सेफ्टी अनुपम कुलश्रेष्ठ, सचिव लोक निर्माण अजय चौहान सहित वरिष्ठ अधिकारीगण आदि उपस्थित थे।

## मुख्य सचिव ने सेक्टर प्रभारियों व डेलाइट के प्रतिनिधियों के साथ की समीक्षा

**लखनऊ।** मुख्य सचिव की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर बनाने के लिए कार्य कर रहे 10 सेक्टोरियल हेड्स एवं डेलाइट के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान सेक्टर प्रभारियों ने अपने संबंधित क्षेत्रों में प्राप्त प्रगति की स्थिति और उनके प्रारंभिक निष्कर्षों को प्रस्तुत किया। मुख्य सचिव ने टीम द्वारा अब तक किए गए कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि तेज गति और उच्च स्तर के विकास को प्राप्त करने के लिए कार्य योजना और रोडमैप बनाने की दिशा में अधिक ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है। उन्होंने मल्टी-फंक्शनल टीम बनाने पर भी जोर देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य ने 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का साहसिक लक्ष्य लिया है और इस विशाल लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए लीक से हटकर कार्य करने की जरूरत है। सभी सेक्टोरियल हेड्स डेलाइट के प्रतिनिधियों के साथ सामंजस्य स्थापित करते हुये अर्थव्यवस्था को गति देने का कार्य करें। बैठक में मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी, मुख्यमंत्री के शिक्षा सलाहकार प्रो डीपी सिंह, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त अरविन्द कुमार, अपर मुख्य सचिव खेलकूद नवनीत कुमार सहगल, अपर मुख्य सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक डॉ देवेश चतुर्वेदी, प्रमुख सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य आलोक कुमार, प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा दीपक कुमार, प्रमुख सचिव आवास नितिन रमेश गोकर्ण, सचिव नियोजन आलोक कुमार, कमिश्नर लखनऊ एवं सचिव खनन रोशन जैकब सहित सम्बन्धित विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण आदि उपस्थित थ, जिन्हें इस अभ्यास के विभिन्न पहलुओं के लिए सेक्टर प्रभारी बनाया गया है।

**न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट,(न्यायिक)/अपर कलेक्टर, लखनऊ**

वाद संख्या-डी202210460005844

आई0डी0एफ0सी0 फर्स्ट बैंक लि0 बनाम सलीम अहमद अर्न्तगत धारा-14, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम (सरफेसी) 2002

तारीख पेशी-12.12.2022

संख्या: 979/रीडर-(न्यायिक)/2022 दिनांक: 21-11-2022

**नोटिस**

01- श्री सलीम अहमद निवासी प्रपर्टी प्लॉट नं0 3, सिकरोही, लखनऊ, उ0प्र0 व 999/199 हरदोई रोड़, सिकरोही, लखनऊ, उ0प्र0।

02- श्रीमती शनीश खातून प्रापर्टी प्लॉट नं0 3, सिकरोही, लखनऊ, उ0प्र0 व 999/199 हरदोई रोड़, सिकरोही, लखनऊ, उ0प्र0।

एतद्द्वारा आपको नोटिस दी जाती है कि आई0डी0एफ0सी0 फर्स्ट बैंक लि0 के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में वाद पत्र प्रस्तुत करते हुये यह अवगत कराया गया है कि आपके द्वारा उक्त बैंक से लिए गए ऋण का भुगतान अभी तक अदा नहीं किया गया है।

अतः आप दिनांक 12.12.2022 को समय 10:30 बजे दिन में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर कारण स्पष्ट करें कि क्यों न वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002, की धारा-14 के अर्न्तगत कार्यवाही करते हुए बैंक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख में कथित सम्पत्ति को कब्जे में लेकर बैंक को ऋण अदायगी वसूली के सम्बन्ध में दे दी जाये। यदि आप उक्त निर्धारित दिनांक व समय पर अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित नहीं होते हैं, तो समझा जाएगा कि आपको कुछ नहीं कहना है और तदानुसार नियमानुसार आदेश पारित कर दिए जाएंगे।

(गरिमा स्वरुप)
अपर जिला मजिस्ट्रेट (न्यायिक)/
अपर कलेक्टर, लखनऊ

**न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट/अपर जिलाधिकारी (वि0 एवं रा0) लखनऊ।**

संख्या-229/पेशकार/2022 दिनांक: 26-11-2022

वाद संख्या-डी 202210460005143

**नोटिस**

01- कृष्ण कुमार तिवारी, भूखण्ड खसरा संख्या – 1076 एवं 1978, कनौसी वार्ड, केसरी खेड़ा, लखनऊ अन्य मकान नम्बर-1076, इन्द्रिपुरी, थाना मानक नगर, लखनऊ अन्य-370, न्यू इन्द्रपुरी, मानस नगर भोला खेड़ा, लखनऊ।

02- श्री मति अर्चना तिवारी, भूखण्ड खसरा संख्या – 1076 एवं 1978, कनौसी वार्ड, केसरी खेड़ा, लखनऊ अन्य मकान नम्बर-1076, इन्द्रिपुरी, थाना मानक नगर, लखनऊ अन्य-370, न्यू इन्द्रपुरी, मानस नगर भोला खेड़ा, लखनऊ।

एतद्द्वारा आपको नोटिस दी जाती है कि आई0डी0एफ0सी0 फर्स्ट बैंक लि0, रजिस्टर्ड आफिस के0आर0एम0 टावर्स, 7 फलोर नम्बर 1, हरिंगटन रोड, चेटपट, चेन्नई एवं ब्रांस आफिस 5 फलोर, 9ए द्वितीय तल, रोहताश पण्डित हाउस हजरतगंज, शाहनजफ रोड़, लखनऊ द्वारा अधिकृत अधिकारी श्री शशि शेखर तिवारी द्वारा अधोहस्ताक्षरी के न्यायलाय में याचिका प्रस्तुत करते हुए यह अवगत कराया गया है कि आपके द्वारा उक्त बैंक से लिए गए ऋण का भुगतान अभी तक अदा नहीं किया गया है।

अतः आप दिनांक **06.12.2022 को समय 12:00 बजे** दिन में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर कारण स्पष्ट करें कि क्यों न वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002, की धारा-14 के अर्न्तगत कार्यवाही करते हुए बैंक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख में कथित सम्पत्ति को कब्जे में लेकर बैंक को ऋण अदायगी वसूली के सम्बन्ध में दे दी जाये। यदि आप उक्त निर्धारित दिनांक व समय पर अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित नहीं होते हैं, तो समझा जाएगा कि आपको कुछ नहीं कहना है और तदानुसार नियमानुसार आदेश पारित कर दिए जाएंगे।

(हिमांशु कुमार गुप्ता)
अपर जिला मजिस्ट्रेट /अपर जिलाधिकारी (वि0 एवं रा0)
लखनऊ

**न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट,(न्यायिक)/अपर कलेक्टर, लखनऊ**

वाद संख्या-डी202210460005870

आई0डी0एफ0सी0 फर्स्ट बैंक लि0 बनाम जफरुल इस्लाम वारसी आदि। अर्न्तगत धारा-14, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम (सरफेसी) 2002

तारीख पेशी-12.12.2022

संख्या: 981/रीडर-(न्यायिक) 2022 दिनांक: 21-11-2022

**नोटिस**

01- जफरुल इस्लाम वारसी निवासी हाउस मुनिसिपल नं0 615/पी-07, प्लाट नं0 7, खसरा नं0 109 का भाग, ग्राम नौबस्ता कलां, लखनऊ, उ0प्र0 व ई-12 सेक्टर-4, अलीगंज, लखनऊ, उ0प्र0 व यशस्वी एकेडमी फार स्किल (एएसडीसी) (बोश लिमिटेड) सीपी-138, विराज खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, उ0प्र0

02- जावेद अनवर हाउस मुनिसिपल नं0 615/पी-07, प्लाट नं0 7, खसरा नं0 109 का भाग, ग्राम नौबस्ता कलां, लखनऊ, उ0प्र0 व ई-12 सेक्टर-4, अलीगंज, लखनऊ, उ0प्र0

एतद्द्वारा आपको नोटिस दी जाती है कि आई0डी0एफ0सी0 फर्स्ट बैंक लि0 के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में वाद पत्र प्रस्तुत करते हुये यह अवगत कराया गया है कि आपके द्वारा उक्त बैंक से लिए गए ऋण का भुगतान अभी तक अदा नहीं किया गया है।

अतः आप दिनांक 12.12.2022 को समय 10:30 बजे दिन में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर कारण स्पष्ट करें कि क्यों न वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002, की धारा-14 के अर्न्तगत कार्यवाही करते हुए बैंक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख में कथित सम्पत्ति को कब्जे में लेकर बैंक को ऋण अदायगी वसूली के सम्बन्ध में दे दी जाये। यदि आप उक्त निर्धारित दिनांक व समय पर अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित नहीं होते हैं, तो समझा जाएगा कि आपको कुछ नहीं कहना है और तदानुसार नियमानुसार आदेश पारित कर दिए जाएंगे।

(गरिमा स्वरुप)
अपर जिला मजिस्ट्रेट (न्यायिक)/
अपर कलेक्टर, लखनऊ

# दिव्यांगों को मुख्य धारा से जोड़कर दिलायेंगे सम्मानः नरेन्द्र कश्यप

● विश्व दिव्यांग दिवस पर दिव्यांगजनों को दिया गया राज्य स्तरीय पुरस्कार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में दिव्यांगजनों के जीवन को खुशहाल बनाने के अनेक प्रयास किये जा रहे है। उनको प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा प्रदान की जा रही है। दिव्यांगजनों को उच्च शिक्षा प्रदान करने में डॉ शकुन्तला मिश्रा पुनर्वास विश्वविद्यालय लखनऊ अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। प्रदेश सरकार प्रत्येक दिव्यांगजन को शिक्षित एवं स्वावलम्बी बनाने पर जोर दे रही है। उसकी योजनाओं का लाभ पात्र दिव्यांगजनों को ही मिले इसके लिए यूआईडी कार्ड तथा आधार सीडिंग का कार्य किया जा रहा है। सरकारी भवनों एवं संस्थाओं को दिव्यांगजनों के लिए सुगम बनाया जा रहा है। उक्त बातें प्रदेश के दिव्यांगजन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने विश्व दिव्यांग दिवस पर दिव्यांगजनों को राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह में कही।

दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान करने वाले कुल 23 व्यक्तियों व संस्थाओं के साथ शैक्षणिक वर्ष 2021-2022 में हाईस्कूल में 80 एवं इण्टरमीडिएट में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 34 विद्यार्थियों को दिव्यांगता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। डॉ शकुन्तला मिश्रा पुनर्वास विश्वविद्यालय लखनऊ के अटल आडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में दिव्यांगजन सशक्तीकरण मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने मुख्य अतिथि के रूप में अपने विचार अभिव्यक्त करते हुए कहा कि दिव्यांग पेंशन योजना के अन्तर्गत दिव्यांगजनों को भरण-पोषण अनुदान 300 रुपये से बढ़ाकर 1000 रुपये प्रतिमाह दिया जा रहा है। प्रदेश सरकार शीघ्र ही भरण पोषण अनुदान की धनराशि बढ़ाने पर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों की बाधा या मुश्किल को दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा निरन्तर दूर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दिव्यांग जन अपनी प्रतिभा का इसी तरह प्रदर्शन करते रहें, जिससे हर क्षेत्र में वे अपना नाम रोशन कर सकें। उन्होंने दिव्यांगजनों द्वारा दिव्यांग दिवस पर बनाये गये स्टॉलों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार दिव्यांगजनों के हितों के लिए हमेशा तत्पर तथा दिव्यांगजनों के पुनर्वास के लिए संकल्पबद्ध है। सरकार की योजनाओं को दिव्यांगजनों तक पहुंचाने के लिए दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग एक सेतु का काम कर रहा है।

दिव्यांगजन मंत्री ने कहा कि कुष्ठावस्था पेंशन योजना के अन्तर्गत प्रतिमाह 3000 रूपये दिये जा रहे हैं। दिव्यांजनों को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजना तथा निःशुल्क मोटराइज्ड ट्राई साइकिल उपलब्ध कराने की योजना संचालित है। उ प्र सरकार दिव्यांगजनों से शादी करने पर पुरस्कार राशि तथा दिव्यांगजनों को स्वावलम्बी बनाने के लिए दुकान निर्माण व संचालन योजना के अन्तर्गत अपनी खुद की दुकान चलाने के लिए राशि उपलब्ध कराती है एवं दिव्यांगता निवारण के लिए शल्य चिकित्या योजना के अन्तर्गत श्रवणवाधित बच्चों के कॉक्लियर इम्प्लान्ट के लिए 6 लाख रूपये का अनुदान की व्यवस्था भी है। उ प्र राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों में दिव्यांगजनों को निःशुल्क बस यात्रा की सुविधा प्रदान की जा रही है। मंत्री ने कहा कि दिव्यांगजन को सहयोग के लिए राज्यनिधि की व्यवस्था की गयी है। दिव्यांगजन के लिए विशेष विद्यालय ममता, स्पर्श, संकेत, प्रयास का संचालन किया जा रहा है तथा बचपन डे केयर सेन्टर व दिव्यांगजनों को सामान्य धारा में लाने के लिए समेकित विशेष माध्यमिक विद्यालयों की स्थापना व विश्वस्तरीय डॉ शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ का संचालन किया जा रहा है। प्रदेश के लिए यह हर्ष का विषय है कि दिव्यांगजनों को खेल के प्रति बढ़ावा देने के लिए यहां अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का इण्डोर स्टेडियम भी उपलब्ध हैं।

अपर मुख्य सचिव दिव्यांगजन हेमन्त राव द्वारा कार्यक्रम में आये विशिष्ट अतिथियों का स्वागत सम्बोधन किया तथा विभाग द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन निदेशक सत्य प्रकाश पटेल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ शकुन्तला मिश्रा पुनर्वास विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर डॉ राणा कृष्ण पाल सिंह, विशेष सचिव एव राज्य आयुक्त दिव्यांगजन अजीत कुमार सहित अन्य अधिकारीगण तथा दिव्यांगजन छात्र-छात्राएं एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## क्षेत्रीय प्रबंधक गाजियाबाद राकेश झा निलम्बित यूपीसीडा मुख्यालय से किए गए सम्बद्ध

● हापुड़ की फैक्ट्री में हुए विस्फोट में 13 श्रमिकों की मौत के मामले में लापरवाही पर हुई कार्रवाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने शनिवार को यूपीएसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र गाजियाबाद के क्षेत्रीय प्रबंधक राकेश झा को तत्काल प्रभाव से निलम्बित करने और उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई किए जाने का आदेश जारी किया। औद्योगिक क्षेत्र हापुड़ में संचालित रूही इंडस्ट्रीज में आठ जून 2022 को हुए विस्फोट में 13 श्रमिकों की झुलसने के कारण मृत्यु होने और करीब 20 श्रमिकों के घायल होने के मामले में उच्चाधिकारियों की अवहेलना करते हुए कार्यों में लापरवाही बरते जाने एवं अनुशासनहीनता के आरोप में क्षेत्रीय प्रबंधक गाजियाबाद राकेश झा के खिलाफ निलम्बन और विभागीय कार्रवाई की संस्तुति की गई है। निलम्बन के साथ ही क्षेत्रीय प्रबंधक राकेश झा को यूपीसीडा मुख्यालय कानपुर से सम्बद्ध किए जाने का भी आदेश मंत्री नन्दी ने जारी किया है। मंत्री नन्दी ने बताया कि आठ जून 2022 को शेखपुरा खिचरा थाना धौलाना यूपीएसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र फेज-1 के प्लाट संख्या एफ-128 में मौके पर संचालित रूही इंडस्ट्रीज में दोपहर करीब तीन बजे आग लगने और विस्फोट होने की घटना घटित हुई थी। जिसमें 13 श्रमिकों की मृत्यु हो गई थी। वहीं करीब 20 श्रमिक गम्भीर रूप से घायल हुए थे। इस दुर्घटना में प्रथम दृष्टया उत्तरदायी सहायक प्रबंधक सिविल धीरज मिश्रा को निलम्बित किया जा चुका है। इस घटना के सम्बंध में मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा स्पष्ट रूप से यह कहा गया कि क्षेत्रीय प्रबंधक गाजियाबाद राकेश झा द्वारा उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करते हुए कार्यों में लापरवाही बरती गई जो अनुशासनहीनता का द्योतक एवं प्राधिकरण की सेवा नियमावली 2018 के अंतर्गत कदाचार की श्रेणी में आता है।

## मोहनलालगंज नगर पंचायत के नए भवन का नगर विकास सचिव ने किया लोकार्पण

● सचिव रंजन कुमार ने रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम देखकर की सराहना

संवाददाता। मोहनलालगंज



**गौरा** में तकरीबन डेढ़ करोड़ की लागत से बनकर तैयार मोहनलालगंज नगर पंचायत के नवनिर्मित भवन का शनिवार को नगर विकास विभाग के सचिव रंजन कुमार ने रिबन काटकर लोकार्पण किया। जल्द ही नगर पंचायत कार्यालय को यहां स्थानान्तरित किया जाएगा।

निकाय चुनाव सम्पन्न होने के बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष की अगुवाई में बोर्ड की पहली बैठक नए भवन में आयोजित होगी। मोहनलालगंज नगर पंचायत का नया भवन गौरा में रायबरेली हाईवे पर बनकर तैयार हो गया है। शनिवार को नगर विकास विभाग के सचिव रंजन कुमार ने नए भवन का लोकार्पण कर रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का जायजा लेकर संतोष जताया। जलनिगम की कार्यदायी संस्था सी एण्ड डीएस ने एक करोड सैंतालीस लाख से अधिक धनराशि से साल भर में नगर पंचायत के नए भवन का निर्माण किया है। नए भवन में विशाल सभागार के साथ अलग.अलग पटल के कार्यालय और रसोई व अत्याधुनिक शौचालय की सुविधा दी गई है। भवन को चहारदीवारी से घेरकर बागवानी से खूबसूरती बढ़ाने का स्थान छोड़ा गया है। जबकि रायबरेली हाईवे से नवनिर्मित कार्यालय तक सीसी रोड बनाकर भवन के सामने पार्क बनाने का कार्य चल रहा है।

## संस्कृति व सभ्यता ही मनुष्य को अच्छा आचरण सिखाती हैः अनिल राजभर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

### श्रम एवं रोजगार मंत्री ने सीएमएस में आयोजित 'अन्तर्राष्ट्रीय युवा महोत्सव' का किया उद्घाटन



**सिटी** मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम (द्वितीय कैम्पस) द्वारा आयोजित पांच दिवसीय अन्तराष्ट्रीय युवा महोत्सव-2022 का उद्घाटन मुख्य अतिथि अनिल राजभर, श्रम एवं रोजगार मंत्री, उ.प्र. ने आज सीएमएस कानपुर रोड ऑडिटोरियम में दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर नेपाल व देश के विभिन्न प्रान्तों से पधारे प्रतिभागी छात्र टीमों ने एक अलग अंदाज में अपना परिचय दिया। उद्घाटन समारोह में सीएमएस छात्रों ने देश-विदेश से पधारे प्रतिभागी छात्रों व टीम लीडरों के सम्मान में रंगारंग शिक्षात्मक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों का ऐसा समां बांधा कि तालियों की गड़गड़ाहट से सारा ऑडिटोरियम गूंज उठा। विदित हो कि 3 से 7 दिसम्बर तक सीएमएस कानपुर रोड ऑडिटोरियम में आयोजित इस अन्तर्राष्ट्रीय युवा महोत्सव में देश-विदेश के प्रतिष्ठित विद्यालयों से लगभग 60 छात्र टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। इस अवसर पर देश-विदेश से पधारे प्रतिभागी छात्रों व टीम लीडरों को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि अनिल राजभर ने कहा कि संस्कृति व सभ्यता ही मनुष्य को अच्छा आचरण सिखाती है व भावी पीढ़ी का नैतिक विकास करती है। गीत, संगीत, कला, साहित्य सभी छात्रों को मानवता की भलाई के लिए संकल्पबद्ध करने का सबसे प्रभावशाली माध्यम है एवं ऐसी प्रतियोगिताओं से छात्रों में एक नया आत्म विश्वास जागृत होता हैं। सीएमएस संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गांधी ने इस अवसर पर कहा कि यह अन्तर्राष्ट्रीय महोत्सव न सिर्फ ज्ञान व कला का अद्भुत संगम बनेगा अपितु भावी पीढ़ी के बीच विचारों के आदान-उचयप्रदान का सर्वोत्तम मंच साबित होगा। इससे पहले, पांच दिवसीय 'अन्तर्राष्ट्रीय युवा महोत्सव' में प्रतिभाग के लिए लखनऊ पधारे देश-विदेश के छात्र आज अपरान्हः सत्र में आयोजित एक प्रेस कान्फ्रेन्स में पत्रकारों से मिले और दिल खोलकर अपने विचार रखे। पत्रकारों से बातचीत करते हुए दुर्गा शैक्षिक गृह, नेपाल से पधारे छात्रों ने कहा कि यहां हमें बिल्कुल घर जैसा माहौल मिल रहा है और सीएमएस के छात्रों व शिक्षकों ने जिस गर्मजोशी से हमारा स्वागत किया है उससे हमारा उत्साह व खुशी दोगुनी हो गई है। मार्डन स्कूल, नागपुर से पधारे छात्रों का कहना था कि इस अन्तर्राष्ट्रीय मंच से हमें अपनी प्रतिभा को जाहिर करने का अनुपम अवसर मिल रहा है। आदर्श विद्या निकेतन, नेपाल से पधारे छात्रों ने बड़े उल्लास से कहा कि हम युवा महोत्सव की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के अलावा एतिहासिक स्थलों की सैर करना चाहते हैं। इसी प्रकार, अन्तर्राष्ट्रीय युवा महोत्सव-2022 में प्रतिभाग के लिए लखनऊ पधारे छात्रों का जोश देखते ही बनता था। अन्तर्राष्ट्रीय युवा महोत्सव की संयोजिका व सीएमएस राजाजीपुरम (द्वितीय कैम्पस) की प्रधानाचार्या अनुपमा चेकर ने कहा कि यह

### पीएम मोदी की थीम 'वसुधैव कुटुम्बकम' की संस्कृति को स्पष्ट प्रतिबिम्बित करती हैः डॉ. जगदीश गांधी

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल के संस्थापक, प्रख्यात शिक्षाविद् एवं 'विश्व के मुख्य न्यायाधीशों के अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन' के संयोजक डा जगदीश गांधी ने भारत की जी-20 अध्यक्षता के महत्व को स्वीकार करते हुए प्रधानमंत्री मोदी की थीम 'एक धरती, एक परिवार, एक भविष्य' की भूरि-भूरि सराहना की है। एक औपचारिक वार्ता में डा. गांधी ने कहा कि यह थीम भारत की 'वसुधैव कुटुम्बकम' की संस्कृति को स्पष्ट प्रतिबिम्बित करती है और विश्व के देशों को एकता के सूत्र में पिरोने की अपील करती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विचारों को उद्धृत करते हुए डा. जगदीश गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट किया था कि भारत जी-20 अध्यक्षता के दौरान समग्र मानवता के कल्याण की दिशा में काम करने के लिए पूरी दुनिया को एक साथ लाने के लिए काम कर रहा है, बावजूद इसके कि वर्तमान दौर में पूरा विश्व विभिन्न प्रकार की असमानताओं और संकटों से गुजर रहा है।

डा. गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी के विचारों का समर्थन करते हुए कहा कि विश्व मानवता के कल्याण एवं आने वाली पीढ़ियों के सुन्दर भविष्य के लिए विश्वके देशों को हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मानवतावादी दृष्टिकोण को अपनाने की आवश्यकता है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि इसी उद्देश्य के लिए सिटी मोन्टेसरी स्कूल पिछले 22 वर्षों से लगातार 'विश्व के मुख्य न्यायाधीशों के अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन' का आयोजन कर रहा है।

## डॉ. राजेन्द्र प्रसार मेमोरियल डिग्री कालेज का मनाया गया स्थापना दिवस



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**डॉ.** राजेन्द्र प्रसार मेमोरियल डिग्री कालेज राजाजीपुरम का शनिवार को स्थापना दिवस की 25वीं वर्षगांठ एवं भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद का जन्म दिन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ महाविद्यालय के विवेकानन्द सभागार में आयोजित किया गश्स। समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. निकिता दूबे उप कमिश्नर जीएसटी कस्टम ने दीप प्रज्जवलित कर किया। महाविद्यालय के संस्थापक डॉ. डीसी श्रीवास्तव एवं प्रबन्धक सीएल सिंह ने इस अवसर पर भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया। समारोह में छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रमों का शुभारंभ सरस्वती वन्दना से हुआ। क्लासिकल और मराठी नृत्य (लावणी) की भी शानदान प्रस्तुति देकर छात्रों ने अभिभावकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर संस्था के प्रबन्धक सीएल सिंह ने कहा कि छात्र-छात्राओं और बच्चों ने अद्भूत कार्यक्रम प्रस्तुत किया। महाविद्यालय की प्रचार्या डॉ. वीके श्रीवस्तव ने छात्रों को डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के जीवन और उनसे जुड़ी हुई जानकारी प्रदान की एवं छात्रों को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनायें दीं।

## पीएनबी ने दिव्यांग बच्चों के लिए किया विशेष सम्मान समारोह का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पंजाब** नैशनल बैंक द्वारा आज अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगता दिवस के अवसर पर दृष्टि सामाजिक संस्थान के बच्चों को सम्मानित किया गया। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों के अधिकारों को सुरक्षित करने के महत्व को बढ़ावा देना है, ताकि वे दूसरों के साथ समाज में पूरी तरह से, समान रूप से और प्रभावी ढंग से भाग ले सकें तथा राजनैतिक, सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक जीवन की मुख्यधारा में शामिल हो सके। इस खास अवसर पर दृष्टि सामाजिक संस्थान के बच्चों के लिए विभिन्न तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित की गयीं जिनमें सभी बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। पीएनबी के वरिष्ठ अधिकारी संजय शुक्ला की पहल से आयोजित इस कार्यक्रम का अन्य उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को प्रोत्साहित करना व उन्हें उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करना भी है। उन्होंने समाज के अन्य वर्गों से भी अपील की कि वे दिव्यांगजनों की यथासंभव मदद करें व अपने दायित्वों को निभायें, ताकि ऐसे लोग सक्षम/आत्मनिर्भर बन सकें व समाज के प्रत्येक स्तर पर निर्बाध जीवन व्यतीत कर सकें। भारत का दूसरे सबसे बड़े बैंक होने के नाते पंजाब नैशनल बैंक ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों के तहत दिव्यांगजनों को आईबी, और आरबीआई दिशा-निर्देशों के अनुरूप विभिन्न बैंकिंग सुविधाएं प्रदान करने के लिए भी प्रतिबद्धता जताई। जैसे कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के लिए वित्त मंत्रालय के सुधार एजेंडा के तहत 'डोर स्टेप बैंकिंग' के रूप में विकलांग व्यक्तियों को बुनियादी बैंकिंग सुविधाएं प्रदान करना 'ईज ऑफ एक्सेस सर्विस एक्सीलेंस (ईएएसई)'।



कैदी की मौत पर बलरामपुर अस्पताल में परिजनों ने किया हंगामा

## पैमाइश के लिए किसान को दौड़ाने पर कानूनगो निलंबित

### फीस जमा करने के बाद भी किसान को तेरह माह से दौड़ाने का आरोप एडीएम ने की कार्रवाई

संवाददाता। मोहनलालगंज

**पैमाइश** के लिए किसान को तेरह माह से दौड़ाने की शिकायत पर खफा एडीएम ने राजस्व निरीक्षक को निलंबित कर विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिए। अवैध कब्जे और वरासत की शिकायतों पर भी एडीएम ने कड़ा रुख अपनाकर एसडीएम से स्वयं सत्यापन कराने के लिए कहा है।

मोहनलालगंज के इस्माइलनगर निवासी किसान रामखेलावन ने जमीन की हदबरारी के लिए सरकारी फीस जमा कर दी। फिर भी तेरह माह से राजस्व निरीक्षक जमीन की पैमाइश के लिए दौड़ाते रहे। 19 नवम्बर को रामखेलावन के साथ तहसील पहुंचे भाजपा कार्यकर्ता संजय रावत उर्फ संतलाल ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों से पूरे मामले की शिकायत की। फिर भी पैमाइश नहीं की गई अलबत्ता भाजपा कार्यकर्ता संजय रावत ने राजस्व निरीक्षक अब्दुल मन्नान पर अभद्रता और मारपीट का आरोप लगाया।



### सम्पूर्ण समाधान दिवस

शनिवार को एडीएम वित्त एवं राजस्व हिमांशु कुमार गुप्ता ने मामले की शिकायत पर राजस्व निरीक्षक को निलंबित कर विभागीय कार्रवाई के लिए डीएम को पत्र भेजा है। जबकि भाजपा कार्यकर्ता से अभद्रता व मारपीट के आरोप की जांच एसीपी को सौंपी है। उधर डेबरिया रसूलपुर कनेरी रहमतनगर और सौनई कंजेहरा समेत कई गांव से शिकायत के बावजूद सरकारी जमीनों से अवैध कब्जे नहीं खाली कराए जाने की शिकायत एडीएम से की गई। फरियादियों ने एडीएम को बताया कुछ मामलों में बेदखली के आदेश भी हो चुके हैं फिर भी राजस्वकर्मी मामले ठण्डे बस्ते में डाले बैठे हैं। डेबरिया भरोसवा की रन्नो देवी ने एडीएम को बताया पति की कैंसर से मौत हो चुकी है। आनलाइन आवेदन करने के बाद भी वरासत नहीं की गई जिससे उन्हें परिवार चलाने के लिए पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा। बदले खेड़ा के रामसजीवन ने भी आनलाइन आवेदन के बावजूद वरासत नहीं होने की शिकायत दर्ज कराई।

### राशनकार्ड की शिकायतों पर एडीएम ने परखा सच

**सम्पूर्ण** समाधान दिवस में राशनकार्ड बनवाने के लिए आ रही शिकायतों पर आपूर्ति विभाग के अधिकारी लक्ष्य पूर्ण लिखकर शिकायतें निपटा रहे हैं। शनिवार को शिकायतों पर फीडबैक ले रहे एडीएम वित्त एवं राजस्व हिमांशु कुमार गुप्ता ने इसे लेकर नाराजगी जताई। उन्होंने राशनकार्ड की पात्रता सूची का सत्यापन कराकर अपात्रों के नाम काटकर पात्रों को योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने एसडीएम को इसे लेकर पत्र जारी करने के लिए कहा है।

## ऊर्जा निगमों के चेयरमैन व एमडी का आर्टिकल ऑफ एशोसियेशन के अनुसार होगा चयन

● लिखित समझौते के बाद 15 दिन के लिए कार्य बहिष्कार आन्दोलन स्थगित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**विद्युत** कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति और ऊर्जा मंत्री के मध्य हुए लिखित समझौते के बाद संघर्ष समिति ने 29 नव बर से चल रहे कार्य बहिष्कार आन्दोलन को फिलहाल 15 दिन के लिए स्थगित कर दिया है। ऊर्जा मंत्री ने स्पष्ट घोषणा की कि ऊर्जा निगमों में चेयरमैन एवं प्रबन्ध निदेशकों का आर्टिकल ऑफ एशोसियेशन के अनुरूप चयन समिति द्वारा चयन की प्रक्रिया शीघ्रातिशीघ्र स पन्न की जायेगी। वार्ता के दौरान मु य सलाहकार मु यमंत्री अवनीश कुमार अवस्थी, पावर कारपोरेशन के प्रबन्ध निदेशक पंकज कुमार, उत्पादन निगम के प्रबन्ध निदेशक गुरू प्रसाद उपस्थित थे।

ऊर्जा मंत्री के साथ हुए लिखित समझौते के अनुसार बिजली कर्मियों को पूर्व की भांति 9 वर्ष, 14 वर्ष एवं 19 वर्ष की सेवा के बाद 3 पदोन्नति पद के समयब, वेतनमान के आदेश निर्गत किये जायेंगे तथा 220 केवी, 400 केवी, 765 केवी विद्युत उपकेन्द्रों में परिचालन एवं अनुरक्षण के लिए आउटसोर्सिंग नहीं की जायेगी। ट्रांसफार्मर वर्कशॉप का किसी भी प्रकार का निजीकरण, आउटसोर्सिंग नहीं की जायेगी। बिजली कर्मियों के लिए पावर सेक्टर इ प्लॉइज प्रोटेक्शन एक्ट शीघ्रातिशीघ्र लागू किया जायेगा एवं बिजली कर्मियों को सरकारी चिकित्सा संस्थानों में कैशलेस इलाज की सुविधा तत्काल प्रभाव से प्रदान करने एवं निजी अस्पतालों में कैशलेस इलाज की व्यवस्था द्विपक्षीय वार्ता द्वारा किये जाने का निर्णय हुआ। ऊर्जा निगमों में समस्त भत्तों का द्विपक्षीय वार्ता द्वारा पुनरीक्षण किया जायेगा एवं ताप बिजली घरों में ल बित उत्पादन प्रोत्साहन भत्ते का भुगतान किया जायेगा। ताप बिजली घरों में आवासीय पैनल रेण्ट के आदेश निरस्त किये जायेंगे तथा वाहन की व्यवस्था पूर्ववत लागू की जायेगी। समझौते में साफ लिखा गया है कि बिजली कर्मियों और पेन्शनर्स को मिल रही रियायती बिजली की व्यवस्था में कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा। सभी श्रेणी के बिजली कर्मियों की वेतन विसंगतियां 3 माह में द्विपक्षीय वार्ता द्वारा दूर की जायेगी। संविदा, निविदा कर्मियों के स बन्ध में यह निर्णय लिया गया कि सभी ऊर्जा निगमों में समान पद पर कार्य कर रहे सभी संविदा, निविदा कर्मियों को एक समान वेतन दिया जायेगा। संविदा कर्मियां को वाह्य सेवा प्रदाता द्वारा ईपीएफ भुगतान में किये गये घोटाले की जांच की जायेगी।

वर्ष 2020 के आन्दोलन के फलस्वरूप बिजली कर्मियों पर की गयी जो एफआईआर अभी तक वापस नहीं हुई हैं उनका अनुश्रवण कर उन्हें शीघ्रातिशीघ्र वापस कराया जायेगा। वर्तमान आन्दोलन के फलस्वरूप बिजली कर्मचारियों, अवर अभियन्ताओं और अभियन्ताओं एवं संविदा कर्मियों के विरूद्ध की गयी उत्पीड़न की समस्त कार्यवाहियां यथा कारण बताओ नोटिस निल बन, निष्काशन, उपार्जित, चिकित्सा अवकाश निरस्तीकरण एवं पुलिस की कार्यवाही इत्यादि सभी अनुशासनात्मक कार्यवाहियां तत्काल प्रभाव से वापस ली जायेगी।

भारत की मेजबानी में होने वाले जी-20 के शिखर सम्मेलन को लेकर तैयारी

# प्रस्तावित आयोजनों की रूपरेखा 11 दिसंबर को तय कर ली जाएगी

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**जी-20** के शिखर सम्मेलन में वाराणसी में प्रस्तावित छह बैठकों में आने वाले मेहमानों की अगवानी के लिए शहर को नए सिरे से तैयार किया जाएगा। विदेश मंत्री एस. जयशंकर 11 दिसंबर को वाराणसी दौरे पर आएंगे और बैठक व अन्य आयोजनों के लिए स्थान का चयन कर कार्यक्रम पर फाइनल मुहर लगाएंगे। वाराणसी में राष्ट्राध्यक्षों की बैठक के साथ ही राजदूतों का सम्मेलन कराए जाने की तैयारी है। इसके लिए हस्तकला संकुल, काशी विश्वनाथ धाम परिसर और बीएचयू के सभागार सहित अन्य स्थलों पर आयोजन का प्रस्ताव है। दिसंबर 2022 से नवंबर 2023 के बीच भारत की मेजबानी में होने वाले जी-20 के शिखर सम्मेलन में वाराणसी में प्रस्तावित आयोजनों की रूपरेखा 11 दिसंबर को तय कर ली जाएगी। विदेश मंत्रालय की टीम यहां होने वाली छह अलग-अलग बैठकों के लिए जगह चयन के साथ ही अतिथियों के स्वागत के लिए शहर में होने वाले कामों पर चर्चा करेगी। फिलहाल प्रशासन की ओर से चयनित स्थानों का मौका मुआयना के बाद यहां के आयोजनों की प्रस्तावित तारीखों का भी ऐलान किया जा सकता है। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार वाराणसी में सितंबर महीने में राष्ट्राध्यक्षों का दो दिवसीय सम्मेलन आयोजित किया जा सकता है। इसके अलावा राजदूतों की बैठक भी यहां कराने की योजना है।

### शिखर सम्मेलन से पहले सुधारी जाए शहर की सूरत

**वाराणसी।** जी-20 के शिखर सम्मेलन की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को मुख्य सचिव डा. दुर्गाशंकर मिश्र ने वर्चुअल बैठक की। उन्होंने मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा और जिलाधिकारी एस राजलिंगम को इस आयोजन को सकुशल संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि विदेशी मेहमानों के सामने बदलती काशी की ऐसी तस्वीर दिखाई दे कि पूरी दुनिया में इसकी चर्चा हो।पूरे शहर में उत्सव का माहौल बनाया जाए और आयोजन से पहले सड़क, सफाई, लाइटिंग आदि की व्यवस्था दुरुस्त कर ली जाए। इसके बाद मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने अपर नगर आयुक्त को निर्देशित किया कि इस कार्यक्रम के मद्देनजर सभी व्यवस्थाएं चुस्त दुरुस्त कर ली जाए। स्वच्छ सर्वेक्षण व इज ऑफ लिविंग इंडेक्स में बनारस की रैंक सुधारने के लिए सभी उपाय किए जाएं। शहर में दीवारों पर चित्र, फसाद लाइटिंग, सफाई पर काम करने का निर्देश भी दिया। बैठक में जिलाधिकारी एस राजलिंगम, पुलिस आयुक्त अशोक मुथा जैन, पुलिस उपायुक्त, एडीएम प्रोटोकॉल, अपर नगर आयुक्त आदि अधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

**सारनाथ में स्तूप पर जी-20 की प्रदर्शनी:** सारनाथ में धम्मेख स्तूप पर चलने वाले लेजर शो में जी-20 के आयोजनों की सूचना प्रसारित की जा रही है। लाइट एंड साउंड शो में भारत को मिली मेजबानी की जानकारी दी जा रही है।

**जी-20 में इन देशों की है भागीदारी:** ग्रुप ऑफट्वेंटी (जी 20) में अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, कोरिया गणराज्य, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की, यूके और यूएस और यूरोपीय संघ (ईयू) शामिल हैं। विदेश मंत्री के काशी आगमन की सूचना आई है। वे जी-20 शिखर सम्मेलन के आयोजन की तैयारियों को जानने के साथ ही आयोजन स्थलों का दौरा भी कर सकते हैं।

जी-20 की छह बैठकें वाराणसी में प्रस्तावित हैं। - कौशल राज शर्मा, मंडलायुक्त

## एनटीपीसी रिहंद में सक्षम कार्यशाला का हुआ आयोजन

**बीजपुर/सोनभद्र।** एनटीपीसी के रिहंद स्टेशन मे विशेष रूप से सक्षम कर्मचारियों के लिए एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम सक्षम स्व विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को एनटीपीसी रिहंद परिसर स्थित कर्मचारी विकास केंद्र में हुआ। कार्यक्रम का आयोजन प्रशिक्षण आवश्यकता विश्लेषण कंपनी की नीति एवं कॉर्पोरेट प्रशिक्षण मार्गदर्शी सिद्धान्त के अंतर्गत हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महाप्रबंधक पंकज मेदिरत्ता ने परंपरागत ढंग से किया। आयोजित कार्यशाला में बतौर संकाय मेसर्स भार्गव मैनेजमेंट कंसल्टेंटस से डॉ. गणेश बी. ने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को रोजमर्रा के जीवन शैली में आने वाली परेशानियों को सुलझाने के लिए मनोरंजन के साथ साथ प्रायोगिक विधि द्वारा सरल तरीके से समझाया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महाप्रबंधक राजीव कुमार सिन्हा उप महाप्रबंधक अनित कुमार प्रबन्धक धर्मेन्द्र कुमार गिरि एवं अन्य कर्मचारीगण उपास्थि रहे। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन उप महाप्रबंधक रवीद्र सिंह ने किया।

## वित्तमंत्री निर्मला सीतारामण ने केदारघाट, विशालाक्षी मंदिर चक्रलिंगेश्वर मठ और शिव मठ का भ्रमण किया

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी





**केंद्रीय वित्त** और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण शुक्रवार की देर रात बनारस पहुंची। बरेका पहुंचने पर महाप्रबंधक अंजली गोयल ने केंद्रीय वित्त मंत्री का स्वागत किया है। वित्त मंत्री ने शनिवार को श्री विशालाक्षी मंदिर, श्री कुमारस्वामी मठ, काशी नाटकोट्म क्षत्रम, श्री चक्रलिंगेश्वर मठ और शिव मठ का भ्रमण किया।इसके साथ ही वह हनुमान घाट और दशाश्वमेध घाट सहित शहर के कुछ महत्वपूर्ण घाटों का भी भ्रमण किया और गंगा नदी में नौकायन किया। शाम को काशी विश्वनाथ मंदिर में होने वाली आरती में भी शामिल होंगी। चार दिसंबर को केंद्रीय वित्त मंत्री बीएचयू में आर्किटेक्चर एंड अदर हेरिटेज फॉर्म्स इन आईकेएस (इंडियन नॉलेज सिस्टम) पर एक सेमिनार में भाग लेंगी और विश्वविद्यालय में एक अन्य कार्यक्रम में छात्रों के साथ संवाद भी करेंगी। बाद में वित्त मंत्री बीएचयू में काशी तमिल संगमम के तहत एक सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी भाग लेंगी। तमिलनाडु के चार लोग जिन्होंने राज्य के तेनकासी की 30 से अधिक वर्षों तक सेवा की, वे भी तीन और चार दिसंबर वित्त मंत्री के साथ ऑनलाइन जुड़ेंगे।

### फरार चल रहे तीन वांछित वारंटियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बीजपुर/सोनभद्र।** जनपद के पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशों तथा पुलिस उपाधीक्षक दुद्धी के आदेश के तहत प्रभारी निरीक्षक बीजपुर पंकज कुमार सिंह द्वारा वांछित वारंटियों व जिला बदर अपराधी को गिरफ्तार करने के लिए दो टीमें गठित की गई थीं। प्रथम टीम के प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार यादव हमराही उप निरीक्षक राधे श्याम मौर्या आरक्षी पुरुषोत्तम कुमार मंगल प्रजापति व महिला आरक्षी बबिता ने शनिवार को मुखबीर की सूचना पर फरार चल रहे वांछित आरोपी रमायन वैश्य पुत्र यज्ञनारायण वैश्य निवासी मध्य प्रदेश प्रान्त जिला सिंगरौली थाना विन्ध्यनगर ग्राम जैतपुर को तथा वांछित फरार चल रहे वारंटी तुलसीराम पुत्र देवनंदन निवासी जनपद सोमभद्र थाना बीजपुर ग्राम महुली टोला जलजलिया को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। दूसरी टीम के वरिष्ठ उप निरीक्षक विनोद कुमार यादव हमराही आरक्षी अनुप सिंह व दिनेश कुमार के साथ शनिवार की सुबह मुखबीर के सटीक सूचना पर थानाक्षेत्र के ग्राम सभा जरहां के राजो तिराहा के पास से जिला बदर आरोपी नंदलाल पुत्र विनय कुमार निवासी नेमना जो मु अ0 संख्या 123/22 के तहत धारा 10 में जिला बदर किया गया था को गिरफ्तार करने में अहम कामयाबी हासिल की। दोनों टीमो के द्वारा पकड़े गए तीनों आरोपियों को पुलिस ने सम्बंधित न्यायालय में शनिवार को ही अग्रीम कार्रवाई हेतु न्यायाधीश के समक्ष पेश किया।

## बॉब के कार्यकारी निदेशक अजय खुराना आज वाराणसी में

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**देश के** अग्रणी बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा के कार्यकारी निदेशक अजय के. खुराना का आज वाराणसी शहर में आगमन प्रस्तावित है । वाराणसी दौरे में इनके द्वारा बैंक के देश भर के आरओएसएआरबी यूनिट व वसूली विभाग की समीक्षा और बैंक द्वारा विभिन्न स्तरों पर चलाये जा रहे सोशल मीडिया अभियान की समीक्षा की जाएगी । इसके अलावा बैंक द्वारा वाराणसी शहर में चलाये जा रहे विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं जैसे विश्व प्रसिद्ध अस्सी घाट के सुबह ए बनारस कार्यक्रम को और अधिक लाभप्रद बनाए जाने पर चर्चा की जाएगी । साथ ही बैंक के विभिन्न उत्पादों व योजनाओं को क्रियान्वित करने की दृष्टि से तथा बैंक की पहुँच को जनमानस तक पहुँचाने की दृष्टि से रूपरेखा तैयार की जाएगी ।इस अवसर पर बैंक के मुख्य महाप्रबंधक जेठा नन्द चोपड़ा, उत्तर प्रदेश के राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के अध्यक्ष एवं महाप्रबंधक ब्रजेश कुमार सिंह, नराकास (बैंक) वाराणसी अध्यक्ष एवं बैंक के अन्य अधिकारी उपस्थित रहेंगे ।

## पुलिसकर्मी बनकर वसूली करने वाले तीन गिरफ्तार

**संवाददाता।** चंदौली



**पुलिसकर्मी बनकर** पिकअप चालकों से अवैध वसूली करने वाले गिरोह को सदर कोतवाली पुलिस ने कटसिला के पास गिरफ्तार किया। उनके पास से तमंचाए कारतूस और चाकू बरामद किया गया। जालसाज फर्जी पुलिसवाले बनकर हाईवे पर पिकअप चालकों से वसूली करते थे। वहीं लूटपाट की घटनाओं को भी अंजाम देते थे। पुलिस उनका आपराधिक इतिहास खंगाल रही है। सदर कोतवाल राजीव कुमार सिंह को सूचना मिली कि फर्जी पुलिसकर्मी कटसिला के पास पिकअप चालकों से अवैध वसूली कर रहे हैं। इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस एक्टिव हो गई। कोतवाल हमराहियों के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस को देखकर नकली पुलिसवाले अपाचे मोटरसाइकिल स्टार्ट कर भागने की कोशिश करने लगे। पहले से मुस्तैद पुलिसकर्मियों ने उन्हें घेरकर पकड़ लिया। उनकी पहचान मुगलसराय कोतवाली के छोटू सराय गांव निवासी हिमांशु यादव, सत्येंद्र यादव और रैना गांव निवासी योगेश यादव के रूप में हुई। तीनों को कोतवाली लाकर पूछताछ की गई तो बताया कि खुद को पुलिसकर्मी बताकर हाईवे पर पिकअप चालकों से वसूली करते हैं। चोरी की बाइक पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर चलते हैं। कोतवाल ने बताया कि जालसाजों के आपराधिक इतिहास की पड़ताल की जा रही है। गिरफ्तारी में स्वाट टीम भी कोतवाली पुलिस के साथ रही। पुलिस टीम में सदर कोतवाल के साथ ही स्वाट टीम प्रभारी अजीत कुमार सिंह, निरीक्षक सत्येंद्र विक्रम सिंह, हेड कांस्टेबल बंटी सिंह व अन्य रहे।

## चिकित्सा प्रबंधन समाधान में विशेष पहल

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**हम अपने** उपभोक्ताओं को उनके स्वास्थ्य और कल्याण यात्रा में भागीदारी करके स्वस्थ, खुश और लंबे समय तक जीने में सक्षम बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। मेडिक्स के साथ सहयोग के माध्यम से, हमारा लक्ष्य अपने मूल्य प्रस्ताव को और बढ़ाना है। मेडिक्स के साथ जुड़ने से हमारे उपभोक्ताओं को वैश्विक चिकित्सा विशेषज्ञों की व्यक्तिगत सिफारिशों तक पहुंच की अनुमति मिलेगी, जो चल रहे चिकित्सा समर्थन के साथ जुड़े हैं।

## ट्रक मालिक को बोलरो सवार ने रौंदा,मौत

**संवाददाता।** सकलडीहा/चन्दौली

**कोतवाली क्षेत्र** के खड़ेहरा लबे सड़क पर शुक्रवार देर रात अज्ञात बोलरों सवार ने बाइक से आ रहे 35 वर्षीय धरहरा मड़ई निवासी नंदलाल यादव ट्रक मालिक को सामने से जोरदार धक्का मार दिया। जिसमें ट्रक मालिक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर गया। अंधेरे का फायद उठाकर बोलरो सवार भाग निकला। सूचना पर पहुंचे परिजन पुलिस के सहयोग से घायल को सीएचसी से जिला अस्पताल ले गये। जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक नंदलाल यादव के साले की तिलक शनिवार को तय था। घटना के बाद परिवार में मातम छा गया।

## पिपरी नगर पंचायत को मिले भौमिक अधिकार: दिग्विजय सिंह

● वन व सिंचाई विभाग पर लगाया मनमानी का आरोप

**संवाददाता।** सोनभद्र



**जनपद की** एक मात्र नगर पंचायत पिपरी ऐसी जगह है जहां पर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत आवास नहीं बना है। कारण नगर पंचायत के पास अपनी कोई जमीन ही नहीं। वन विभाग, सिंचाई विभाग व अन्य के आपसी खिंचतान के कारण नगर पंचायत की करीब 25 हजार आबादी आज भी खानाबदोश की जिंदगी गुजारने को विवश है। इसको लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री भी गंभीर है, जिसके कारण यह मामला शासन में लंबित है। यह बातें शनिवार को जनपद मुख्यालय स्थित लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस में पिपरी नगर पंचायत चेयरमैन दिग्विजय सिंह ने पत्रकार वार्ता के दौरान कही। उन्होनें बताया कि नगर पंचायत के पास खुद का भौमिक अधिकार न होने के कारण सरकारी योजनाएं शत प्रतिशत लागू नहीं हो पा रहा है। आलम यह है कि नगर पंचायत में रहने वाले लोग अगर कोई निर्माण कार्य करते हैं तो कुछ विभागीय कर्मचारी उनका उत्पीड़न शुरू कर दे रहे हैं। 1958 से पिपरी को नगर पंचायत का दर्जा प्राप्त है, बावजूद अब तक यहां पर आबाद लोगों को भौमिक अधिकार नहीं मिल पाया। मांग करते हुए उन्होने कहा कि सरकार नगर पंचायत में रहने वाले लोगों का ड्रोन सर्वे कराकर उन्हे जमीनी अधिकार दे। उन्होने बताया कि पूर्व जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने इस मामले को लेकर रिपोर्ट तैयार किया था, जो अभी लंबित है। आरोप लगाते हुए कहा कि वन व सिंचाई विभाग द्वारा इस मामले को लटकाने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि नगर के लोगों का उत्पीड़न बदस्तूर जारी रखा जा सकें। उन्होंने कहा कि पिछले 5 साल के कार्यकाल में पानी की समस्या के समाधान हेतु 20-5000 लीटर टंकी ओवरहेड पानी टंकी का निर्माण कार्य, विभिन्न वार्डो मे 75 समरसेबल, प्रत्येक वार्ड में लगया गया, हजारों की संख्या में रोड लाइट लगवाए गए, 50 बेड के अनुकूलित रैन बसेरा का निर्माण कार्य, नगरीय स्वास्थ्य केंद्र का काम शुरू हो गया है, डोंगिया जलाशय को देश का पर्यटन स्थल नौकायान वाटर स्पोर्ट्स की शुरुआत की जा चुकी है, तीन ओपन जिम पार्क, इनडोर जिम, 24 घंटे जनसेवा हेतु निशुल्क एम्बुलेंस, सैकड़ों नालियों व सड़कों का निर्माण कार्य कराया गया है, तत्काल पानी की व्यवस्था उपलब्ध कराने हेतु उड़ाका दल जल व 20 मिनट के अंदर ही सफाई व्यवस्था कराने हेतु साफ-सफाई उड़ाका दल का गठन समेत अन्य कार्य करवायें गये है। उन्होंने कहा कि पिपरी के आम आदमी के परेशानियों व समस्याओ की लड़ाई हमेशा लड़ता रहूंगा।

## अनवरत चल रहे सफाई अभियान के तीसरे दिन भी शामिल हुये नपाध्यक्ष

● नगर के दस चिन्हित जीवीपी स्थलों की तीसरे दिन की सफाई अंतिम चरण में

● नगर पालिका अध्यक्ष ने अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा किये जा रहे मेहनत पर दी बधाई

**संवाददाता।** मीरजापुर

**नगर पालिका** अध्यक्ष मनोज जायसवाल शनिवार की सुबह सभासद, भाजपा कार्यकर्ताओं एवं तमामं अधिकारियोंए कर्मचारियों के साथ फत्तहा वार्ड पहुँचे। जहा उन्होंने फत्तहा रोड पर श्रमदान कर महाअभियान के अंतिम दिन भी झाड़ू लगाकर साफसफाई की। जीवीपी पॉइन्ट संगमोहाल फ्लमंडी, बरौंधा, लल्लाघाट, चेतगंज, फत्तहा, मुकेरी बाजार, शास्त्री ब्रिज के पास सहित कई जीवीपी पॉइन्ट पर कर्मचारियों द्वारा दो दिन तक लगातार साफसफाई की गयीं।वही अभियान के अंतिम दिन भी कर्मचारियों द्वारा जीवीपी पॉइन्ट पर सफाई का अंतिम चरण चल रहा है।बता दे आज़ादी के 75वे अमृत महोत्सव पर सूबे के 75 जिलों के 750 निकायों में 75 घण्टो तक जीवीपी पॉइन्ट की साफसफाई कर सेल्फी पॉइंट बनाने का निर्देश सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिया है।इसी आदेश के क्रम में नगर में जीवीपी पॉइन्ट पर कूड़े का निस्तारण किया जा रहा है।नगर में ऐसे दस बडे जीवीपी पॉइंट को चिन्हित किया गया है, जिसकी सफाई इन तीनो के भीतर की जानी है।पहले दिन जीवीपी पॉइन्ट संगमोहाल फ्लमंडी, बरौंधा, मुकेरी बाजार पर कर्मचारियों के अथक मेहनत से पड़े कूड़े को हटाया गया।नपा के जेसीबी, ट्रैक्टर ट्रॉली सहित अन्य संसाधनों को इस अभियान लगाया है।तीन शिफ्टों में सफाई निरीक्षकों, सफाई नायकों, सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गयी है।जो अनवरत इन जीवीपी पॉइन्ट पर कूड़े को हटवा रहे है।नपाध्यक्ष द्वारा तीन दिनों तक लगातार की जा रही मेहनत की सराहना करते हुये उनको बधाई दी है।इस मौके पर नपाध्यक्ष ने कहा कि तीन दिनों तक चलने वाले इस महा अभियान में नगर के दस बडे जीवीपी पॉइन्ट पर कूड़े का निस्तारण किया जा रहा है।संगमोहल फ्लमंडी, बरौंधा, मुकेरी बाजार, फत्तहा, चेतगंज, लल्लाघाट सहित अन्य पर कूड़े को हटाकर सेल्फी पॉइन्ट बनाया जा रहा है।तीन दिनों में शिफ्ट वाइज कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है।जो अनवरत कार्य कर जीवीपी पॉइन्ट पर कूड़े का निस्तारण कर रहे है।जिसके लिये वे बधाई के पात्र है।इसके साथ ही इन स्थलो पर पौधारोपण का कार्य भी कराया जायेगा।स्थानीय निवासियों से इन स्थलो पर कूड़ा न फेकने की अपील भी की जा रही है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन के सपने को साकार करने के लिये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी निकायों में महा अभियान चलाकर सफाई की जा रही है।लोग स्वच्छता के प्रति जागरूक हो रहे है और अपने आस.पास भी लोगो को जागरूक कर रहे है।इस मौके पर सभासद विजय यादव, सुरेश सोनकर, मनमोहन वैश्वार, राम सिंह, त्रिलोकी विश्वकर्मा, जटाशंकर जहरीला, विजय पाल, शरद सरोज, रामाशंकर यादव, श्याम बिहारी, अनुराग द्विवेदी, निशान्त द्विवेदी, शैलेन्द्र यादव, गोलू सोनकर, विनोद सोनकर, नंदलाल यादव, कमलेश सोनकर, बाबूलाल गुप्ता, राधे सोनकर, स्वच्छ भारत डीसी हिमांशु केशरवानी, सफाई निरीक्षक मकसूदन सिंह, सफाई नायक करन, बच्चन, आशीष आदि अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।

### मौसम आधारित फसल बीमा योजना को लागू किया

**वाराणसी।** एचडीएफसी एर्गो जनरल इंश्योरेंस कंपनी जो कि निजी क्षेत्र की एक बड़ी गैर-जीवन बीमा सेवा प्रदाता है को उत्तर प्रदेश सरकार ने पुर्नसंरचित मौसम आधारित फसल बीमा योजना को लागू करने के लिये अधिकृत किया है। यह योजना रबी 2022 सीजन के लिये लिये गाज़ीपुर, मिर्जापुर, सोनभद्र और वाराणसी में ऋणी और गैर-ऋणी किसानों के लिये है। पुर्नसंरचित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के अंतर्गत सभी उत्पादों को डिपार्टमेंट ऑफ हॉर्टिकल्चर एवं फॉर्म फॉरेस्ट्री, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अनुमोदित किया गया है।

### लोगो के अधिकार व कर्तव्यों के बारे में जागरुकता बढ़ाना

**वाराणसी।** आज एमेज़ॉन इंडिया ने ''मिशन ग्राहक'' के लॉन्च की घोषणा की। यह अभियान कई चरणों में होगा, जिनमें नुक्कड़ नाटकों द्वारा उपभोक्ताओं के बीच जानकारी व शिक्षा बढ़ाई जाएगी। इन नाटकों द्वारा एमेज़ॉन का उद्देश्य जमीन पर ऑनलाईन शॉपर्स के बीच पहुँचकर बढ़ते ईकॉमर्स सेक्टर में ग्राहकों का विश्वास और रुचि स्थापित करना है। पहले चरण में नुक्कड़ नाटक के 100 से ज्यादा शहरों में आयोजित किए जाएंगे।

### कुष्ठ विभाग में विकलागों को बंटा चप्पल

**मिर्जापुर।** कुष्ठ विभाग की ओर से शनिवार को विश्व विकलांग दिवस के अवसर पर विकलांगो को चप्पल का वितरण किया गया। इस आशय की जानकारी अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर एके राय ने दी। कुष्ठ विभाग के नोडल अधिकारी ने बताया कि विश्व विकलांग दिवस के अवसर पर आफिस के कैम्पस में 15 विकलांगो को चप्पल के वितरण के साथ ही साथ विकलांगता को दूर करने के उपाय के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा भी किया। इसके अलावा कुछ मरीजों को आपरेशन के लिए रेफर भी किया गया।

### दर्शकों को कई दिलचस्प ट्विस्ट्स दिखा रहा है

**वाराणसी।** ज़ी टीवी का टॉप-रेटेड शो 'कुंडली भाग्य' पिछले कुछ हफ्तों से अपने दर्शकों को कई दिलचस्प ट्विस्ट्स दिखा रहा है। इस शो में अर्जुन सूर्यवंशी का रोल निभा रहे शक्ति अरोड़ा, हाल ही में प्रीता (श्रद्धा आर्य) और ऋषभ लुथरा (मनित जौरा) की ज़िंदगियों में आने वाली तमाम मुश्किलों की वजह रहे हैं। जहां शक्ति इन तमाम उतार-चढ़ाव भरे सीक्वेंस की शूटिंग करते हुए बढ़िया वक्त बिता रहे हैं, वहीं इस शो में आ रहे नए-नए मोड़ दर्शकों में भारी दिलचस्पी जगा रहे हैं। अब आगे जो होने वाला है, उसे देखकर दर्शक हैरान रह जाएंगे!

## मीरजापुर पहुंची सपा की देश बनाओ, देश बचाओ पदयात्रा

● सपा जिलाध्यक्ष सहित सपाइयों ने किया जोरदार स्वागत

**संवाददाता।** मीरजापुर

**सपा की** देश बनाओ देश बचाओ पदयात्रा शनिवार को जनपद के राजगढ़ में पहुंची, पदयात्रा का समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओ ने जोरदार स्वागत किया। आपको बता दें कि पदयात्रा का नेतृत्व यात्रा नायक अभिषेक यादव कर रहे हैं जो प्रदेश के 54 विधानसभाओं में पद यात्रा निकालते हुए मीरजापुर के राजगढ़ पहुंचे।

यात्रा नायक अभिषेक यादव ने कहा की देश में भ्रष्टाचार अपने चरम सीमा पर है। आज महंगाई के मार से आम जनमानस काफी परेशान है। गरीबो के हक को मारकर अमीरों को मजबूत किया जा रहा है। इसके लिए युवाओं को एकजुट होकर भाजपा को उखाड़ने की जरूरत है।भाजपा को देश व प्रदेश से भगाने के लिए एकजुटता होना जरूरी है। समाजवादी पार्टी गरीबों व बेसहारों को मजबूत करने का काम करती है। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ समाजवादी पदयात्रा सपा प्रमुख अखिलेश यादव के निर्देश पर चल रही है। समाजवादी साथी विधानसभा लोगों से मुलाकात कर सरकार की जनविरोधी नीतियों को बताने का काम कर रहे हैं। पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक यादव ने कहा कि भाजपा देश की सम्पत्ति को पूंजीपतियों के हवाले करके उनको और अमीर बनाने में सहयोगी की भूमिका अदा कर रही है। वहीं जनता को किए गए वादों को पूरा करने में उसकी कोई दिलचस्पी नहीं है। मड़िहान विधानसभा चुनाव लड़े रविन्द्र बहादुर सिंह पटेल ने कहा कि सरकार की जन विरोधी नीतियों से देश में महंगाई व बेरोजगारी बढ़ रही है। सरकार चाहे तो एक दिन में महंगाई नियंत्रित कर ले। लेकिन गरीब व मध्यम वर्गीय तबका सरकार की प्राथमिकता में नहीं है। सरकार पूंजीपतियों के लिए काम कर रही है। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक यादव, रविन्द्र बहादुर पटेल, दामोदर मौर्या, अनीस खान, चन्दन यादव, जयमंगल यादव, जहांआरा, रामजी यादव, रविकान्त केशरी, अयूब अली आदि उपस्थित रहें।

### संतकबीरनगर पुलिस ने मैपमायइंडिया स्वदेशी ऐप के लिए दी जानकारी

**संतकबीरनगर।** यूपी पुलिस और मैपमायइंडिया के बीच डवन् के आधार पर नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे अधिक सटीक और सुरक्षित नेविगेशन के लिए मुफ्त, स्वदेशी मैपल मैप्स और नेविगेशन ऐप को डाउनलोड कर उसे उपयोग करें और मैप पर यातायात और सुरक्षा रिपोर्ट करे, जिस पर पुलिस कार्यवाही करेगी व यातायात के प्रवाह में सुधार करेगी और उपयोगकर्ताओं को वर्तमान सड़क गति सीमा, दुर्घटना संभावित क्षेत्र, तेज मोड़, स्पीड ब्रेकर, गड्ढे आदि के प्रति सचेत करके संतकबीरनगर में दुर्घटनाओं को कम करेगी। नागरिक और यात्री जो मुफ्त स्वदेशी मैपल्स ऐप का उपयोग करते हैं, उन्हें आधिकारिक, लाइव ट्रैफिक और सुरक्षा जानकारी के साथ बेहतर और सुरक्षित नेविगेशन मिलेगा, और कई अन्य अनूठी और लाभकारी विशेषताएं मिलेंगी जो अन्य डिफ़ॉल्ट प्री-लोडेड मैप्स ऐप में उपलब्ध नहीं है।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादी को दिया बंधक मुक्त खतौनी

**संतकबीरनगर।** तहसील खलीलाबाद के सभागार में मुख्य विकास अधिकारी अतुल मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित तहसील दिवस में आवेदक बृजेश मणि त्रिपाठी पुत्र रामसंकर निवासी जसवल भरवालिया के द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया की उक्त ग्राम में आवेदक का नाम गिरजेश मणि पुत्र रामशंकर के स्थान पर सही नाम बृजेश मणि त्रिपाठी होना चाहिए। जिस पर तत्काल मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश पर उपजिलाधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी द्वारा आदेश दिया गया की सही नाम दर्ज कर खतौनी उपलब्ध कराए जिस पर तत्काल खतौनी में सही नाम दर्ज करवाते हुए आवेदक को खतौनी उपलब्ध कराई गई। इसी प्रकार एक अन्य प्रकरण में कल्लू पुत्र फेंकू निवासी अहिरौली द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया की भारतीय स्टेट बैंक द्वारा 92 हजार का ऋण लिया था। जिसे



खतौनी प्रदान करते सीडीओ

जमा कर दिया गया परंतु अभी तक खतौनी बंधक मुक्त नही हुई है। जिस पर उपजिलाधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी द्वारा आदेश दिया गया की जांच कर खतौनी में बंधक मुक्त दर्ज किया जाए। जिस पर तत्काल जांच कर खतौनी में बंधक मुक्त दर्ज कर आवेदक को खतौनी उपलब्ध कराई गई। मौके पर उपजिलाधिकारी अजय त्रिपाठी, तहसीलदार शेख आलमगीर नायब तहसीलदार विजय गुप्ता लेखपाल अर्जुन पाठक, राजेश चौधरी, यदुनाथ त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व शिकायतों की भरमार



शिकायतें सुनते मुख्य विकास अधिकारी व एसडीएम

संवाददाता। घाटमपुर

**तहसील** के सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व से संबन्धित शिकायतों की भरमार रही, पुलिस से संबन्धित शिकायतें भी डेढ़ दर्जन के करीब आयीं।

रोस्टर के तहत समाधान दिवस में जिलाधिकारी को आना था पर वो नही आये जिसके चलते उनकी जगह पंहुचे मुख्य विकास अधिकारी सुधीर कुमार और एसडीएम अमित कुमार ओमर ने संयुक्त रूप से शिकायते सुनी तथा आधीनस्तों को गुणवत्ता पूर्वक समय सीमा के अन्दर निस्तारण का आदेश दिया है। समाधान दिवस में घाटमपुर के मोहल्ला कटरा ( हाफिजपुरा ) से पंहुचे जमील पुत्र अब्दुल वहीद ने उप जिलाधिकारी अमित कुमार ओमर को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि गैर आबाद गॉव आलादादपुर में उसकी जमीन दो गाटा संख्या में कुल रकबा-05260 है जिसे आछी मोहाल पश्चिमी कस्बा घाटमपुर निवासी नौशाद अहमद को मिट्टी खनन के लिये उठाया था, मिट्टी खनन में 4 फुट गहराई मिट्टी उठाने की शर्त थी और खनन के बाद खेत को समतल करके वापस देने की बात भी थी, लेकिन नौशाद ने 4 फुट गहराई की जगह 6 फुट गहराई तक मिट्टी उठायी है। एडीएम ने कोतवाली प्रभारी को जॉच कर आवश्यक कार्यवाही का आदेश दिया है। बिकास खण्ड पतारा के ग्राम पंचायत बारा दौलतपुर के प्रधान कृष्ण चंद्र ने मुख्य बिकास आधिकारी सुधीर कुमार को बताया कि राजस्व अभिलेखों में उनकी ग्राम पंचायत बारा दौलतपुर के जूनियर हाई स्कूल ( उच्च प्राथमिक विद्यालय ) के नाम 18 बीघा कृषि भूमि दर्ज है पर हार साल इस भूमि को जिला पंचायत लीज पर उठाती है जबकि जमीन विद्यालय के नाम दर्ज है ग्राम प्रधान ने ये भी बताया कि वर्तमान में विद्यालय मार्डन विद्यालय घोषित है, मुख्य बिकास अधिकारी ने जिला पंचायत से रिपोर्ट मॉगी है। इसी प्रकार बिकास खण्ड घाटमपुर के ग्राम पंचायत इस्माइलपुर कदीम के ग्राम प्रधान महेंद्र कुमार ने आबादी के पास खुले देशी शराब ठेके को हाये जाने की शिकायत दर्ज करायी है ग्राम प्रधान ने मुख्य बिकास अधिकारी को बताया कि शराब ठेका के पास प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय स्थित है तथा देर शांम तक अराजक तत्वों का जमवाड़ा बना रहता है। जब कि इसके पहले इसी शराब ठेका दूसरी जगह संचालित था। मुख्य बिकाश अधिकारी ने जिला आबकारी अधिकारी से संर्पक करने का आदेश दिया है। उप जिलाधिकारी अमित कुमार ओमर ने बताया कि दिवस में कुल 78 शिकायतें आयी हैं जिसमें राजस्व की सबसे ज्यादा 45 हैं जबकि 5 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया है, दिवस में जिला कृषि अधिकारी अमर सिंह, डिप्टी डाइरेक्टर कृषि ( डी०डी० ) चौधरी अरुण कुमार के अलावा तहसीलदार एस०पी० सिंह, बीडियो पतारा प्रवीना शुक्ला, एसीपी दिनेश शुक्ला, चिकित्साधीक्षक डा0 कैलाश चंद्रा तथा राजकीय बीज भंण्डर के प्रभारी विवेक सिंह के अलावा नलकूप, पी0डब्लू0डी0, नगर पालिका और समाज कल्याण बिीाग के अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

# तिलोई तहसील में डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

संवाददाता। तिलोई, अमेठी



**जिलाधिकारी** राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में तहसील तिलोई में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जायें शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए कि संपूर्ण समाधान दिवस में समय से आकर जन समस्याएं सुनें तथा उनका निस्तारण कराना सुनिश्चित करें इसमें लापरवाही किए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। आज सपूर्ण समाधान दिवस के दौरान सर्वाधिक शिकायतें राजस्व विभाग 22ए पुलिस विभाग 29 तथा विकास विभाग 8 से संबंधित प्राप्त हुई। जिनके निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने लेखपालों को निर्देश दिए कि गांव में जाकर निरंतर भ्रमण कर अवैध कब्जा सहित छोटे-मोटे विवाद निपटाएं। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि ग्रामीणों के शिकायती पत्र प्राप्त होते ही तुरन्त कार्यवाही अमल में लाई जायें ताकि तत्समय मौके पर ही निस्तारण किया जा सके। उन्होंने कहा कि जन सामान्य के कल्याणार्थ संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगो को दिया जाना सुनिश्चित किया जाये। शासन द्वारा संचालित योजनाएं पात्र व्यक्ति तक अवश्य पहुंचनी चाहिए। समाधान दिवस में कुल 91 शिकायतें प्राप्त हुई। जिनमें 06 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने मत्स्य पालकों के लंबित पट्टे तथा किसानों द्वारा धान विक्रय किए जाने को लेकर खतौनी सत्यापन के लंबित मामलों को शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस अधीक्षक डाण् इलामारन ए उपजिलाधिकारी न्यायिक राम केवल त्रिपाठीए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाण् विमलेंदु शेखरए जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंहए परियोजना निदेशक डीआरडीए आशुतोष दूबेए तहसीलदार तिलोई पवन शर्माए जायस नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी रवींद्र मोहनए वन रेन्ज अधिकारी ज़हीर मिर्ज़ाए खण्ड शिक्षाधिकारी नूतन जयसवाल सहित समस्त जिला व तहसील तथा ब्लाक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद का जन्म दिन अधिवक्ता दिवस के रूप में मनाया गया

● **बार एसोसिएशन मुसाफिरखाना ने सात वरिष्ठ अधिवक्ताओं को फूल माला व शाल से किया सम्मानित**

संवाददाता। मुसाफिरखाना, अमेठी



**स्थानीय** बार एसोसिएशन के सभागार में शनिवार देश के प्रथम राष्ट्रपति स्व0 डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद के जन्म दिवस अधिवक्ता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन संजय मिश्रा ने किया।

शनिवार स्थानीय बार एसोसिएशन के सभागार में संघ के अध्यक्ष गुरु प्रसाद त्रिपाठी की अध्यक्षता में अधिवक्ता दिवस का आयोजन हुआ।सर्व प्रथम मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई।डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया।इसके बाद बार एसोसिएशन के पांच वरिष्ठ अधिवक्ता सोमप्रकाश मिश्र व जगदीश प्रसाद सरोज व रामप्रसाद सरोज व रमाशंकर मिश्रएव विजयकुमार सिंह तथा बार एसोसिएशन सुलतानपुर से आये अतिथि गण पूर्व अध्यक्ष अरूण कुमार उपाध्याय व पूर्व अध्यक्ष वीरेन्द्र चतुर्वेदी को फूल मालाओ व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।सुलतानपुर से पधारे अरूण कुमार उपाध्याय व वीरेन्द्र चतुर्वेदी तथा बार एसोसिएशन मुसाफिरखाना के अधिवक्ता सतीश कुमार सिंहएपूर्व अध्यक्ष के0के0सिहंएवरिष्ठ अधिवक्ता देवप्रकाश शर्मा सहित कवि भोलानाथ पाठक भम्रर ने डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद के विचारों व व्यक्तित्व पर अपने विचार रखते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आह्वावन किया।सचिव संजय कुमार शुक्ल ने अधिवक्ताओं को एकजुट रहने का आह्ववान किया।इस मौके पर अधिवक्ता कृष्णा नंद मिश्राएअंजनी मिश्राएकुमुद श्रीवास्तवएश्रद्धा सिंहएप्रमोद श्रीवास्तवएसहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

# मतदेय स्थलों पर मतदाताओं के पंजीकरण के लिए विशेष कैम्प का होगा आयोजन

**कानपुर देहात**। उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01ण्01ण्2023 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत दिनांक 09ण्11ण्2022 से 08ण्12ण्2022 तक जन सामान्य से दावे ध् आपत्तियां प्राप्त किए जायेंगे। मतदाताओं की सुविधा हेतु दिनांक 04ण्12ण्2022 ;रविवारद्ध को समस्त पदाभिहित स्थलों ;मतदेय स्थलों पर मतदाताओं के पंजीकरण हेतु विशेष कैम्प का आयोजन किया गया है जिसमें जन सामान्य से दावे और आपत्तियां यथा फार्म.6ए 7ए 8 व 6 बी भी प्राप्त किये जायेंगे। उक्त विशेष अभियान दिवस पर समस्त बी0 एल0 ओ0 ध्पदाभिहित अधिकारी अपने.अपने निर्धारित मतदेय स्थल पर उपस्थित रहकर दावे और आपत्तियां प्राप्त करेंगे। बीण्एलण्ओण् की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए उच्चाधिकारियों द्वारा पर्यवेक्षण किया जायेगा। अतः ऐसे सभी पात्र व्यक्ति जो 01 जनवरीए 2023 को 18 वर्ष या उससे अधिक आयु प्राप्त कर चुके हैं परन्तु उनके नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित होने से छूट गये हैं उनसे अपील है कि दिनांक 04ण्12ण्2022 ;रविवारद्ध को अपने मतदेय स्थल पर जाकर निर्वाचक नामावली में अपना नाम दर्ज कराने ध् अपमार्जन कराने ध् संशोधन कराने के लिए निर्धारित प्रारूप भरकर जमा कर सकते हैं।

# राज्यस्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किये गए शिक्षक बृजेश



**रायबरेली।** जिला बेसिक शिक्षा विभाग की समेकित शिक्षा इकाई के अंतर्गत विकास खंड डीह में कार्यरत विशेष शिक्षक बृजेश यादव को अटल आडोटोरियम डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय सभागार लखनऊ में राज्य स्तरीय पुरस्कार से सुशोभित किया गया। मुख्य अतिथि मा. नरेंद्र कश्यप राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा शालए मेडल व प्रशस्तिपत्र प्रदान कर सम्मानित किया। शिक्षक के सम्मानित होने की जानकारी मिलने पर जिला दिव्यांग सशक्तिकरण अधिकारी मनीष मिश्रा, डीह के पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी शिवशंकर मिश्रा, वर्तमान खंड शिक्षा अधिकारी सत्यप्रकाश, शिवकेश तिवारी, राजेश शुक्लाए दिनेश सिंह, रामनरेश यादव, विजय त्रिपाठी, ओमानंद श्रीवास्तव, रंजीत शाह, दिलीप गुप्ता, सूर्यप्रसाद शर्मा दुर्गाशंकर वर्मा, अनूप मौर्या, आशा मिश्रा, नवीन पाण्डेय, महेश मोदनवाल, मजहरुद्दीन अहमद, कुसुम सिंह सहित प्रदेश भर के कई साथी शिक्षकों ने बधाई दी।

## जिलाधिकारी ने दिव्यांग बच्चों का किया उत्साहवर्धन

**कानपुर देहात।** जनपद में अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस 3 दिसंबर के अवसर पर समग्र शिक्षा के अंतर्गत विशिष्ट आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों के उत्साहवर्धन हेतु खेलकूद सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिता का आयोजन बीआरसी अकबरपुर परिसर में आयोजित हुआए इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी नेहा जैन ने प्रतिभाग कियाए जिलाधिकारी द्वारा दिव्यांग बच्चों के आयोजित किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत सुंदर गीतों एवं उनकी कुशलता को प्रदर्शित करती कलाओं को देखा तथा आंखों से दिव्यांग बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के पदार्थों को हाथ से छूकर बताने के साथ.साथ दिव्यांग बच्चो द्वारा ही रंगोली सजाने आदि के कार्यक्रम प्रस्तुत किए गएए जिसमें उन्होंने भाव विभोर होकर दिव्यांग बच्ची फ़िज़ा द्वारा बनाई गई रंगोली से उनके मध्य में स्वयं जाकर उनके लिए गीत का भी गायन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने आंखों से दिव्यांग अंगद द्वारा स्वयं ढोलक सुंदर धुन के साथ गीत प्रस्तुत कियाए वहीं एक और बालिका नैना भदौरिया ने भी गीत सुनाया जबकि कुछ बच्चों ने संयुक्त नृत्य भी प्रस्तुत किया जिसकी जिलाधिकारी ने सराहना करते हुए उन्हें पुरस्कृत भी कियाए इस अवसर पर बेसिक शिक्षा अधिकारी रिद्धि पांडे लेखाधिकारी बेसिक सहित विभिन्न विकास खंडों के खंड शिक्षा अधिकारी भी उपस्थित दिखे।

## मैनपुरी से भारी मतों से जीतेंगी डिंपल: जगनायक

**फतेहपुर।** मैनपुरी लोकसभा सीट पर उपचुनाव लड रही डिंपल यादव को समाज की सभी जातियों और वर्गों का भारी समर्थन मिल रहा है। इसलिये इस सीट पर समाजवादी पार्टी की भारी अंतर से जीत तय है। यह बात मैनपुरी में दो दिन तक चुनाव प्रचार करके लौटे वरिष्ठ समाजवादी नेता जगनायक सिंह यादव ने पत्रकारों से बातचीत में कही। उन्होंने बताया कि सैफई में नेताजी की समाधि स्थल पर पुष्पांजलि के बाद अपनी टीम के साथ किशनीं और करहल विधानसभा क्षेत्र के कुर्रा, बरा, लोकपुर, चतुरीपुर समेत विभिन्न गाँवो में जनसंपर्क किया। इस दरमियान कटरा समान कस्बे में सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव की बड़ी सभा में शामिल हुए। कहा कि भाजपा जितना गड़बड़ करने की कोशिश कर रही हैं, उतना ही डिंपल को जनता का समर्थन मिल रहा है। जसवंतनगर विधानसभा में जनसभा से पता चला कि सबसे बड़ी जीत जसवंतनगर से ही होगी। शिवपाल सिंह की सुरक्षा घटाए जाने के सवाल पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि यह सरकार की घटिया हरकत है। दरअसल अखिलेश और शिवपाल सिंह के साथ आ जाने से भाजपा घबरा गई है। उसे अब अपनी हार साफनजर आ रही है। इसलिये डराने के लिये ये कदम उठाया है, मगर इससे शिवपाल सिंह घबराने वाले नहीं है। उन्होंने दावा किया कि इस चुनाव के बाद समाजवादी पार्टी और मजबूत होकर उभरेगी।

## पालिका अध्यक्ष नौ तो नगर पंचायत अध्यक्ष ढाई लाख तक खर्च करेगें

**बस्ती।** वार्डवार आरक्षण के बाद नगर निकाय सामान्य निर्वाचन के लिए गाइड लाइन जारी कर दी गई है। पर्चा खरीद से लेकर चुनाव लड़ने की सीमा तक निर्धारित कर दिया गया है। सामान्य नगर पालिका अध्यक्ष का पर्चा षुल्क 500 रुपया, जमानत राषि आठ हजार और यह चुनाव प्रचार में नौ लाख रुपया तक खर्च कर सकते है। वहीं एससी एवं ओबीसी वर्ग के अध्यक्ष 250 रुपये में पर्चा खरीद सकेगें, इनकी जमानत राषि चार हजार और इनका भी चुनाव खर्च सीमा नौ लाख रखी गई है। इसी तरह सामान्य नगर पंचायत अध्यक्ष की जमानत राषि पांच हजार, पर्चा 250 रुपया और चुनाव व्यय की सीमा नौ लाख है।इसी तरह अगर कोई सामान्य सदस्य नगर पालिका का चुनाव लड़ना चाहता है, तो उसे पर्चा खरीदने के लिए दो सौ रुपया देना होगा, जमानत राषि दो हजार और चुनाव खर्च दो लाख तक का है। पर्चा दाखिला के समय प्रत्याषी को एक साल से अधिक के बकाएदार न होने, जहां से चुनाव लड़ रहे हैं, वहां का मतदाता, जमानत राषि जमा करने की रसीद, अगर कोई आरक्षित है, तो जाति प्रमाण-पत्र, आपराधिक न होने और संपत्ति का व्यौरा देना होगा।

## प्रथम राष्ट्रपति, महान स्वतंत्रता सेनानी एवं भारतरत्न डा.राजेन्द्र प्रसाद की जयंती

**रायबरेली।** देश के प्रथम राष्ट्रपति, महान स्वतंत्रता सेनानी एवं भारतरत्न डा.राजेन्द्र प्रसाद जी की जयंती के मौके पर कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हे श्रद्धाजंलि अर्पित की गई। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा कि राजेन्द्र बाबू जी द्वारा देष के लिए किए गये योगदान को हमेषा याद रखा जाएगा। श्री तिवारी ने कहा कि नमक आन्दोलन व भारत छोड़ो आन्दोलन के दौरान उन्हें जेल मे यातनांए भी सहनी पड़ी, ‘बाजू जी’ का सम्पूर्ण जीवन देष के प्रति सर्मपित रहा।

## जिलास्तरीय समिति की बैठक हुई आयोजित

**अमेठी।** प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजनान्तर्गत वर्ष 2022.23 हेतु विभिन्न योजनाओं में किये गये आवेदनों के चयन किये जाने के लिये जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता मे कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में विभिन्न परियोजनाओं यथा.तालाब निर्माणए वृहद आरएएसए लघु फीड मिल एवं जिन्दा मछली विक्रय केन्द्र, मोटरसाइकिल विद आइस बाक्सए साइकिल विद आइस बाक्स के प्रस्तावों को समिति के समक्ष रखा गया। इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी द्वारा सहायक निदेशक मत्स्य को निर्देशित किया कि जिन परियोजनाओं को बैंक सहमति पत्र न मिलने के कारण निरस्त कर दिया गया है उन्हें पुनः परियोजनाओं में सम्मिलित किये जाने हेतु मौका दिया जाये। इसके लिये जिला बैंक प्रबन्धक से बैंक का समन्वय स्थापित कर सहमति पत्र आवेदनकर्ताओं को उपलब्ध कराया जाय तथा उन्हें इसी वर्ष की परियोजनाओं में सम्मिलित किया जाये। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा, परियोजना निदेशक डीआरडी, आशुतोष दुबे, सहायक निदेशक मत्स्य, मत्स्य निरीक्षक, जिला कृषि अधिकारी, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## धान क्रय केन्द्र भिनगा का डीएम ने किया निरीक्षण

**श्रावस्ती।** जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने शनिवार को विकास खण्ड हरिहरपुररानी के अन्तर्गत ब्लाक गोदाम हरिहरपुररानी धान क्रय केंद्र भिनगा का औचक निरीक्षण कर धान खरीद का जायजा लिया। इस दौरान ज्ञात हुआ कि इस क्रय केन्द्र पर 1300.000 मीट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य रखा गया है जबकि 2 दिसम्बर 2022 तक 29 किसानों से 133.560 मीट्रिक टन धान खरीदा जा चुका है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जो भी धान अभी तक खरीदा जा चुका है उसे तत्काल मीलों को भेजा जाए। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान क्रय केन्द्र पर खरीद पंजिका, बोरों की व्यवस्था, ई.उपार्जन हेतु लैपटाप, आई.पैड, इलेक्ट्रानिक कांटा, विनोइंग फैन पंखा, छलना पावर डस्टर एवं अन्य सभी मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। नमी मापक यंत्र संचालित न पाये जाने पर उसे तत्काल ठीक कराये जाने के निर्देश दिए। उन्होने केन्द्र प्रभारी को निर्देश दिया कि ऋय केन्द्रों पर किसानों के लिए सरकार के मंशानुसार किसानों के बैठने के लिए छाया, पेयजल तथा केन्द्र पर अन्य आवश्यक सुविधाएं मुहैया करायी जाएंए ताकि धान खरीद केन्द्रों पर किसानों को कोई दिक्कत न होने पावे। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि किसानों से धान खरीदने में यदि किसी भी प्रकार की शिथिलता मिली तो केन्द्र प्रभारियों के ऊपर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जिला खाद्य विपणन अधिकारी प्रज्ञा शर्मा को निर्देश दिया कि वे निरन्तर धान ऋय केन्द्रों का मानिटरिंग करके सभी व्यवस्थाएं हमेशा सुनिश्चित रखवायें ताकि किसानों को धान बेचने में कोई दिक्कत न होने पाये।

## मांगों को लेकर अड़े अधिवक्ता, 46वें दिन हड़ताल जारी

**खागा (फतेहपुर)।** बढ़े सर्किल रेट को लेकर वकीलों द्वारा किए जा रहे क्रमिक अनशन प्रशासन की अनदेखी से समाप्त होने का नाम नही ले रहा है। अधिवक्ताओं की हड़ताल 46वें दिन जारी रही। 11 अधिवक्ता शनिवार को क्रमिक अनशन मे बैठे रहे। अधिवक्ताओं ने एस डी एम खागा और सब रजिस्टार खागा के खिलाफनारेबाजी की। क्रमिक अनशन मे 15वें दिन हिमांशु विश्वकर्मा, चंद्रभान सिंह, मोहम्मद लतीफ, बलवंत सिंह, रामनारायण सिंह, अनंत सिंह, इंदल सिंह, जितेंद्र राज सिंह, स्टांप वेंडर एवं लेखक सहित 11अधिवक्ता बैठे रहे। एडवोकेट हनुमान सिंह ने कहा कि प्रशासन वकीलों से वादाखिलाफी कर रहा है। जब तक प्रशासन की ओर से लिखित आश्वासन नही दिया जाता है तब तक प्रदर्शन किया जाएगा। वहीं रामशखा द्विवेदी ने कहा कि अफसरों द्वारा मनमाने तरीके से सर्किट रेट की बढ़ोत्तरी करने से आम आदमी परेशान होगा। इसलिए जनहित को देखते हुए बढ़े हुए सर्किल रेट वापस लिए जाए। इस मौके पर संयोजक अशोक गुप्ता, सह संयोजक मोतीलाल, पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, पूर्व महामंत्री धर्मेंद्र सिंह, शकील सिद्दीकी, इसराइल फारूकी, लक्ष्मीशंकर अवस्थी, रामसखा द्विवेदी, धीरेंद्र गुप्ता, अखिलेश अग्रहरि, मीडिया प्रभारी एस डी शुक्ला (भोले), रामप्रताप सिंह यादव, राहुल तिवारी, अविनाश यादव, मलखान सिंह, पंकज गुप्ता, आशीष दीक्षित, महेश सिंह, संदीप सिंह, सुमन सिंह राठौर, रानू पांडेय, अंकित द्विवेदी, अजय सिंह, कपिल यादव, ब्रजेश शुक्ला, राहुल तिवारी, अनिल सिंह, संदीप श्रीवास्तव, पुष्प नारायण शुक्ला, जितेंद्र यादव, आशीष शुक्ला, राजेश मौर्य, राम राखन सिंह, संजय सिंह एड. मौजूद रहे।

# बालिकाओं को सशक्त व मुखर बनाना मीना मंच का मुख्य उद्देश्य: बीएसए



**डीह, रायबरेली।** प्रदेश सरकार द्वारा लगातार महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा स्वावलंबन एवं सम्मान के लिए पूरे प्रदेश में मिशन शक्ति जागरूकता कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा मीना मंच के माध्यम से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेंद्र प्रताप सिंह के दिशा निर्देश पर पूरे जनपद में सभी विद्यालयों एवं केजीबीवी में मिशन शक्ति जागरूकता कार्यक्रम का अभियान संचालित किया जा रहा है। बी.एस. ए ने बताया कि बालिकाओं के सशक्तिकरण हेतु मिशन शक्ति जागरूकता कार्यक्रम काफी प्रभावशाली साबित हुआ है। जनपद में बालिका शिक्षा को प्रभावी एवं बालिकाओं के जीवन कौशल विकास हेतु संचालित मीना मंच कार्यक्रम के प्रभारी एस.एस पाण्डेय द्वारा आज विकास क्षेत्र डीह के प्राथमिक विद्यालय पूरे कुंजल के मीना मंच कक्ष में आयोजित मिशन शक्ति जागरूकता कार्यक्रम में पहुंचकर बालिकाओं का उत्साहवर्धन किया उन्होंने कहा कि हम भी किसी से कम नहीं कोई हरा दे दम नहीं देखना है मेरी उड़ान को तो ऊंचा कर दो आसमान को स्लोगन के साथ सभी हेल्पलाइन नंबर के बारे में विधिवत जानकारी दी इस अवसर पर ए आर पी महेश नारायण पाण्डेय, प्रधानाध्यापक सुनील कुमार मौर्य. सहायक अध्यापक अमित कुमार दुबे एवं राकेश कुमार तथा शिक्षामित्र सत्यवती उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन मीना मंच सुगमकर्ता रुबीना खातून द्वारा किया गया।

## दुष्कर्म के मामले को लेकर महिलाओं ने किया प्रदर्शन

**श्रावस्ती।** भिनगा विकास खण्ड सिरसिया क्षेत्र के एक गांव मे हुए सामूहिक दुष्कर्म के मामले ने अब तूल पकड़ना शुरू कर दिया है आरोपियों के गिरफ्तारी की मांग को लेकर पीड़िता अपने साथ गांव की दर्जनों महिलाओं को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर पहुंच कर धरने पर बैठ गई जिसके बाद जिलाधिकारी की गैर मौजूदगी में एसडीएम को शिकायती पत्र देकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। इसके बाद महिलाओं ने एसपी कार्यालय महुंच कर आरोपियों के जल्द गिरफ्तारी की मांग उठाई। मामला जनपद श्रावस्ती के सिरसिया थाना क्षेत्र का है जहां एक गांव निवासी दलित महिला 21 नवंबर की शाम को विभूतिनाथ गेट के पास सड़क के किनारे बेहोशी की हालत में पड़ी मिली जिसे राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची सिरसिया पुलिस ने एंबुलेंस की सहायता से सीएचसी सिरसिया लाकर भर्ती कराया इलाज के बाद होश में आने के पर महिला ने आरोप लगाते हुए बताया कि वह सामान की खरीददारी करने के लिए बेचईपुरवा बाजार आई थी जहां से वापस लौटते समय रास्ते में ग्राम पाठखौली निवासी धीरेन्द्र प्रताप सिंह तथा दिलीप सिंह ने उसे जबरन अपनी चार पहिया वाहन में बैठा लिया और उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया बाद में बेहोशी के हालत में उसे सड़क के किनारे फेक कर भाग गए। महिला की नामजद तहरीर पर सिरसिया थाने में दोनों आरोपियों के विरुद्ध दुष्कर्मए मारपीटए एससी एसटी समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

# प्रधान ने जबरन ताला तोड़ विद्यालय में किया कब्जा

**फतेहपुर।** इसे मनमानी कहें, दबंगी कहें या फिर अपने कामों एवं उत्तरदायित्वों के प्रति संवेदनहीन हो चुके लोगों की करतूत कि शिक्षा के मंदिर में जब प्रधानाध्यापक ने रामलीला कराने के लिए विद्यालय परिसर देने से मना कर दिया तो ग्राम प्रधान ने जबरन विद्यालय का ताला तोड़ दिया। इतना ही नहीं विद्यालय में जिस तरह से नृत्यांगनाओं ने फूहड नृत्य किया उसे देखने के लिए गांव के लोगों का मजमा लगा रहा। मामला अमौली खंड शिक्षा क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय देवरी बुजुर्ग का है।

हर वर्ष लगने वाले गांव के मेले में विद्यालय की चाबी ग्राम प्रधान ने प्रधानाध्यापक से मांगी तो शासनादेश का हवाला देकर उसने चाबी देने से मना कर दिया। मना करने के बावजूद विद्यालय का ही नहीं बल्कि कमरों के भी ताला तोड़कर विद्यालय में कब्जा कर लिया गया। गत 28 नव. को अवकाश होने के बावजूद विद्यालय का ताला तोड़ दिया गया और वहां 4 दिनों से रामलीला व मेले का किया जा रहा है। जिससे पढ़ाई प्रभावित है और बच्चों की परीक्षा होने के बावजूद उन्हें स्कूल तक लाने में शिक्षकों को मशक्कत का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि है कि पंजीकृत 300 बच्चों में बमुश्किल से घर-घर दस्तक देने के बावजूद 25-30 बच्चे ही विद्यालय पहुंच रहे हैं। रामलीला के दौरान फूहड़ नृत्य किया जा रहा है। अश्लीलता के सारे रिकॉर्ड टूटे हैं। प्रभारी प्रधानाध्यापक संतोष कुमार गुप्त ने थानाध्यक्ष जाफरगंज को विद्यालय का ताला तोड़कर कब्जा किए जाने की मुकदमा दर्ज करने की तहरीर दी है। साथ ही साथ उच्चाधिकारियों को भी मामले से अवगत कराया है। खंड शिक्षा अधिकारी कुंवर सिंह कमल का कहना है कि वह अवकाश पर हैं लेकिन मामले की जानकारी हुई है। उन्होंने बेसिक शिक्षाधिकारी को संबंधित मामले की जानकारी दे दी है।

# दिव्यांग दिवस पर एनटीपीसी ने किया ट्राई साइकिल का वितरण



**ऊंचाहार।** एनटीपीसी के नैगम सामाजिक दायित्व की ओर से अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर ट्राई साइकिल वितरण का आयोजन किया गया जिसमें सुमित्रा देवी जैसे आसपास के गांवों के अन्य लोगों को ट्राई साइकिल का वितरण किया गया। प्रियदर्शनी महिला क्लब की अध्यक्ष मनीषा समैयार व अन्य वरिष्ठ सदस्याओं ने इस अवसर पर दिव्यांग जनों से बात कर उनकी अपेक्षाओं को सुना और समझा।श्री समैयार ने कहा कि मुझे यह कहते हुए हर्ष हो रहा है कि हमारे दिव्यांग कर्मियों की क्षमताएं ही उनकी पहचान हैं।उन्होंने विद्युत क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के सरकार के संकल्प से जुड़ते हुए एनटीपीसी में निरंतर अपना योगदान देने का प्रयास किया है। हमें गर्व है कि आप सब एनटीपीसी का हिस्सा हैं।इस अवसर पर महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) गौतम कुमार जाना, महाप्रबंधक (मानव संसाधन व सुरक्षा अकादमी) अनिल कुमार डैंग, मुख्य चिकित्सा अधिकारी मधु सिंह, अपर महाप्रबंधक (सूचना प्रौद्योगिकी) सत्यवान गुप्ता, उप महाप्रबंधक (सिविल) राजेश शर्मा, प्रबंधक (सिविल) मयंक गुप्ता आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ प्रबंधक (मानव संसाधन) मेघा घई ने किया।

# आदेशों के बाद भी नहीं हट रहा अतिक्रमण

**बस्ती।** अवैध अतिक्रमण हआने के मामले में अधिकारी डीएम के बार-बार आदेष और निर्देष पर ध्यान नहीं दे रहे है। सवाल उठ रहा है, कि आखिर डीएम को बार-बार आदेष देने की आवष्यकता क्यों पड़ रही है, क्या अधिकारी डीएम की मंषा को एक बार में नहीं समझ पा रहे है। डीएम की नाराजगी जायज मानी जा रही है। डीएम प्रियंका निरंजन ने बार-बार अवैध अतिक्रमण करने वाले या चकमार्गो को क्षतिग्रस्त करने वाले व्यक्ति को चिन्हित करके उसके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने का निर्देश दिया है। वे संपूर्ण समाधान दिवस तहसील भानपुर में अधिकारियों को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि आज भी तहसील दिवस में चकमार्ग पर अतिक्रमण एवं सार्वजनिक भूमि पर अवैध अतिक्रमण के मामले आए हैं। राजस्व एवं पुलिस विभाग की टीम मौके पर जाकर ऐसे सभी 15 मामलों का आज ही निस्तारण कर रिपोर्ट दें। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 39 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 14 का मौके पर निस्तारण किया गया। पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव, सीडीओ डा. राजेश कुमार प्रजापति तथा उप जिलाधिकारी गिरीश कुमार झा ने लोगों की समस्याओं को सुना तथा उनके निस्तारण का निर्देश दिया।तहसील दिवस के बाद डीएम ने तहसील कैंपस में स्थित नगर पंचायत भानपुर कार्यालय का निरीक्षण किया तथा अव्यवस्थाओं पर नाराजगी व्यक्त किया। निरीक्षण में उन्होंने पाया कि जुलाई माह के बाद कैशबुक, स्टॉक रजिस्टर, संपत्ति रजिस्टर मेनटेन नहीं किया गया है। लिपिक ने यहां पर जून में कार्यभार ग्रहण किया है और उसने कोई कार्य नहीं किया। जिलाधिकारी ने इनको कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया है। डीएम ने राज्य वित्त आयोग एवं 15वें वित्त आयोग में प्राप्त धनराशि और उसके सापेक्ष व्यय का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिया है कि एक सप्ताह के भीतर सभी रजिस्टर पूरी तरह से दर्ज किए जाएं। उनके द्वारा पुनः इस कार्यालय का निरीक्षण किया जाएगा। ईओ नगर पंचायत ऋचा सिंह ने बताया कि चार सफाई कर्मियों को सफाई नायक के रूप में काम लिया जा रहा है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि 15 वार्ड का यह नगर पंचायत है और 5 सफाई नायक पर्याप्त है। चार सफाई कर्मियों से भी सफाई का कार्य लिया जाए। डीएम ने निर्देश दिया कि एमआरएफ सेंटर का कार्य तत्काल शुरू कराया जाए। नगर पंचायत भवन में भी मरम्मत की आवश्यकता है, इसका शीलन ठीक कराया जाए। उन्होंने स्टोर रूम का निरीक्षण किया, साथ ही पूर्व में खरीदे गए लगभग 6000 डस्टबिन में से अवशेष डस्टबिन के स्टोर का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिया कि इसको तत्काल लोगों में वितरित कराया जाए। जिलाधिकारी ने रामनगर ब्लाक के पंडित दीनदयाल उपाध्याय पुरस्कार से सम्मानित ग्राम पंचायत मनौली उर्फ हिंदू नगर, लघु गौशाला का निरीक्षण किया। पिछले 2 महीने से बार-बार कहने के बावजूद गौशाला व्यवस्थित ना किए जाने पर उन्होंने ग्राम प्रधान तथा ग्राम पंचायत सचिव को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यदि 15 दिन के अंदर गौशाला व्यवस्थित नहीं की जाती है, तो ग्राम पंचायत सचिव को निलंबित किया जाएगा। उन्होंने गौशाला के अंदर मात्र दस पशु पाए जाने पर भी नाराजगी व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि गौशाला में कम से कम 50 पशु रखे जाएं, चारों तरफ बाउंड्रीवाल बनाई जाए। वर्तमान में एक टीनसेड के नीचे ही चारों तरफ पॉलिथीन बांधकर पशुओं को रखा जा रहा है। डीएम ने इस स्थिति पर बेहद नाराजगी व्यक्त किया तथा बीडीओ को निर्देशित किया कि 15 दिन के भीतर कार्य करा कर अवगत कराएं। इस अवसर पर उन्होंने गायों को गुड़ खिलाया, वृक्षारोपण किया तथा गौशाला के सामने चारागाह की भूमि पर नैपियर घास रोपित किया ताकि भविष्य में गायों को चारा मिलता रहे। इस अवसर पर सीडीओ डॉ. राजेश कुमार प्रजापति, उप जिलाधिकारी गिरीश कुमार झा, तहसीलदार सत्येंद्र सिंह, तथा अन्य अधिकारी-कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# सभी के सामूहिक प्रयास से भारत बनेगा विकसित राष्ट्रः ओम बिरला

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**लोकसभा** अध्यक्ष ओम बिरला के प्रथम प्रयागराज आगमन पर भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी के नेतृत्व में चंद्रशेखर आजाद सर्किट हाउस के सभागार में कार्यकर्ता दर्शन एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला ने कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए कहा कि प्रयागराज की धरती पर 2025 में दुनिया का सबसे बड़ा कुंभ होने वाला है जो भारत की सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक है उन्होंने कहा कि प्रयागराज की धरती क्रांतिकारियों की आंदोलन की एवं अध्यात्मिक ऊर्जा की धरती है। इस धरती पर आकर और कार्यकर्ताओं का प्यार पाकर बड़ा गर्व महसूस कर रहा हूं।

उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति और संस्कार संपूर्ण विश्व को अपना परिवार मानता है और वसुधैव

## ● कहा, पीएम मोदी के नेतृत्व में संपूर्ण विश्व का विकास हो इस उद्देश्य के साथ भारत जी 20 देश की करेगा अध्यक्षता

कुटुंब के मानक पर भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी 20 देश की अध्यक्षता करेंगे। संपूर्ण विश्व के विकास के लिए नेतृत्व करेंगे और कहा कि हम सभी के सामूहिक प्रयास से भारत अपनी स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष के पूर्व ही विकसित राष्ट्र बनेगा और कहा कि दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश भारत है। हमारी चुनावी प्रणाली संविधानिक पारदर्शिता के अनुरूप होती है। जो दुनिया के लिए प्रेरक है। उन्होंने कहा लोकतांत्रिक व्यवस्था के अनुरूप हमारी केंद्र एवं प्रदेश की सरकार समाज के अंतिम पायदान पर बैठे हुए लोगों के जीवन को बदल रही है और


लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का स्वागत करते उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य।

उनके आंखों के आंसू पोछतें हुए कल्याणकारी कार्य कर रही है। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को अंगवस्त्रम पहनाकर एवं गणेश की प्रतिमा और कुंभ कलश देकर स्वागत एवं सम्मान किया। कहा कि भारतीय लोकतंत्र का मंदिर संवैधानिक मर्यादा के अनुरूप बिना किसी भेदभाव के लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की अध्यक्षता में चल रही है। जहां सभी संसदीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा उठाए गए जन समस्याओं का निराकरण किया जाता है। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला एवं उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत व अभिनंदन किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सांसद रीता बहुगुणा जोशी सांसद केसरी देवी पटेल भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य लक्ष्मण आचार्य एमएलसी केपी श्रीवास्तव सुरेंद्र चौधरी विधायक गुरु प्रसाद मौर्य महापौर अभिलाषा गुप्ता भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी जिला अध्यक्ष गंगा पार अश्वनी दुबे जिलाध्यक्ष जमुना पार विभव नाथ भारती गिरी बाबा कुंज बिहारी मिश्रा वरुण केसरवानी राजेश केसरवानी विवेक अग्रवाल पार्षद किरन जायसवाल श्याम चंद्र हेला राजू पाठक गिरजेश मिश्रा रमेश पासी देवेश सिंह राघवेंद्र सिंह कुमार नारायण डॉ सुशील सिन्हा सुभाष वैश्य एवं भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया।

# बिजली कर्मियों के हड़ताल पर जाने से उपभोक्ताओं के घरों में पसरा अंधेरा

**मिल्कीपुर, अयोध्या ।** हैरिंग्टनगंज विद्युत सबस्टेशन क्षेत्र में बिजली सप्लाई बाधित होने से लाखों घरों में अंधेरा पसरा हुआ है। कोई भी बिजली विभाग का अधिकारीध् कर्मचारी मोबाइल फोन रिसीव नहीं कर रहा है?। काफी जद्दोजहद के बाद पता चला है कि बिजली कर्मियों की हड़ताल के चलते क्षेत्र की बिजली काटी गई है। हैरिंग्टनगंज विद्युत सबस्टेशन से जुड़े लाखों उपभोक्ताओं के घरों की लाइट गुल हो गई है। आलम यह है कि कोई भी विद्युत कर्मी उपभोक्ताओं का फोन उठाने को राजी नहीं है। बिजली ना मिलने से उपभोक्ताओं में काफी आक्रोश देखा जा रहा है। दर्जनों उपभोक्ताओं ने 1912 पर कंप्लेन करके विद्युत सप्लाई बहाल किए जाने की मांग की है। हैरिंग्टनगंज विद्युत सबस्टेशन क्षेत्र के ग्राम नियामतपुर निवासी विपिन तिवारी ने बताया कि हैरिंग्टनगंज क्षेत्र में आए दिन बिजली सप्लाई बाधित रहती है और अब अचानक फिर विद्युत कर्मियों द्वारा बिजली सप्लाई बंद कर दी गई है। उन्होंने बताया कि मोबाइल स्विच ऑफ हो जा रहे हैं। घरों पर रखी गई पानी की टंकियां खाली हो चुकी हैं और बिजली वाले फोन उठाने को राजी नहीं हैं। इसी तरह से ग्राम घुरेहटा निवासी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि अचानक बिजली काट दी गई है। घंटों पूछताछ के बाद अब पता चल रहा है कि शायद बिजली कर्मियों ने हड़ताल कर दी है। ऐसी स्थिति में उपभोक्ताओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम पलिया लोहानी निवासी अजय सिंह ने कहा कि अचानक बिजली काट देनाए यह अच्छी बात नहीं है। बिजली कर्मियों द्वारा उपभोक्ताओं को पहले सूचना दी जानी चाहिए। कितने बजे से कितने बजे तक हड़ताल रहेगी या इतने दिनों की हड़ताल रहेगी। इस तरह से अचानक बिजली सप्लाई बंद कर देनाए उपभोक्ताओं के साथ मजाक है। दोषी लोगों के खिलाफ कार्यवाही की जानी चाहिए। हालांकि अगल.बगल के विद्युत सब स्टेशनों पर बिजली सप्लाई जारी है। हैरिंग्टनगंज विद्युत सब स्टेशन से जुड़े उपभोक्ता लगातार 1912 पर शिकायत दर्ज करा रहे हैं।

# प्रयागराज के दो मरीजों का हुआ सफल लिवर ट्रांसप्लांट

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**शहर के** रहने वाले विनोद पटेल और मोहम्मद मंसूर का अपोलोमेडिक्स अस्पताल में सफल लिवर ट्रांसप्लांट हुआ। विनोद को उनकी पत्नी व मोहम्मद मंसूर को उनकी बेटी ने अपने लिवर का हिस्सा डोनेट किया। लिवर ट्रांसप्लांट के बाद दोनों मरीज व उनके डोनर्स सभी स्वस्थ हैं। विनोद और मंसूर काफी समय से पेट में अत्यधिक दर्द उल्टी जॉन्डिस और सोचने समझने की शक्ति क्षीण होने की स्थिति में पहुंच चुके थे। प्रयागराज में डॉक्टर्स को दिखाने पर पता चला कि उनका लिवर बुरी तरह से डैमेज हो चुका है और ट्रांसप्लांट ही एक मात्र इलाज का विकल्प है। उन्हें सलाह मिली कि वे मुम्बई दिल्ली चेन्नई या हैदराबाद जाकर लिवर ट्रांसप्लांट करा लें। अब उनके सामने चुनौती थी कि लिवर ट्रांसप्लांट के लिए एक तो लंबी दूरी तय कर इन महानगरों में से एक में पहुंचें। फिर तीमारदारों सहित रहने का इंतजाम करें। यह विकल्प न केवल पीड़ादायक था बल्कि लिवर ट्रांसप्लांट के खर्च के साथ अनावश्यक खर्चे भी जुड़ रहे थे। इस बीच वे डॉ वलीउल्लाह सिद्दीकी कंसलटेंट सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी एचपीबी एंड लीवर ट्रांसप्लांट अपोलो अस्पताल लखनऊ से मिले। डॉ सिद्दीकी ने उन्हें अपोलोमेडिक्स हॉस्पिटल लखनऊ में उपलब्ध लिवर ट्रांसप्लांट सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। डॉ सिद्दीकी ने अपोलोमेडिक्स हॉस्पिटल में हुए सफल लिवर ट्रांसप्लांट के केसेज के बारे में भी विस्तार से बताया। अपोलोमेडिक्स हॉस्पिटल में उपलब्ध सुपरस्पेशलिस्ट डॉक्टर्स व अल्ट्रामॉडर्न चिकित्सा उपकरणों के चलते ट्रांसप्लांट सफल रहा। अब दोनों मरीज और डोनर्स दोनों पूरी तरह स्वस्थ हैं और पहले की तरह सामान्य जीवन व्यतीत कर रहे हैं।

# सहयोग से दूर होगी दिव्यांगता की धारणाः प्रो. सीमा सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**उत्तर प्रदेश** राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज की शिक्षा विद्या शाखा एवं कंपोजिट रीजनल सेंटर फॉर स्किल डेवलपमेंट रिहैबिलिटेशन एंड एंपावरमेंट आफ पर्सन विद डिसेबिलिटी नेल्लौर आन्ध्र प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को विश्व दिव्यांगता दिवस के अवसर पर विकलांग व्यक्तियों के लिए योजनाएं और लाभ विषयक एक दिवसीय वेबिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मुक्त विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से निश्चित रूप से दिव्यांग जनों को मजबूती मिलेगी। इसके लिए दिव्यांग जनों को जागरुक करने की आवश्यकता है। दिव्यांगजनों का व्यवस्थित सहयोग करके ही समाज से दिव्यांगता की धारणा दूर की जा सकती है।

वेबिनार के मुख्य वक्ता प्रवीन कुमार पुनर्वास अधिकारी सीआरसी नेल्लौर आन्ध्र प्रदेश ने अपने उद्बोधन में दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम से लेकर सरकार द्वारा विभिन्न रूपों

## ● विश्व दिव्यांग दिवस पर ववेबिनार का आयोजन

में बनाई गई योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने दिशा विकास सामर्थ घरौंदा निरामय सहयोगी ज्ञान प्रभा प्रेरणा संभव बढ़ते कदम कौशल विकास प्रशिक्षण शिपडा एनजीओ किरण यूपीआईडी आदि योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि ये दिव्यांगजनों हेतु लाभकारी हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक दिव्यांगजन इन योजनाओं के बारे में जानकारी रखें और योजनाओं का व्यवस्थित रूप से उपयोग करें तो सरकार के लिए एक महत्वपूर्ण कदम होगा और दिव्यांग जनों को समाज में महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त होगा। कार्यक्रम के बारे में संयोजक प्रो पी के स्टालिन निदेशक शिक्षा विद्या शाखा ने जानकारी दी। कार्यक्रम संयोजक राजमणि पाल सीआरसी नेल्लौर ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन के मारुति कृष्णा गौर तथा धन्यवाद ज्ञापन परविंद कुमार वर्मा ने किया।

# लक्ष्य निर्धारण में भारतीय मूल्यों का समावेश जरूरीः प्रो. शर्मा

## ● मुक्त विश्वविद्यालय में ई गवर्नेंस पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज



**उत्तर प्रदेश** राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के समाज विज्ञान विद्या शाखा के तत्वावधान में भारतीय सामाजिक अनुसंधान परिषद नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी भारत में ई गवर्नेंस और सार्वजनिक सेवाओं का वितरण उभरते मुद्दे चुनौतियां एवं भविष्य का शनिवार को समापन हो गया। समापन सत्र के मुख्य अतिथि प्रो संजीव कुमार शर्मा पूर्व कुलपति महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय मोतिहारी ने कहा कि तकनीक साध्य नहीं साधन है। उन्होंने ई व्यवस्था की सम्यक उपयोग की बात की।

समाज विज्ञानी के रूप में इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों पर अत्यधिक निर्भरता चिंता का विषय है। हमें इसके प्रयोग की सीमाओं को जानना होगा। उन्होंने भारतीय चिंतन मनीषा का वर्णन करते हुए कहा कि हमें अपने लक्ष्यों के निर्धारण में भारतीय मूल्यों का भी समावेश करना चाहिए। इससे पूर्व देश के जाने माने कवि कुमार डॉ कुमार विश्वास के बड़े भाई प्रोफेसर संजीव कुमार शर्मा के विश्वविद्यालय पहुंचने पर उनका हार्दिक स्वागत किया गया। उनके ओजपूर्ण उद्बोधन ने समां बांध दिया।

मुख्य वक्ता प्रोफेसर आर एस यादव कुलपति बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय रोहतक ने संगोष्ठी की विषयवस्तु पर बात करते हुए कहा कि तकनीक ने अर्थव्यवस्था को जोड़ने का कार्य किया है। साथ ही तकनीक सूचनाओं के तीव्र आदान प्रदान हेतु एक साधन भी है। सरकारी क्षेत्र में तकनीक प्रत्येक क्षेत्र में विकास का साधन है परंतु हमें इसके उपयोग की सीमाओं को जानना और पहचानना होगा तथा उसी के अनुरूप प्रयोग करना सीखना होगा। समापन सत्र की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो सीमा सिंह ने कहा कि गुड गवर्नेंस में ई गवर्नेंस निरंतर सहयोग दे रहा है। हम इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों के गुण और दोष को समझ कर इस क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं। इसके लिए हमें प्रत्येक व्यक्ति को तकनीक के प्रति जागरूक करना होगा। आरंभ में अतिथियों का स्वागत सेमिनार के निदेशक प्रोफेसर एस कुमार ने किया। दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार की रिपोर्ट डॉ दीपशिखा श्रीवास्तव ने प्रस्तुत की। संचालन डॉ त्रिविक्रम तिवारी एवं धन्यवाद ज्ञापन आयोजन सचिव डॉ आनंदानंद त्रिपाठी ने किया।

# तीन साल बाद 12 दिसंबर को होगा साकेत महाविद्यालय छात्रसंघ चुनाव

## ● 9000 से अधिक छात्र कॉलेज में है मतदाता आठ दिसंबर को होगा नामांकन

**अयोध्या।** साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय में तीन सत्र के बाद सत्र 2022-23 का चुनाव हुआ घोषित 12 दिसंबर को होगा चुनाव जिसमें लिंगदोह कमेटी का के प्रक्रिया का होगा पूर्णता पालन रु. 7500 से अधिक छात्र नहीं कर सकते हैं खर्च। जिसमें रु. 2000 में विद्यालय से मिलेगा नामांकन पत्र और डेढ़ हजार रुपए प्रति भूत शुल्क के रूप में जमा किया जाएगा जो 33 प्रतिशत मत पाने के बाद किया जाएगा वापस। मतदान के लिए छात्र छात्राओं को कॉलेज के ड्रेस कोड के साथ कॉलेज द्वारा जारी आई कार्ड लाना होगा अनिवार्य तभी कर पाएंगे मतदान। महाविद्यालय के प्राचार्य अभय कुमार सिंह ने बताया कि विद्यालय में मतदान प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है 6 दिसंबर को 11 बजे दिन में महाविद्यालय के वेबसाइट पर



साकेत महाविद्यालय के प्राचार्य अभय कुमार सिंह चुनाव अधिकारी अनिल कुमार सिंह सहित अन्य लोग

मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा वहीं से छात्र नेता और छात्र छात्राएं सूची डाउनलोड कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि 7 तारीख को सुबह 11 से 2 तक प्रशासनिक कार्यालय में अलग.अलग पदों के लिए अलग.अलग काउंटर पर नामांकन पत्रों की बिक्री प्रारंभ होगी और 8 दिसंबर को उसी काउंटर पर दिन में 11 से 2 तक जमा किया जाएगा 2 से 3 तक नामांकन पत्रों की जांच होगी और 3:30 बजे वैद्य प्रत्याशियों की सूची प्रकाशित कर दी जाएगी नाम वापसी का समय 3:45 से 4:30 तक होगा और प्रत्याशियों की अंतिम सूची का प्रकाशन शाम 5 बजे कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि 12 दिसंबर को सुबह 9 से 2 तक मतदान होगा 2: 30 से मतगणना की जाएंगी। परिणाम घोषित होने के बाद जीते हुए प्रत्याशियों को शपथ ग्रहण कराकर प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

विद्यालय के चुनाव अधिकारी चीफ प्रॉक्टर अनिल कुमार सिंह ने बताया कि प्रशासन की अनुमति के बाद चुनाव का शेड्यूल घोषित किया गया है उन्होंने बताया कि 9000 से अधिक छात्र मतदाता है और मतदान देने का अधिकार उन्हीं छात्रों को होगा जिनका एडमिशन सत्र 22, 23 में हो चुका है। उन्होंने बताया कि अगर किसी नेता की शिकायत मिलती है कि वह वसूली कर रहा है या पोस्टर लगाया हुआ है तो उसका नामांकन रद्द कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि डीएसडब्ल्यू डॉ बीड़ी द्विवेदी की अध्यक्षता में शिकायत निवारण समिति का गठन किया गया है जिसमें उनके साथ चार अन्य प्रोफेसर होंगे साथ ही साथ चुनाव पर्यवेक्षक के रुप में डां मिर्जा साहब शाह प्रोफेसर राम अवतार और प्रोफेसर उमापति मिश्र को बनाया गया है साथ ही साथ 13 लोगों को सहायक चुनाव अधिकारी बनाया गया है। चुनाव की पूरी प्रक्रिया लिंगदोह कमेटी के निर्णय के अनुसार की जाएगी। चुनाव वहीं छात्र लड़ सकता है ग्रेजुएशन में जिसकी उम्र 23 वर्ष और पोस्ट ग्रेजुएशन में 25 वर्ष तक हो। इससे अधिक उम्र के छात्र चुनाव नहीं लड़ सकते हैं।

# एनटीपीसी टाण्डा में विश्व दिव्यांग दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

**अंबेडकरनगर।** दिव्यांग जनों के मनोबल को बढ़ाने के उद्देश्य से एनटीपीसी टांडा द्वारा विश्व दिव्यांग दिवस मनाया गया। एन.एफ.एन. दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र में आयोजित कार्यक्रम के दौरान दिव्यांग जनों के लिए म्यूजिकल चेयर, निबंध, चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कालोनी परिसर स्थित विवेकानन्द शिशुकुंज विद्यालय के दिव्यांग बच्चों ने लघु नाटक एवं नृत्य तथा गीत प्रस्तुत किया। जिसका लोगों ने भरपूर आनन्द उठाया। कार्यक्रम में बसखारी, टाण्डा, महबुबगंज, भीटी, हसवर आदि गॉवों के 80 दिव्यांग जनों ने प्रतिभागिता की।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक (टांडा) श्री बी.सी.पलेई द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएँ) डा0 उदयन तिवारी, महाप्रबन्धक (परियोजना) श्री अतुल गुप्ता, महाप्रबन्धक (ईंधन प्रबंधन) श्री



पी.एल.नरसिम्हा, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री एस एन पाणिग्राही, महाप्रबन्धक (प्रचालन) श्री अभय कुमार मिश्रा, गरिमा महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती आरती पलेई उपस्थित रहें।

सम्बोधित करते हुए पलेई ने कहा कि एनटीपीसी टांडा द्वारा दिव्यांग जनों की शिक्षा, स्वरोजगार, पुनर्वास आदि के लिए वर्षभर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। नैगमिक सामाजिक दायित्व क अन्तर्गत हम अपनी सेवाओं का विस्तार करते हुए राम अवध अंध ज्ञान विद्यालय, अयोध्या में भी दृष्टिबाधित छात्रों को निरंतर सहायता पहुँचा रहे हैं। कार्यक्रम में नैगमिक सामाजिक दायित्व के तहत मुख्य अतिथि ने अशक्तजनों को 23 ट्राईसाईकिल, 5 व्हीलचेयर, 6 जोड़ी वैशाखी, 2 जोडी एल्बो ऋच, 3 आर्थोसिस प्रदान किया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि ने सभी प्रतिभागियों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी बच्चों को पुरस्कृत का उनका हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम के संयोजन में डा0 साधना तिवारी, सहायक मुख्य चिकित्साधिकारी, डॉ0 सीमा बुधवानी, दंत चिकित्सक एवं एन.एफ.एन. दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के सभी सदस्यों का योगदान रहा।

इसी श्रृंखला में परियोजना के दिव्यांग कर्मचारियों के लिए कर्मचारी विकास केन्द्र में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक (टांडा) श्री बी.सी.पलेई ने विश्व दिव्यांग दिवस के बारे मे विस्तार से चर्चा की। उन्होनें सभी दिव्यांग कर्मचारियों का हौसला बढाते हुए कहा कि शारीरिक दिव्यांगता प्रगति में बाधक नही है, सभी लोगों को मानसिक रुप से मजबूत होना चाहिए।

इस अवसर पर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री एस एन पाणिग्राही ने दिव्यांग जनो के हितार्थ चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के बारे मे जानकारी सांझा की। इस अवसर पर दिव्यांग जनो के उत्साहवर्द्धन के उद्देश्य से एवरेस्ट विजेता अरुणिमा सिन्हा एवं पैरा एथलीट दीपा मलिक के सफलता संघर्षो पर निर्मित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया।

# बाराती को अचेत अवस्था में एंबुलेंस द्वारा सीएचसी भीटी भिजवाया गया

**भीटी, अम्बेडकरनगर।** सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार महरुआ थाना क्षेत्र के ग्राम सभा सेहरा जलालपुर चौहान का पुरवा में श्याम बिहारी चौहान के घर लड़की की शादी में शुक्रवार को टांडा से बारात आई हुई थी और शादी पूरी तरीके से शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई और सुबह बारात भी विदा हो गई इसके बाद टेंट में बिछी चारपाई और बिस्तर को बटोरने के लिए कुछ लोग वहां गए तो देखा कि एक व्यक्ति चारपाई पर रजाई ओढ़े हुए सोया हुआ है तभी उन लोगों ने उसे काफी जगाने का प्रयास किया और जब वह नहीं उठा तो उन लोगों ने इसकी सूचना लड़की के पिता श्याम बिहारी को दी जिस पर श्याम बिहारी चौहान द्वारा रजाई को खोला गया तो वह व्यक्ति अचेत अवस्था में पाया गया जिसकी सूचना फोन द्वारा महरुआ थाना अध्यक्ष गजेंद्र विक्रम सिंह को दी गई और तत्काल प्रभाव से एसआई दिलीप त्रिपाठी और धीरज सिपाही ने घटनास्थल पर पहुंच कर ग्रामीणों की मदद से एंबुलेंस द्वारा सीएचसी भीटी भिजवाया गया जहां डॉक्टरों द्वारा उसे मृतक घोषित कर दिया गयाऔर इसकी सूचना उस व्यक्ति के घरवालों को भी दे दी गई है सूचना मिलते ही घर वालों में हड़कंप मच गया है उस व्यक्ति की पहचान मुरिंदर पुत्र स्वर्गीय संतराम चौहान कश्मीरी चौराहा टांडा थाना अलीगंज अंबेडकर नगर के रूप में हुई है और बताया गया की उस व्यक्ति की 1 वर्ष पहले ही शादी हुई थी और दो बर्ष पहले भाई की भी मौत हो गई थी अपने घर का अकेला था जोकि मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण करता था और मृत्यु का समाचार सुनते ही परिवार मे मचा कुहराम। खबर लिखे जाने तक महरुआ थाने पर किसी प्रकार की कोई शिकायत पत्र नहीं दिया गया।

# डीएम ने संपूर्ण समाधान दिवस में सुनीं जनसामान्य की समस्याएं

## ● जिलाधिकारी ने शिकायतों को समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित करने के निर्देश दिये

**संवाददाता।** अयोध्या

**जिलाधिकारी** नितीश कुमार ने विभिन्न विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में तहसील सोहावल में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में सुनी जनसामान्य की समस्यायें/शिकायतें। जिलाधिकारी द्वारा जनसामान्य की समस्याओं को एक.एक करके गम्भीरता पूर्वक सुनकर समस्याओं का यथासम्भव मौके पर ही निस्तारित किया गया तथा शेष समस्याओं को सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।

इस दौरान जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ता श्रीमती बचावन पत्नी ननकू राम, ग्राम सारंगापुर तहसील सोहावल के भूमि के पैमाइश कराने तथा शिकायतकर्ता स्वामीनाथ वर्मा पुत्र



राम सजीवन, चिरैंधापुर पिलखावां के प्रकरण में उपजिलाधिकारी सोहावल को उक्त प्रकरणों में परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये है। इसी प्रकार जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ता साहबदीन पुत्र स्व0 रामदेव, नैपुरा मसौधा के प्रकरण में उपजिलाधिकारी सदर को प्रकरण में परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने तथा शिकायतकर्ता कुसुम दूबे पत्नी देवराम दूबे, कादीपुर भैरो दूबे का पुरवा के चकमार्ग के प्रकरण में तहसीलदार सोहावल को प्रकरण में परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये है। एक अन्य प्रकरण शिकायतकर्ता श्री राजकुमार ग्राम प्रधान अमौना ने विपक्षी द्वारा अवैध कब्जा हटाने को लेकर जिलाधिकारी ने तहसीलदार सोहावल/एसएचओ पूराकलन्दर को प्रकरण में टीम बनाकर समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये है। इस दौरान जिलाधिकारी ने चकमार्ग, तालाब, खलिहान, पशुचर आदि जैसे सार्वजनिक भूमियों को अवैध कब्जे से मुक्त रखने हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया तथा सार्वजनिक भूमियों पर अवैध कब्जेदारों पर कड़ी वैधानिक कार्यवाही भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने भूमि विवाद से सम्बंधित मामलों में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम का गठन कर मौके पर जाकर उभयपक्षों की उपस्थिति में प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करने तथा उभयपक्षों को निस्तारण की स्थिति से अवगत कराने व निस्तारण आख्या को आईजीआरएस पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी व तहसीलदार को प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति का स्वयं भी मूल्यांकन करने तथा निस्तारण की गुणवत्ता सुनिश्चित रखने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में कुल 108 शिकायतें प्राप्त हुईए जिसमें से 07 शिकायतों को मौके पर ही निस्तारित किया गयाए शेष शिकायतों जिलाधिकारी ने सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता पूर्ण ढंग से निस्तारित कर स्पष्ट आख्या उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया। समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा 8 लाभार्थियों राम खेलावन, श्यामपति, महादेव निषाद, राम जी, केशरी नन्दन, विद्या प्रसाद, विकास कुमार व श्रीमती मुन्ना देवी को मछली पालन हेतु तालाब पट्टे का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

# कृषि क्षेत्र में युवाओं का भविष्य उज्जवलः डा. देवेश चतुर्वेदी

**मिल्कीपुर अयोध्या।** युवा ही राष्ट्र की धरोहर हैं। युवाओं के बेहतर भविष्य के लिए कृषि शिक्षा बहुत जरूरी है। अपने भविष्य को संवारने के लिए कृषि शिक्षा के क्षेत्र में युवाओं के पास एक सुनहरा मौका है। इस क्षेत्र में रोजगार की भी अपार संभावनाएं हैं। देश के विकास के लिए मेडिकल के बाद कृषि क्षेत्र अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान के अपर मुख्य सचिव डा. देवेश चतुर्वेदी कृषि शिक्षा दिवस के अवसर पर ऑनलाइन जुड़कर छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। शासन में जरूरी बैठक होने के कारण वे विश्वविद्यालय नहीं पहुँच सके। कृषि विश्वविद्यालय परिसर स्थित एग्री बिजनेस मैनेजमेंट के प्रेक्षागृह में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉक्टर चतुर्वेदी ने कहा कि कृषि की पढ़ाई के बाद छात्र तकनीकी व्यवसाय को अपनाएं और दूसरों को भी रोजगार दें। कृषि के क्षेत्र में शोध की भूमिका अहम हैए वैज्ञानिकों को हमेशा शोध करते रहना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कृषि विश्वविद्यालय के

## ● कृषि शिक्षा दिवस में छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में लिया हिस्सा

कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने कहा कि संविधान को बनाने में डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने अहम भूमिका निभाई थी। कैसे शिक्षा दिवस पर बोलते हुए कहा कि कृषि शिक्षा को हर वर्ष विश्वविद्यालय उत्सव की तरह मनाता है। इस वर्ष कृषि शिक्षा में 34 प्रतिशत बच्चों की भागीदारी बढ़ी है। उन्होंने कहा कि कृषि शिक्षा के प्रति छात्रों का तेजी से रुझान बढ़ा है। इसके अलावा कुलपति ने विश्वविद्यालय की अन्य उपलब्धियों को भी गिनाया। निदेशक प्रसार प्रोफेसर ए पी राव ने भी बच्चों को कृषि शिक्षा के बारे में जागरूक किया। कृषि शिक्षा दिवस के अवसर पर वाद विवादए पोस्टर एवं पेटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्र.छात्राओं ने प्रतिभाग किया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर स्मृति, द्वीतीय श्रीजन यादव व वृंदा वर्मा और तृतीय स्थान पर अतुल सिंह सैनी ने हासिल किया।

# गड्ढा मुक्त अभियान को जिला पंचायत ही लगा रहा है पलीता

संवाददाता। सीतापुर

● मरम्मत के एक सप्ताह भीतर उखड़ने लगी सड़क की बजरी

● हरगांव विधानसभा क्षेत्र में सड़क पर हुआ है मरम्मत कार्य, सेलूमऊ नरोत्तमपुर मार्ग से पचेहरा गांव तक जाती है सड़क

**योगी सरकार** के गड्ढा मुक्त सड़कों के अभियान को सीतापुर का जिला पंचायत ही पलीता लगा रहा है। आलम यह है कि जिला पंचायत द्वारा मरम्मत कराई गई सड़क की बजड़ी एक सप्ताह के भीतर ही उखड़ने लगी है। सड़कों का निर्माण कराने और मरम्मत करवाने वालों का रवैया अगर ऐसा ही रहा तब तो कभी भी सड़कें गड्ढा मुक्त हो ही नहीं पाएंगी। आलम यह है कि इसकी सूचना जिला पंचायत में दिए जाने के बावजूद जिम्मेदारों पर कोई कार्यवाही न किया जाना अपने आप में सवाल खड़ा कर रहा है और तो और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि भी ऐसे मामलों में कोई दखल नहीं दे रहे है। इससे तो यही जाहिर होता है कि कहीं न कहीं ऐसे मामलों में उनकी भी संलिप्तता है। आपको बता दें कि विकास खण्ड हरगांव क्षेत्र में एक सड़क की मरम्मत कराई गई जिसकी बजड़ी एक सप्ताह में ही उखड़ने लगी है। यह सड़क कारागार राज्यमंत्री एवं हरगांव विधायक सुरेश राही के क्षेत्र अन्तर्गत आती हैं। उखड़ती बजड़ी को देखकर सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है कि मरम्मत के नाम पर सिर्फखाना पूर्ति की गई है। सड़क पर पैर रखड़ते ही बजड़ी इस तरह बिखरती है मानों डामर का प्रयोग किया ही नहीं गया है। विकासखंड हरगांव क्षेत्र के सेलूमऊ नरोत्तमपुर मार्ग से पचेहरा गांव तक जाने वाले इस सड़क पर लेपन और मरम्मत का काम जिला पंचायत की तरफ पंचम राज्य वित्त आयोग योजना के अंतर्गत कराया गया है। मरम्मत कराने के साथ ही यहां जिला पंचायत की तरफ से शिला पट्टिका भी लगा दी गई है और उसका लोकापर्ण भी कर दिया गया। हालांकि पटिका पर इसका कोई उल्लेख नहीं किया गया है कि इस सड़क के मरम्मत पर कितनी धनराशि खर्च की गई है। सड़क की उखड़ रही बजड़ी इस बात की तस्दीक कर रही है कि सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग किया गया है। बहरहाल एक सप्ताह के भीतर बजड़ी उखड़ने की जानकारी जब भाजपा से झरेखापुर मंडल अध्यक्ष रोहित मिश्रा को हुई है तो उन्होंने जिला पंचायत के अवर अभियंता सहीम अहमद से शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बाद शनिवार को अवर अभियंता सहीम अहमद मौके पर पहुंचे और शिकायत के संबंध में सत्यापन किया। अवर अभियंता सहीम अहमद ने बताया कि मंडल अध्यक्ष की शिकायत पर सड़क की जांच की गई है। जल्द ही फिर से लेपन कार्य कराया जाएगा।

# उर्वरक पाने के लिए भटक रहे हैं किसान

संवाददाता। सीतापुर

● रात के अंधेरे में महंगे दामों पर बेची जा रही खाद

**सीतापुर के** गांजरी इलाके के किसानों का प्रकृति के साथ-साथ प्रशासनिक अधिकारी भी बराबर इम्तिहान ले रहे हैं। पहले तो असमय आई बाढ़ ने किसानों की फसल चौपट कर दी। उसके बाद जब किसानों के खेतों से पानी सूख गया है उनको गेहूं की बुवाई करनी है तो समय से खाद नहीं मिल पा रही है। किसान साधन सहकारी समितियों के चक्कर लगा रहे हैं। लेकिन वहां पर ताला झूलता मिलता है। मामला विकासखंड रेउसा की साधन सहकारी समिति थौरा गंगापुरवा का है। जहां के किसानों का कहना है कि-समिति पर डीएपी खाद तो उपलब्ध हो गयी है। लेकिन यहां तैनात सचिव राजू खाद का वितरण नहीं कर रहे हैं और रात के अंधेरे में महंगे दामों में डीएपी की बिक्री कर रहे हैं। गरीब किसान दिन भर समिति के बाहर इंतजार करते हैं। लेकिन उनको खाद नहीं मिल पाती है। मामले में सचिव राजू से कई बार फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, मगर फोन स्विच ऑफ बताता रहा। ए. आर. कोआपरेटिव नवीन कुमार शुक्ला ने आई इंडिया को फोन पर बताया कि उक्त केंद्र पर 240 बोरी खाद पहुंची है, करीब 700 किसानों को खाद की जरूरत है, इसलिए पुलिस की व्यवस्था के बाद वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रात में वितरण का आरोप गलत है, किसी भी केन्द्र पर कोई गड़बड़ी नहीं हो रही है।

## क्विक न्यूज

### 23 मेघावी कन्याओं को ई मोबाइल टेबलेट वितरण करेगी रोटरी क्लब बरेली साउथ

**बरेली।** रोटरी क्लब बरेली साउथ की एक सभा श्री कपिल अग्रवाल के नेतृत्व में अध्यक्षता में हुई । जिसमें रोटरी इंटरनेशनल द्वारा कक्षा 9 की छात्राओं की प्रतियोगिता के बाद विजय छात्राओं के नामों की घोषणा की गई । कपिल अग्रवाल ने बताया की मंडलअध्यक्ष पवन अग्रवाल के द्वारा पूरे डिस्ट्रिक्ट में कक्षा 9 की छात्राओं की प्रतियोगिता की विजता छात्राओं को एक टेबलेट पुरस्कार स्वरूप दी जाएगी ।कम्युनिटी सर्विस डायरेक्टर रोहित जिंदल ने बताया की रोटरी क्लब बरेली साउथ द्वारा 4 दिसंबर 2022 को रोटरी भवन चौपला रोड पर सुबह 11रू00 बजे से 23 मेघावी कन्याओं को ई मोबाइल टेबलेट वितरण का कार्यक्रम किया जाएगा । यह टैबलेट का वितरण डिस्ट्रिक्ट 3110 मंडल अध्यक्ष पवन अग्रवाल के नेतृत्व में किया जा रहा है । जिसमें पूरे मंडल में 635 टेबलेट का वितरण किया जा रहा है । सचिव मनोज अग्रवाल ने बताया की टेबलेट वितरण समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बरेली श्री अखिलेश कुमार चौरसिया जी रहेंगे । सभा में डॉक्टर आई एस तोमर, डॉक्टर रवि मेहरा, रवि प्रकाश अग्रवाल, चंद्र प्रकाश, राजीव बूबना, विमल मेहरोत्रा, अमित मल्होत्रा, डॉ विनोद पागरानी, संजय अग्रवाल, ध्रुव तिलक, अजय जसोरिया ,पंकज टंडन, अप्पूर्व गुप्ता, संदीप मेहरा, पंकज टंडन, चरण कमल सिंह, दिनेश खंडेलवाल, हिमांशु कौशिक मौजूद रहे ।

### पेंटर ने जहरीला पदार्थ खाकर की आत्महत्या

**बरेली ।** मानसिक रूप से तनावग्रस्त चले रहे एक पेंटर ने जहरीला पदार्थ खा लिया उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बारादरी थाना क्षेत्र के मोहल्ला संजय नगर निवासी पेंटर विजय पुत्र जय किशन कि आज सुबह जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई है उसे कल सुबह बेहोशी की हालत में पत्नी गौरी प्यारी और बहन छाया में भर्ती कराया था जिला अस्पताल में मौजूद पत्नी ने बताया कि विजय पेंटिंग का काम करता था और लगभग 2 हफ्ते पूर्व मृतक की मां सड़क दुर्घटना में घायल हो गई थी उसने मां के इलाज में लगभग 80000 रुपए खर्च किए थे उसने कुछ लोगों से भी पैसा उधार लिया था पैसा देने वाले उस पर पैसा वापस करने का दबाव डाल रहे थे जिसके चलते वह मानसिक रूप से परेशान हो गया और कल सुबह उसने घर में रखा कीटनाशक खा लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई पता चलने पर पत्नी और बहन उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाए जहां आज सुबह उसकी मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी मृतक एक बच्चे का पिता था

### सड़क दुर्घटना में ग्रामीण घायल

**बरेली ।** इको वेन और बोलेरो कार के बीच हुई टक्कर में बिलोरी सवार एक ग्रामीण घायल हो गया उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।आंवला थाना क्षेत्र के भुर्जी टोला निवासी 35 वर्षीय नरेश पुत्र धनीराम को बीती रात घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसके घर वालों ने बताया कि नरेश कल शाम को अपने साडू गुड्डू के साथ बोलेरो कार में बैठकर सिरौली थाना क्षेत्र के गांव मनोना स्थित खाटू श्याम मंदिर जाने के लिए घर से चला था लेकिन कुछ दूर चलने के बाद सामने से आ रही थी ईको बैन उनकी कार से टकरा गई बोलेरो चालक ने अचानक ब्रेक लगाए जिससे सीट पर बैठा नरेश खिड़की शीशे से जा टकराया और गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना मिलने पर पहुंचे घरवाले उसे पहले स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले गए और फिर इलाज के लिए जिला अस्पताल लाए जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है

### आवारा सांड ने ग्रामीण पर किया जानलेवा हमला

**बरेली ।**जंगल में जाने के लिए घर से निकले एक बुजुर्ग पर घर के बाहर खड़े आवारा सांड ने हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। भुता थाना क्षेत्र के गांव अमृता निवासी 65 वर्षीय विद्या राम पुत्र बाबूराम को आज सुबह इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसके घर वालों ने बताया कि विद्याराम रोजाना की तरह आज सुबह तड़के सो कर उठने के बाद जंगल में जाने के लिए घर से निकले थे लेकिन एक आवारा सांड उनके घर के दरवाजे पर ही खड़ा था जैसे ही वह घर से दरवाजे से बाहर निकले सांड ने उन पर हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए लोगों पर उनके चिल्लाने की आवाज सुनकर गांव के लोग और घरवाले मौके पर पहुंचे और सांड को भगा दिया लेकिन तब तक विद्याराम गंभीर रूप से घायल हो चुके थे घरवाले उन्हें इलाज के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां से हालत नाजुक देखकर जिला अस्पताल लाये ।

# वरासत के लिए लेखपाल ने ली मुंह मांगी रकम, आडियो हुआ वायरल !

● रुपए लेने के बाद भी लेखपाल ने नहीं की वरासत, वरासत के लिए लेखपाल ने लिए 2500 रूपए

● शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई मामला तहसील महमूदाबाद के ब्लाक रामपुर मथुरा का

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर में** भ्रष्टाचार की जड़ें गहराती जा रही है। आलम यह है कि वरासत के लिए क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा मुंह मांगी रकम ले ली जाती है। रकम पाने के बाद भी कई कई दिनों तक फरियादी को दौड़ाया और टरकाया जाता है। ऐसा ही एक आडियो इन दिनों तेजी से वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा आडियो विकासखंड रामपुर मथुरा क्षेत्र का बताया जाता है। जहां वरासत के नाम पर क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा किसान से 2500 रूपए ले लिए गए और फिर भी वरासत नहीं की गई। मनबढ़ लेखपाल की शिकायत स्थानीय विधायक और संबंधित तहसील महमूदाबाद के उपजिलाधिकारी से भी की गई, लेकिन कार्रवाई शून्य रही। बताया जाता है कि इसके बाद ग्राम पंचायत भागीपुर के भुक्तभोगी किसान अनिल वर्मा ने गांव के त्रिभुवन वर्मा से अपना दुखड़ा रोया। शनिवार को मामले में एक बार फिर जब एसडीएम महमूदाबाद मिथिलेश कुमार त्रिपाठी से इस संबंध में बात की गई तो उन्होंने रटा रटाया जवाब देते हुए कहा कि जांच करवाकर कार्यवाही की जाएगी।

# कोटेदार और पूर्व प्रधान प्रतिनिधि की धारदार हथियारों से हत्या

संवाददाता। सीतापुर

● साथ सोए नौकर को नहीं हो सका भान, एक ही कमरे में सोए थे मृतक लल्ला सिंह और नौकर कल्लू

● नौकर को पता ही नहीं चला, सुबह होने के बाद दी परिजनों को जानकारी

● पुलिस को नौकर पर शक, कल्लू को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू

**सीतापुर में** एक कोटेदार और पूर्व प्रधान प्रतिनिधि की धारदार हथियारों से सिर और चेहरा कूचकर हत्या किए जाने से इलाके में सनसनी फैल गई। कोटेदार का शव गांव के बाहर बने कमरे में पड़ा मिला। साथ सोए नौकर ने सुबह शव देखकर घटना की जानकारी परिजनों को दी। हत्या की सूचना पाते ही पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चंद्रभान और अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी एनपी सिंह, सीओ महमूदाबाद रविशंकर प्रसाद और कोतवाल विजेन्द्र कुमार मौके पर पहुंचे। पुलिस को घटना स्थल से एक हथौड़ा मिला है लेकिन इस हथौड़े में खून के कोई निशान नहीं पाए गए है। पुलिस को शक है कि इस हत्याकांड को कोटेदार की करीबी को मिलाकर अंजाम दिया गया है। हत्या के पीछे पैसे का लेनदेन हो सकता है। पुलिस को प्रथम दृष्टया कोटेदार के साथ सोए नौकर पर ही संदेह है, जिसको हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। महमूदाबाद कोतवाली इलाके के गांव गुलौली की सुबह की शुरूआत सनसनी के साथ हुई। गांव के कोटेदार और पूर्व प्रधान के प्रतिनिधि 53 वर्षीय लल्ला सिंह की अज्ञात हमलावरों ने उनके ही घर के कमरे में धारदार हथियार से हत्या कर दी और फरार हो गए। साथ में सोए बाराबंकी जनपद के थाना बड्डूपुर के खिजना निवासी कल्लू वर्मा को इसकी भनक भी नहीं लगी। कल्लू के मुताबिक सुबह करीब सात बजे उसे जानकारी हो पाई तब उसने परिजनों को जानकारी दी, जबकि लल्ला सिंह अपने नौकर कल्लू के साथ गांव के बाहर बने कमरे में जमीन पर बिस्तर बिछाकर सोए थे। इस हत्याकांड का एक अहम पहलू यह भी है कि घटना स्थल एक हथौड़ा मिला है, लेकिन इस हथौड़े में खून के कोई निशान नहीं पाए गए है। मौके पर पहुंचे एसपी घुले सुशील चंद्रभान ने कोटेदार की हत्याकांड की गुत्थी को सुलझाने के लिए अधिनस्थों को निर्देश दिए। पुलिस ने कोटेदार के नौकर कल्लू को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। आपको बता दें कि मृतक लल्ला सिंह की पत्नी नीलम सिंह गांव की पूर्व प्रधान रह चुकी है, हत्या के पीछे पैसों का लेनदेन होना माना जा रहा है। मृतक की पुत्री कीर्ती ने घटना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि हत्या रात में की गई है, लेकिन जानकारी सुबह हुई है। मौके पर पहुंचकर फील्ड यूनिट के साथ घटना स्थल का निरीक्षण करने के बाद एसपी घुले सुशील चंद्रभान ने बताया कि कुछ लोगों से पैसे को लेकर विवाद चल रहा था, जिनपर आशंका परिजनों ने जताई है, साथ ही जिस कमरे में हत्या को अंजाम दिया गया उसी में मृतक और नौकर सोया था, यह भी एक अहम पहलू है, फिलहाल पुलिस अलग-अलग एंगल तफ्तीश कर रही है, जल्द खुलासा किया जाएगा।

# मूक बधिर विद्यालय को दी मदद



**लखीमपुर-खीरी।** विश्व दिव्यांग दिवस समारोह के अवसर पर आयोजित आदर्श मूक बधिर विद्यालय के वार्षिकोत्सव के अवसर पर अपने संगठन रिटायर्ड इम्प्लाईज वेलफेयर एसोसिएशन रजि. (रीवा) द्वारा दो बच्चों को रजाई-गद्दा व अन्य सभी के लिए बर्तन सहयोग स्वरूप प्रदान किए गए। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चो एवं ताइकवांडों टीम के बच्चोंद्वारा मनभावन कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए जिन्हें भी रीवा के विभिन्न पदाधिकारियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन रीवा के मुख्य संयोजक चंद्र शेखर मिश्रा द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी वीर पाल, विद्यालय के प्रबंधक प्रवीण प्रकाश बरनवाल, प्रधानाचार्य राम दुलारे वर्मा, रीवा संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरि प्रकाश त्रिपाठी, महामंत्री ईश दत्त मिश्र, प्रबोध शुक्ला, सुनील कुमार तोमर, प्रमोद शर्मा, अनिल तिवारी, राम मोहन गुप्त, प्रमोद दीक्षित सहित भारी संख्या में विद्यालय के बच्चे, परिवारजन व स्टाफ उपस्थित रहे।

# मासिक बैठक हुई आयोजित

**मोहम्मदी खीरी।** उप्र सस्ता गल्ला विक्रेता परिषद इकाई की मासिक बैठक शाहजहांपुर रोड गल्ला गोदाम पर संपन्न हुई मुख्य अतिथि के रूप मे जिला संरक्षक विजय कान्त द्विवेदी एवं तहसील अध्यक्ष जागेश्वर दयाल की उपस्थित मे हुई जिस्मे मोहम्मदी तहसील के सभी उचित दर विक्रेता शामिल हुए जिसमें कई विषयों पर चर्चा की गई एवं कई प्रस्ताव पास हुए एवं आगे के कार्य के लिए रणनीति बनाई गई तथा उत्तर प्रदेश सस्ता गल्ला विक्रेता परिषद के जिला अध्यक्ष के चुनाव के बारे में चर्चा की गई जिस्मे जिला अध्यक्ष पद के चुनाव की तारीख 4-12-2022 को होना बताया गया बैठक मे मोहम्मदी ब्लाक अध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह उपाध्यक्ष लल्लन सिंह कोषाध्यक्ष अनीश द्विवेदी संगठन मंत्री नीरज वर्मा ,गुच्छन खाँ , सुभाष गुप्ता आरिफ खान शैलेंद्र कुमार वर्मा अफरोज खान तहसील महासचिव मोईन खान शिव दर्शन इरफान सुभाष चंद्र सुधीर कुमार वर्मा तथा नगर अध्यक्ष प्रवीण कुमार एवं नगर उपाध्यक्ष राजीव कुमार जी मौजूद रहे।

# अब मानसिक रोगियों की जिले में ही होगी मानसिक विकलांगता की जांच

● लखनऊ मेडिकल कॉलेज जाने से मिलेगा छुटकारा

● जिले में नैदानिक मनोवैज्ञानिक की हुई तैनाती मानसिक रोगियों को मिली बड़ी राहत

**लखीमपुर-खीरी।** मानसिक समस्याओं से जूझ रहे लोगों के लिए अच्छी खबर है। अब उन्हें जिले में ही न सिर्फ मानसिक रोगों से जुड़ी समस्याओं का परामर्श मिल सकेगा, बल्कि उनकी समस्त प्रकार की मानसिक जांचें भी जनपद में ही हो सकेंगी। इतना ही नहीं जिन मानसिक रोगियों को विकलांगता प्रमाण पत्र लेने के लिए मानसिक बुद्धिमत्ता की जांच कराने लखनऊ के मेडिकल कॉलेज जाना पड़ता था। अब उन्हें भी लखनऊ के किंग जार्ज मेडिकल कॉलेज जाने की मुश्किल से भी छुटकारा मिल सकेगा। अब मानसिक समस्याओं से ग्रसित लोगों को समस्त प्रकार की जांचें, परामर्श आसानी से जिले में ही उपलब्ध हो सकेगा।

मनोचिकित्सक डॉ. अखिलेश शुक्ला ने बताया कि पूर्व में जो लाभार्थी मानसिक विकलांग प्रमाण पत्र के लिए मानसिक बुध्दिमत्ता की जांच हेतु किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ भेजे जाते थे, अब उनकी समस्त प्रकार की मानसिक जांच जनपद में ही हो पायेगी। उन्होंने बताया कि काफी समय से रिक्त चल रहे नैदानिक मनोवैज्ञानिक के रिक्त पद पर सरकार द्वारा पोस्टिंग कर दी गई है। अब मानसिक परामर्श के साथ-साथ मानसिक जांच भी जनपद में उपलब्ध है। अब मरीजों को लखनऊ जाने की आवश्यकता नहीं है। मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम द्वारा आगामी माह में ब्लॉक स्तर पर स्थित समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर वृहद मानसिक स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मानसिक रोगों से ग्रसित मरीजों की अब जनपद में ही जांच सेवा उपलब्ध हो गई है।

## जिले में मैदानी मनोवैज्ञानिक की हुई पोस्टिंग

मनोचिकित्सक डॉ. अखिलेश शुक्ला ने बताया कि जिले में खाली चल रहे नैदानिक मनोवैज्ञानिक पद पर नैदानिक मनोवैज्ञानिक स्तुति कक्कड़ की तैनाती हो गई है। जिसके चलते मानसिक रोगियों की अधिकांश समस्याओं का निदान जिला अस्पताल से ही मिल सकेगा।

# संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम और एसपी ने सुनीं समस्याएं



**लखीमपुर खीरी।** प्रथम शनिवार को जनपद के प्रत्येक तहसील स्तर पर संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी महेन्द्र बहादुर सिंह व पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन द्वारा तहसील निघासन पर उपस्थित रहकर 'संपूर्ण समाधान दिवस' की अध्यक्षता की गई। इस दौरान फरियादियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके विधिक निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध रूप से निस्तारण करने तथा जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बंधित अधिकारी को प्रेषित करने के लिए निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा अपने-अपने सर्किल की तहसीलों में उपस्थित रहकर जनशिकायतों का निस्तारण कराया गया।

**मोहम्मदी-खीरी।** तहसील संपूर्ण दिवस तहसीलदार संतोष कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित हुआ,जिसमे कुल 57 शिकायती पत्र आऐ,मौके पर 06 शिकायती पत्र का समाधान किया गया,जिसमे राजस्व विभाग की 38,पुलिस 10,बिकास की 03,विद्भुत की 2,नगर पालिका 02 सहित अन्य विभाग की एक एक शिकायतें आयीं, इस समाधान दिवस विकास खंड अधिकारी धर्मेश पांडे ,अधिशासी अधिकारी सपना भारद्वाज सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ बेसिक खेल प्रतियोगिताओं का समापन

● पलिया बना चैंपियन निघासन व मितौली उपविजेता

**लखीमपुर-खीरी।** पुलिस लाइंस ग्राउण्ड पर चल रही जनपदीय बेसिक शिक्षा एवं कस्तूरबा गांधी विद्यालय क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन शनिवार को धूमधाम के साथ हुआ। दो दिनों से चल रही खेल प्रतियोगिताओं में पलिया ने एक नम्बर पर अपना कब्जा बनाये रखा। 96 अंक पाकर पलिया ने चौम्पियन का खिताब जीता। निघासन को 89 अंकों के साथ दूसरा स्थान मिला वहीं मितौली ने 79 अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

समापन समारोह का शुभारंभ भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष/ सांसद धौरहरा रेखा अरुण वर्मा ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया। विशिष्ट अतिथि जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह, विधायक गोला अमन गिरी, जिलाध्यक्ष भाजपा सुनील सिंह, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने सभी विजेता बच्चों की प्रशंसा करते हुये उनको पुरस्कार दिए। समापन समारोह के दौरान बच्चों ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों का मन मोह लिया।



समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा अरुण वर्मा ने विजेता एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। ऐसे ही आगे भी अपना लोहा मनवाते रहे। खेलों से बच्चों का पूर्ण शारीरिक व मानसिक विकास होता है। शिक्षा और खेल को बेहतर बनाने के लिए सरकार कृत संकल्पित होकर काम कर रही है। इन आयोजनों, प्रतियोगिताओं से बच्चों में निखार आता है। उन्होंने विजेता बच्चों को बधाई दी। जो टीम किसी कारण से विजेता ना बन सकी, वह आगे मेहनत करके आगे बढ़े और विजेता बने। जिले की टीम प्रदेश व देश में नाम रोशन करें। इस प्रकार के कार्यक्रम होते रहे, जिससे बच्चे राज्य, राष्ट्र एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपना परचम लहराए, ऐसी शुभकामनाएं है।

भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि हर क्षेत्र के लिए अच्छी प्रतिस्पर्धा खेल का मैदान ही सीखता है। विजयी होने पर अभिमान नही आना चाहिए और हारने पर अपने प्रतिद्वंदी के विरूद्ध ईर्ष्या का भाव भी नही आनी चाहिए। विजयी होने से ज्यादा अपनी जीत को बरकरार रखता महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने विजेता एवं प्रतिभागी छात्रों को शुभकामनाएं दी।

सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने विजेता बच्चों बधाई दी और बाकी बच्चो को इसी तरह से मनोबल ऊंचा रखने की सलाह देते हुए कहा कि यह आयोजन बड़ा ही शानदार था। उन्होंने इतने व्यवस्थित और अनुसाशित तरीके से खेल प्रतियोगिता का आयोजन सम्पन्न कराने के लिए बीएसए व उनकी टीम को बधाई दी। मुख्य अतिथि सांसद रेखा वर्मा ने बच्चों को आर्थिक सहयोग दिया। प्राथमिक शिक्षक संघ व राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने भी विजेता टीम को 10-10 हजार रुपये नगद पुरस्कार दिया।

बीएसए डा. लक्ष्मीकांत पाण्डेय ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और विजेता बच्चों को बंधाई दी। उन्होंने कहा हार -जीत खेल का हिस्सा होती है। असली खिलाड़ी वही होता है जो जीत को विनम्रता के साथ व हार को सहृदयता के साथ स्वीकार करता है। समापन समारोह में लेखाधिकारी हरिकेश बहादुर, तमाम संगठनों के प्रतिनिधि, ब्रजेश त्रिपाठी, देवेश राय, फूलचंद समेत सभी बीईओ व विभिन्न ब्लाकों के शिक्षक उपस्थित रहे।

# डीएम ने किया दिव्यांग बच्चों का उत्साहवर्धन

**लखीमपुर-खीरी।** विश्व दिव्यांगता दिवस के अवसर पर डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी संजीव सुमन ने दिव्यांग बच्चों के बीच जा पहुंचे, जहां दिव्यांग बच्चों ने अपने-अपने हुनर दिखाये। दिव्यांग बच्चों के बीच जिलेबी दौड़, म्यूजिक चेयर दौड़, चित्रांकन, संगीत सहित अन्य कई प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपनी प्रतिभा से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि दिव्यांगों के उत्थान के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। दिव्यांगों में ईश्वर का रूप है। समाज के एक प्रमुख स्तंभ हैं। डीएम ने कार्यक्रम के दौरान दिव्यांगों के उत्थान के लिए चलाए जा रहे योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने का भी निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि कहा कि दिव्यांग बच्चे हमारी धरोहर हैं। यहां बच्चों के कार्यक्रम देख ऐसा लगता है कि ये समान बच्चों से भी आगे निकलेंगे। जो शिक्षक इनको शिक्षा देते है में उनका आभार व्यक्त करता हूं।

# राष्ट्रीय कलामंच के राष्ट्रीय सह संयोजक मनोनीत हुए अभिनव

**लखीमपुर खीरी।** अभिनव दीप को छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय कला मंच का अखिल भारतीय सह संयोजक मनोनीत किया गया है। विद्यार्थी परिषद का 68 वा राष्ट्रीय अधिवेशन जयपुर (राजस्थान) में संपन्न हुआ। जिसका उद्घाटन योग गुरु बाबा रामदेव ,धर्मेंद्र प्रधान केंद्रीय शिक्षा मंत्री ,राष्ट्रीय अध्यक्ष राजशरण शाही ने किया। जिसमें अभिनव दीप मोहल्ला बहादुर नगर निवासी हैं

इनके कार्य को देखते हुए राष्ट्रीय टोली द्वारा अभिनव को एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। अभिनव का सफर विद्यार्थी परिषद में 2014 से शुरू हुआ था। कॉलेज इकाई अध्यक्ष, नगर संयोजक लखीमपुर तहसील संयोजक, विश्वविद्यालय इकाई सह मंत्री, लखनऊ जिला सहसंयोजक राष्ट्रीय कला मंच, प्रांत सह संयोजक राष्ट्रीय कला मंच, प्रांत संयोजक राष्ट्रीय कला मंच जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वाहन कर वह अपनी लगन निष्ठा व मेहनत से परिषद का नाम दिन पर दिन गौरवान्वित करते रहे हैं। यही




मेहनत आज रंग लाई है। उन्हें रायबरेली में हुए प्रांत अधिवेशन में प्रांत संयोजक का दायित्व दिया गया था कला के क्षेत्र में अभिनव को विभिन्न पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है। अभिनव एक कुशल कलाकार के साथ-साथ एक नेतृत्व करता भी हैं अब से अभिनव के नेतृत्व में संपूर्ण भारत देश में कला को एक नई पहचान मिलेगी।अभिनव ने बताया की भारत महान विविधता का देश है। देश भर में पर्याप्त क्षेत्रीय, भाषाई, सांस्कृतिक और धार्मिक विविधताएं हैं। विविधताओं की विस्तृत श्रृंखला को देखते हुए, न केवल भारत में समाज, संगठनों और नेताओं को, बल्कि यहां के विभिन्न राज्यों में अपनाई जाने वाली सांस्कृतिक प्रथाओं का भी सामान्यीकरण करना आपराधिक होना चाहिए। इसी भावना से कलाकारों और कला प्रेमियों द्वारा कला के किसी भी रूप में शिक्षित और रुचि रखने वाले छात्रों को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय कला मंच की स्थापना की गई थी। मंच कला और संस्कृति के विभिन्न क्षेत्रों के कलाकारों, क्यूरेटरों, लेखकों और पेशेवरों को उनके काम के बारे में बोलने, कला के विभिन्न रूपों का प्रदर्शन करने, समकालीन कला और सांस्कृतिक अभ्यास से संबंधित मुद्दों पर चल रही दिलचस्प बहस के लिए एक मंच प्रदान करता है।

# तहसील समाधान दिवस में 38 फरियादियों ने सौंपे प्रार्थना पत्र, पांच का हुआ निस्तारण

संवाददाता। राजापुर (चित्रकूट)



समस्या बताती पीड़ित महिलाएं।

**तहसील सभागार** में अपर जिलाधिकारी न्यायिक वन्दिता श्रीवास्तव व उपजिलाधिकारी प्रमोद झा की मौजूदगी में तहसील समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। जिसमें सबसे ज्यादा राजस्व विभाग के मुद्दे छाए रहे। अधिकारियों ने 38 फरियादियों की समस्याएं सुनी जिसमें से पांच की समस्याओं का त्वरित निदान किया गया।

इस दौरान नगर पंचायत राजापुर के विस्तारित क्षेत्र गोसाईंपुरवा की आधा दर्जन से अधिक महिलाओं ने आंगनबाड़ी केंद्र सोतीपुरवा द्वितीय की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रामदुलारी के ऊपर पोषाहार न देने का आरोप लगाते हुए क्षमा, प्रभा, सीमा, रानू, रंजीता, चिम्मी, कामनी आदि महिलाओं ने तहसील दिवस में शिकायती प्रार्थना पत्र दिया जिसमें आरोप लगाते हुए बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा गर्भधात्री एवं 0 से 5 वर्ष के नवनिहाल बच्चों को दिये जाने वाले पोषाहार के वितरण में जमकर धांधली की जा रही है। माँगने पर कहती है तुम्हारे मोहल्ले में संचालित कृष्णा समूह के माध्यम से पोषाहार का वितरण किया जाता है जबकि न तो आंगनबाड़ी ही पोषाहार देती है और न ही कृष्णा समूह की अध्यक्ष रेखा देवी, राजा बेटी ही पोषाहार का वितरण करती हैं। सभी महिलाओं ने उपजिलाधिकारी राजापुर प्रमोद झाँ से माँग किया है कि हमारे नवनिहाल व दिव्यांग बच्चों को शासन से प्रदत्त पोषाहार दिलाया जाए। वहीं ग्राम पंचायत चनहट के गौरक्षक छोटेलाल पुत्र बसन्ता ने आरोप लगाया है कि मार्च और अप्रैल 2022 में उसने गौशाला में गौरक्षक के रूप में कार्य किया था, लेकिन प्रधान द्वारा दो माह का मानदेय नहीं दिया जा रहा है। जबकि मुझे परिवार चलाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मानदेय दिलाए जाने की माँग की है।

तहसील दिवस समापन के बाद अपर जिलाधिकारी न्यायिक वन्दिता श्रीवास्तव, उपजिलाधिकारी राजापुर प्रमोद झाँ द्वारा विगत तहसील दिवस की समीक्षा करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के मंशानुरूप 72घण्टे के अंदर शिकायतों का निस्तारण पारदर्शिता के साथ किए जाने का आदेश है। शिकायती प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में वादी और प्रतिवादी दोनों की उपस्थिति में निस्तारण का कार्य किया जाए और किसी भी प्रकार का भेदभाव न बरतने के कड़े निर्देश जारी किए गए हैं इस मौके पर तहसीलदार संजय अग्रहरि, नायब तहसीलदार पुष्पेन्द्र सिंह गौतम, नायब तहसीलदार संजय सिंह, सहायक चकबन्दी अधिकारी महेंद्र सिंह, राजस्व निरीक्षक संजय पाण्डेय, अतुल मिश्रा, अरविंद सिंह, रामसिंह, दयाराम, लेखपाल संघ के अध्यक्ष रामनिवास शुक्ला, सत्यप्रकाश पाण्डेय, सदर लेखपाल प्रदीप तिवारी, कपिलमुनि पाण्डेय, अवधेश द्विवेदी, रामखेलावन यादव, रामसुमिर मिश्रा आदि फरियादी मौजूद रहे।

# अपर निदेशक ने खुद की सौ से अधिक महिलाओं की नसबंदी

संवाददाता। चित्रकूट

**सामुदायिक स्वास्थ्य** केंद्र पहाड़ी पर आयोजित शिविर में अपर निदेशक स्वास्थ्य चित्रकूट धाम मंडल बांदा डॉ विजयपति द्विवेदी ने स्वयं 134 महिलाओं की नसबंदी की है। नसबंदी पखवाड़े के तहत सेवा प्रदायगी चरण चल रहा है। इस पखवाड़े में अभी तक लगभग साढ़े तीन सौ महिलाओं की नसबंदी हो चुकी है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.भूपेश द्विवेदी ने बताया पखवाड़े में तीन सौ से अधिक महिलाओं की नसबंदी हुई है। उन्होंने बताया कि अपर निदेशक ने खुद सौ से अधिक महिलाओं की नसबंदी की है।

परिवार नियोजन के नोडल अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आर के चौरिहा ने बताया कि इस समय नसबंदी पखवाड़ा चल रहा है। नसबंदी के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी में आयोजित नसबंदी शिविर में अपर निदेशक स्वास्थ्य चित्रकूट धाम मंडल बांदा डॉ विजय पति द्विवेदी ने 134 महिलाओं की नसबंदी की है। अपर निदेशक की पहल से नसबंदी में लगे विभिन्न चिकित्सकों को नई ऊर्जा मिली है। उन्होंने बताया कि पखवाड़े में कुल 341 महिलाओं की नसबंदी हो चुकी है। इसी प्रकार चार पुरुषों की भी नसबंदी हुई है।

परिवार पूरा होने पर कराएं नसबंदी पहाड़ी ब्लाक की रहने वाली रामरती ने बताया कि उनके दो बच्चे हैं। आशा बहन के साथ परिवार नियोजन काउन्सलर सोनल से भेंट की। सोनल ने छोटा परिवार सुखी परिवार की अवधारणा बताते हुए परिवार नियोजन के स्थाई साधन नसबंदीके बारे में समझाया। बताया कि नसबंदी के बाद गर्भधारण की समस्या नहीं रहेगी साथ ही दोनों बच्चों की अच्छे से पढाई, लिखाई भी हो सकेगी।

## विवेक न्यूज

### आज मतदान केन्द्र पर रहेंगे अधिकारी: एसडीएम

**चित्रकूट।** एसडीएम सदर राजबहादुर ने कहा है कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी/उपजिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के हवाले से बताया है कि एक जनवरी 2023 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। शनिवार को एसडीएम सदर राजबहादुर ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन नौ नवम्बर, दावे-आपत्तियां प्राप्त करने की तिथि नौ नवम्बर से आठ दिसम्बर तक होगी। विशेष अभियान 12 नवम्बर, 20 नवम्बर, 26 नवम्बर व चार दिसम्बर को दावे-आपत्तियों का निस्तारण किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 26 दिसम्बर तक निर्वाचक नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन पांच जनवरी 2023 को होगा। आयोग के निर्देश के क्रम में विशेष अभियान तिथि चार दिसम्बर को सभी पदाभिहित अधिकारी एवं बूथ लेबिल अधिकारी अपने संबंधित मतदान केन्द्र पर दावे-आपत्तियां प्राप्त करने को मौजूद रहेंगे।

### जांच में घटिया गेहूं पाये जाने पर एडीएम कोर्ट ने दो कोटेदारों के खिलाफ बीस-बीस हजार रुपये का सुनाया अर्थदंड

**हमीरपुर।** जिले में सरकारी राशन की दो दुकानों का गेहूं का नमूना फेल होने के बाद पहली मर्तबा एडीएम कोर्ट ने दोनो कोटेदारों को बीस बीस हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी(एफएसओ) नंदलाल गुप्ता ने आज बताया कि मौदहा क्षेत्र के सरकारी राशन की दुकान चिल्ली, व बिवार से गेहूं का नमूना भर कर जांच के लिये प्रयोगशाला लखनऊ भिजवाया था जहां पर जांच में गेहू अधोमानक पाया गया था,गेहू में घुन व गंदगी पायी गयी थी यही गेहूं परिषदीय विद्यालयों में एमडीएम के लिये आपूर्ति की गयी थी। जांच के बाद एफएसओ ने मामले को एडीएम रमेश चंद्र की कोर्ट में मुकदमा दर्ज कराया था,कोर्ट ने चिल्ली के कोटेदार कमलापति, व बिवार के कोटेदार कालीचरन से बीस बीस हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनायी है। एफएसओ ने दावा किया है कि दोनों कोटेदारों ने जुर्माने की राशि सरकार के खाते में जमा कर दी है।

### बारातियों से भरी जीप और पुलिस वाहन में भिड़न्त

**चित्रकूट।** बारातियों से भरी बुलेरो जीप व पुलिस जीप में टक्कर होने से मप्र पुलिस के एक सिपाही की मृत्यु हो गई। दूसरे पक्ष से आठ लोग घायल हो गये। ये हादसा रैपुरा थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे भखरवार मोड के पास शनिवार को हुआ। बताया गया कि एक बारात के कुछ बाराती बुलेरो से मऊ की ओर जा रहे थे। तभी मऊ की ओर से एमपी के नयागांव थाना के एसडीओपी अपने पुलिस कर्मियों के साथ कर्वी की ओर आ रहे थे। इसी बीच रास्ते में दोनों वाहनों की आमने-सामने जोरदार भिडन्त हो गई। हादसा इतना खतरनाक था कि बुलेरो जीप के परखच्चे उड गये हैं। हादसे में एसडीओपी आशीष जैन (32) पुत्र ऋषभ जैन को घायल होने पर भर्ती कराया गया है। उनके वाहन चालक पुष्पेन्द्र सिंह (32) पुत्र लखन सिंह निवासी सुकुलपुर लालपुर इटावा की मृत्यु हो गई है। बारात से लौट रही बुलेरो में सवार रामलाल (18), राहुल (14), राकेश (30), कुलदीप (15), दीओल (16), नत्थू (65), सोनू (10) और चालक सद्दाम (35) घायल हुए हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को इलाज को रामनगर स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया है। सिपाही के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। दोनों वाहनों को क्रेन से रास्ते से हटवा दिया है। फिलहाल जांच-पडताल जारी है।

### पालिका का सेवानिवृत्त लिपिक दुकानदारों को धमकी देकर धन ऐंठने का अपना रहा फंडा

**जालौन (उरई)।** कुछ दुकानदारों ने नगर पालिका के रिटायर्ड लिपिक पर दुकानदारों का शोषण कर धन ऐंठने एवं न देने पर दुकान तुड़वाने की धमकी देने की शिकायत एएसपी को शिकायती पत्र देकर की है। एएसपी ने कोतवाली पुलिस को मामले की जांच के निर्देश दिए हैं। नगर के व्यापारी नरेंद्र कुशवाहा, महेंद्र कुशवाहा, पप्पू, सुनील कुमार, प्रमोद कुमार, मनीष कुमार, शमशाद आदि ने एएसपी असीम चौधरी को शिकायती पत्र देकर बताया कि नगर पालिका से रिटायर्ड एक लिपिक दुकानदारों को तंग करता रहता है। उन्होंने आरोप लगाया कि उक्त रिटायर्ड लिपिक दुकानदारों पर दुकान चलाने के एवज में धन ऐंठता है। कहता है यदि दुकान चलाना है तो उन्हें उसके रुपये देने होंगे।

### सात साल पहले फर्जी अभिलेख से भर्ती हुये सेना के मामले की सीबीआई ने शुरू की जांच पड़ताल

**हमीरपुर।** सात साल पहले फर्जी निवास प्रमाण पत्र बनवाकर गैर जिले के 22 युवकों द्वारा सेना में नौकरी पाने वाले मामले मे कल देर रात सीबीआई ने डेरा डालने के बाद आज सीबीआई ने लेखपालों व ग्राम प्रधानों से कई घंटे तक पूछतांछ की है.पुलिस के मुताबिक वर्ष 2016 में कुरारा ब्लाक के पतारा,भौली व सुमेरपुर ब्लाक के दो गांवों से गैर जिले के लोगो ने हमीरपुर सेना भर्ती में फर्जी निवास प्रमाण पत्र बनवाकर नौकरी पा ली थी मगर जब जिले में स्थान सत्यापन के लिये भेजा गया तो सारी पोल खुल गयी और पुलिस ने शासन को इस फर्जी वाड़े को अवगत कराया शासन ने इस मामले को सीबीआई के हवाले कर दिया था। तीन साल पहले सीबीआई ने यहा आकर जनसेवा केंद्रों व पुलिस से मिलकर मामले की जांच पड़ताल की थी,कल देर रात दो सदस्यीय टीम सीबीआई टीम ने जिले में पहुचकर मामले को फिर से खंगालना शुरु कर दिया है। आज आधा दर्जन लेखपालों व ग्राम प्रधानों से बारीकी से पूछताछ की है शायद कल अधिकारियों से इस मामले में पूछताछ की जायेगी। बताया जाता हैकि सात साल पहले निवास प्रमाण पत्र में डिजिटल हस्ताक्षर तहसीलदार के नही होते थे उन दिनों निवास प्रमाण पत्र बनवाने का ठेका किसी जिले को शासन ने दिया था उसी समय कम्प्यूटर आपरेटरों ने फर्जी निवास प्रमाण पत्र बना दिये थे। तहसीलदार के फर्जी हस्ताक्षर बनादिये गये थे। हालाकि आज सीबीआई की पूछताछ में पूर्व प्रधानों व लेखपालो ने अपने हस्ताक्षर बनाने से साफइंकार कर दिया है मगर यदि इस मामले में तस्बीर साफनही हुई तो एक्सपर्ट से राय ली जायेगी। यह मामला आज फिर गर्मा गया है।

### शादी में जा रही लोडर आग से हुई खाक

**जालौन (उरई)।** शादी में जा रही लोडर गाड़ी में सिकरीराजा पुल के नीचे अचानक से आग लगी। सूचना पर मौके पर पहुंची दमकल ने आग पर काबू पाया। तब तक गाड़ी जलकर राख हो चुकी थी। कैलिया थाना क्षेत्र निवासी संतराम की लोडर गाड़ी को ड्राइवर बृजेंद्र कुमार कैलिया से सिरसा कलार लेकर जा रहे थे। सिरसा कलार में शादी समारोह से उन्हें सामान लेकर वापस आना था। रात करीब 11 बजे उनकी गाड़ी सिकरीराजा गांव के पास बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के पुल के नीचे पहुंची। तभी अचानक से लोडर गाड़ी में आग लग गई। कुछ ही देर में गाड़ी धूंधूं कर जलने लगी। किसी तरह चालक ने गाड़ी से उतरकर अपनी जान बचाई और दमकल को सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची दमकल ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया। तकरीबन आधा घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

# दो कारों की आमने सामने भिड़ंत में एक महिला समेत चार लोगों की हुई मौत

● **बुन्देलखंड एक्सप्रेस वे में हुआ हादसा**

संवाददाता। राठ (हमीरपुर)

**राठ क्षेत्र के जखेड़ी** गाव के पास शनिवार शाम को तेज रफ्तार में दो कारो की आमने सामने भिड़न्त में एक महिला समेत चार लोगो की मौत हो गयी। दो लोग बुरी तरह घायल हो गये। जिन्हे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जखेड़ी गांव के पास से बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे निकला हुआ है। शनिवार को शाम फतेहपुर जनपद निवासी आशीष कुमार पुत्र रविंद्र पाल सिंह अपने साथ अंजू पुत्री कृष्ण पाल सिंह, सत्या पत्नी कृष्ण पाल सिंह व दीपक पुत्र गोरेलाल शर्मा निवासी फतेहपुर मप्र के दतिया स्थित मां पीतांबरा पीठ से दर्शन कर वापस अपने घर लौट रहे थे। जखेड़ी गांव के पास से निकले बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के पिलर नंबर 125 के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार कार से उनकी कार की जोरदार भिड़ंत हो गई। इस मौके पर फतेहपुर निवासी आशीष कुमार और सत्या पत्नी कृष्ण पाल सिंह, रवींद्र सिंह निवासी भोरंग थाना मुरैना मध्यप्रदेश व एक अज्ञात युवक की मौके पर ही मृत्यु हो गयी। कार में सवार अंजू सिंह व दीपक मिश्रा निसासी फतेहपुर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंच गए। कोतवाल तारासिंह पटेल ने बताया कि चार लोगों की मौत हुई है। परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई है।

# प्रस्तावित 12 परियोजनाओं के शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित

संवाददाता। बाँदा



**सदर विधायक** प्रकाश द्विवेदी द्वारा नगर पालिका परिषद बांदा के 15वें वित्त के अन्तर्गत प्रस्तावित 03 परियोजनायें जिला परिषद चौराहे से खूटी चौराहे तक बाकरगंज चौराहे से छावनी होते हुये अमर टाकीज तिराहे तक तथा डी0ए0वी0 चौराहे से शंकर गुरू चौराहे एवं सब्जी मण्डी होते हुये छावनी चौराहे तक बी0सी0 द्वारा निर्मित रोड का लोकार्पण कर स्थानीय जनता को समर्पित किया गया तथा इसके साथ साथ सदर विधायक द्वारा 15वें वित्त के अन्तर्गत प्रस्तावित 12 परियोजनाओं के शिलान्यास कार्यक्रम के अन्तर्गत मोहल्ला बिजली खेडा में दो सी0सी0रोड नाली व इण्टरलाकिंग रोड मोहल्ला गायत्री नगर में एक सी0सी0 रोड व एक इण्टरलाकिंग रोड मोहल्ला जरैली कोठी में एक सी0सी0रोड मोहल्ला स्वराज कालोनी के हर्बल क्लब में इण्टरलाकिंग पाथवे व मोरम डाल कर मैदान की मरम्मतए मोहल्ला झील के पुरवा में एक सी0सी0रोड मोहल्ला शान्ति नगर में नाली गिट्टी मोरम मोहल्ला सेढू तलैया में नाली का कार्यए मोहल्ला चौसठ जोगनी में नाली का कार्य तथा मोहल्ला सिविल लाईन में जिलाधिकारी आवास के पास नाला में ढकने के कार्य का शिलान्यास किया गया। पिछले कई वर्षो से लम्बित एवं जर्जर पडे पुराने आर0टी0ओ0 आफिस से स्टेडियम एवं कमिश्नरी तक जाने वाले मार्ग का भी आज इस परियोजनाओं के अंतर्गत शिलन्यास किया गया व जल्द ही इन सभी मार्गो का कार्य पूर्ण करा दिया जायेगा तथा इन सभी मार्गो की लागत लगभग 2.50 करोड़ है। मा0 विधायक जी द्वारा बताया गया कि इन डामरी करण मार्गो का लोकार्पण हो जाने से आम नागरिकों को आने जाने में सुगमता होगी।सदर विधायक जी द्वारा अपने उद्बोधन में बताया गया कि जहॉ एक ओर इन सी0सी0रोडों के निर्माण से नये वार्ड जो पिछले परिसीमन में नगर पालिका परिषद बांदा में जोडे गये हैए के विकास को गति मिलेगी तथा आमजनमानस को यहॉ आने जाने में सुगमता होगी। अन्त में अधिशसी अधिकारी नगर पालिका द्वारा मा0 विधायक जी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर बुधि प्रकाश अधिशासी अधिकारी नगर पलिका बांदा ब्लाक प्रमुख स्वर्ण सिंह सोनू सदर विधायक प्रतिनिधि रजत सेठ पूर्व चेयर मैन राजकुमार राज जी श्री बुधिप्रकाश यादव जीए जिला मंत्री श्री पंकज रैकवार जी युवा मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष श्री पुष्कर द्विवेदी जी पूर्व यूवा मोर्चा उपाध्यक्ष राहुल सिंह अभिनव गुप्ता अंकित बासू संजीव निगम नीलू प्रकाश तिवारी देवेन्द्र सिंह सभासद राकेश गुप्ता राहुल द्विवेदी सहित समस्त नगर के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# तहसील स्तर पर ही निपटें जनता की समस्यायें:डीएम

● **जांच में घटिया गेहूं पाये जाने पर एडीएम कोर्ट ने दो कोटेदारों के खिलाफबीस बीस हजार रुपये का लगाया अर्थदंड**



संवाददाता। चित्रकूट

**जिलाधिकारी अभिषेक** आनन्द ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील में लगे समाधान काउंटरों का निरीक्षण कर कहा कि भूमि संबंधी व अन्य मामले एक सप्ताह के भीतर शासन की मंशानुरुप निस्तारित करें। शनिवार को तहसील मऊ सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए डीएम अभिषेक आनन्द ने तहसील में लगे समाधान के विभिन्न काउंटरों को देखकर कहा कि आज जो मामले आये हैं। उनका निस्तारण एक सप्ताह में करायें। मुख्यमंत्री गुणवत्ता को लेकर बार–बार निर्देश दे रहे हैं कि समस्याओं का निदान सही ढंग से तहसील, थाना, ब्लाक स्तर पर हो जाये तो जिला मुख्यालय व शासन तक प्रार्थना पत्र नहीं पहुंच सकते। उन्होंने एसडीएम मऊ नवदीप शुक्ला से कहा कि तालाब, सडक व अन्य सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों को तत्काल पुलिस बल के साथ हटायें। भूमि संबंधी मामलों में राजस्व व पुलिस टीम मौके पर जाकर निस्तारित करें। उन्होंने ईओ बीएन कुशवाहा को निर्देश दिये कि अन्ना पशुओं को लेकर कोई समस्या हो तो तत्काल गौशाला भिजवायें।

# 33 वीं मंडलीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में 530 छात्र-छात्राओं ने किया प्रतिभाग



**उरई (जालौन)।** राजकीय इण्टर कॉलेज के मैदान में 33वीं मण्डलीय बाल क्रीडा प्रतियोगिता एवं अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांजन दिवस के अवसर पर दिव्यांग खिलाड़ियों की क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें झांसी, ललितपुर और जनपद जालौन के जिला स्तर पर विजेता छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री, भारत सरकार भानु प्रताप सिंह वर्मा व जिलाधिकारी चाँदनी सिंह ने सरस्वती जी माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर प्रतिभागी बच्चों की परेड की सलामी ली गयी तथा खेल शपथ भी दिलायी गयी एवं हरी झण्डी दिखाकर खेल प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया गया। जिलाधिकारी चाँदनी सिंह ने तीनों जनपदों खिलाड़ियों से मिलकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। मण्डल के तीनों जनपदों के टोलियों द्वारा मुख्य अतिथि के समक्ष सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गये इस 2 दिवसीय क्रीडा प्रतियोगिता में प्रथम दिवस 50 मीटर बालक-बालिका दौड़ नाटक, लोकगीत, पीटी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद ललितपुर से 180, झांसी से 180 जालौन से 170 बालक, बालिकाओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया। सचिन कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जनपद जालौन द्वारा सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। अन्य सम्मानित अतिथियों में जेडीसी बैंक के सभापति बृजभूषण सिंह एवं अरविन्द सिंह, इस मण्डल स्तरीय रैली का आयोजन सहायक शिक्षा निदेशक, झांसी मण्डल झांसी के निर्देशन में शुरू हुआ। परियोजना निदेशक, प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, पिण्डारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, वित्त एवं लेखाधिकारी (बेसिक शिक्षा), समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी जनपद जालौन, ललितपुर, झांसी व जिला समन्वयक जनपद जालौन एवं तीनों जनपद के जिला व्यायाम शिक्षक एवं शिक्षिका, शिक्षक संघ के पदाधिकारीगण उपस्थित होकर रैली को सफल बनाने में सहयोग किया।

# नाबालिग से हो रही शादी रुकवाई



संबाददाता। हमीरपुर

**सुमेरपुर क्षेत्र** में बीती रात नाबालिंग लड़की से विवाह रचा रहे दूल्हे को वारात तत्काल वापस लेकर जानी पडी। पुलिस व प्रोवेशन विभाग के अफसरों ने बाल विवाह करार देते हुये शादी रुकवा दी।जिला प्रोवेशन अधिकारी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि क्षेत्र के बिरखेरा गांव में कल देर रात चाइल्ड हेल्पलाइन से फोन पर गांव वालों ने सूचना दी कि गांव के बाबू बसोर अपनी नाबालिंग पुत्री की शादी हमीरपुर शहर निवासी 24 साल के दूल्हे विकास के साथ रचा रहा है। जानकारी होते ही विभाग के महिला कल्याण अधिकारी पुष्पा,बाल संरक्षण अधिकारी गोपाल मिश्रा,रंजना के अलावा वन स्टाप सेंटर की प्रबंधक मोनिका गुप्ता ने मौके पर जाकर लड़की के पिता से लड़की का आधार कार्ड,कोई शैक्षिक अभिलेख मांगे जिसमे वह कुछ नही दिखा पाया, सुमेरपुर पुलिस ने अन्य अधिकारियों ने शादी रुकवा कर बारात वापस लौटा दी, गांव के प्रधान ने लिखकर दिया कि जब तक लड़की के बालिग के होने के पुख्ता प्रमाण नही मिल जाते तब तब तक शादी नही रचाई जायेगी। आज शाम पुलिस ने बताया कि शादी का कार्यक्रम पूरी तरह निरस्त कर दिया गया है। शादी रुकने से दोनों पक्षों में निराशा देखी जा रही है।

# शिकायतों का भौतिक, स्थलीय सत्यापन कर निस्तारण करें अन्यथा होगी कार्रवाई: डीएम

## तहसील समाधान दिवस में प्रस्तुत हुई 93 शिकायतें, 9 का निस्तारण

**कालपी** (जालौन)। जिलाधिकारी जालौन चांदनी सिंह की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक जालौन रवि कुमार की मौजूदगी में तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर फरियादियों के द्वारा 93 शिकायतें प्रस्तुत की गई। जिसमें कुल 9 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।कालपी तहसील सभागार में सुबह 10 बजे से समाधान दिवस संपंन हुआ में शिकायतकर्ताओ द्वारा दिये गये शिकायत को क्रमश: जिलाधिकारी चांदनी सिंह ने बारी बारी से सुना व संबंधित अधिकारियों को तत्काल समाधान करने का आदेश दिये इतने ही नही उन्होंने जिम्मेदार विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि मौके पर जाकर शिकायतों का गुणवत्ता व भौतिक सत्यापन कर समाधान किया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की उदासीनता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुहल्ला राम चबूतरा कालपी निवासी एनुल हसन मंसूरी ने बंदरों के प्रकोप, पेयजल व्यवस्था, क्षतिग्रस्त सड़कों को लेकर 4 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन दिया। ग्राम प्रधान कीरतपुर पवन दीप निषाद ने ग्राम पंचायत कीरतपुर मे संचालित आस्थाई गौशाला मे विद्युत केबिल बलवाने एवं पी.डब्लू.डी तृतीय द्वारा गड्ढा मुक्त अभियान के तहत हो रहे कार्य जो मानक विहीन की जांच करवाने एवं परिवहन विभाग द्वारा संचालित मगरौल झांसी डिपो को पुन: चालू कराने की मांग जिलाधिकारी चांदनी सिंह से की है इसी प्रकार प्रबल सिंह निवासी रावगंज कालपी ने भवन कर तथा भवन निर्माण के मामले की शिकायत प्रस्तुत की। हनीफ खान निवासी गाड़ीखाना कदौरा ने विपक्षी द्वारा जमीन में कब्जे की शिकायत की। निधि पुरवार निवासी मोहल्ला नई बस्ती राम चबूतरा ने बिजली का मीटर 4 महीने से खराब होने की शिकायत की।

# समितियों में खाद की भारी किल्लत से पिछड़ रही गेहूँ की बुवाई,किसानों में बढ़ रहा आक्रोश

● **राजापुर तहसील क्षेत्र की समितियों में खाद का टोटा खोल रहा सरकारी दावों की पोल**


संवाददाता। राजापुर (चित्रकूट)



**जहाँ एक** ओर केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार किसानों की आय दोगुनी कराने का खोखला ढिंढोरा पीट रही है। वहीं राजापुर तहसील क्षेत्र के साधन सहकारी समितियों में डीएपी और यूरिया की भारी कमी के कारण किसान एक एक बोरी खाद के लिए समितियों में आधी रात से ही डेरा जमाकर खाद की आस में बैठना पड रहा है।इसके बाद भी तमाम किसानों को मासूस होकर बिना खाद लिए ही घर वापस लौटना पड रहा है।

बताते चलें कि जनपद चित्रकूट के कृषि विभाग के अधिकारियों के द्वारा जनपद चित्रकूट में पर्याप्त मात्रा में खाद होने की बात खोखला साबित हो रही है। राजापुर तहसील क्षेत्र के कई समितियों में खाद का आवंटन न होने के कारण अन्नदाताओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड रहा है। साधन सहकारी समिति नांदिन कुर्मियान में मात्र 500बोरी का आवंटन किया गया है, जो ऊँट के मुँह में जीरा जैसा साबित हो रहा है। खाद आने की खबर पाकर शुक्रवार की मध्य रात्रि से ही हजारों की संख्या में किसान डेरा डालकर बैठे रहे। किसानों की भारी संख्या को देखते हुए साधन सहकारी समिति नांदिन कुर्मियान के सचिव संगम लाल ने उपजिलाधिकारी प्रमोद झाँ तथा प्रभारी निरीक्षक दीपेंद्र सिंह को अवगत कराकर उनकी उपस्थिति में ही खाद वितरण करने की बात कही थी। जिस पर उपजिलाधिकारी राजापुर प्रमोद झाँ के निर्देश पर नायब तहसीलदार संजय सिंह, सदर लेखपाल प्रदीप तिवारी तथा प्रभारी निरीक्षक दीपेन्द्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचकर टोकन सिस्टम से खाद का वितरण कराया जा रहा है। इसके बावजूद किसानों का हंगामा थमने का नाम नही ले रहा है। वहीं नांदिन कुर्मियान के सन्तोष सिंह, रगौली के हीरालाल, पराकों के बद्री प्रसाद, रायपुर के रफीक खान आदि किसानों ने बताया कि गेहूँ की फसल 15नवम्बर से 15दिसम्बर के बीच बोई जाती है और डीएपी खाद का प्रयोग बोने के समय ही किया जाता है। यदि समय से खाद नहीं मिलती है तो गेहूँ की फसल पिछड़ जाने के कारण उपज और पैदावार में काफी कमी आती है। किसानों ने जिलाधिकारी व उपजिलाधिकारी राजापुर से माँग है कि राजापुर तहसील क्षेत्र के साधन सहकारी समिति बिहरवां, बरद्वारा, भदेहदू, सरधुआ, हरदौली, औदहा, छीबों आदि समितियों में पर्याप्त मात्रा में खाद का आवंटन किया जाए जिससे किसानों को मारामारी से राहत मिल सके और किसान समय से रबी की बुआई कर सके।

# छात्र-छात्राओं ने नृत्य के माध्यम से भारतीय संस्कृति की झलक प्रस्तुत की



**उरई ( जालौन )।** राजकीय मेडिकल कालेज, जालौन (उरई) में वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम (सृजन 2022) के पांचवें दिन प्रधानाचार्य डा. द्विजेन्द्र नाथ द्वारा विद्या की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित करते हुए कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। छात्र एवं छात्राओं नें भारतीय संस्कृति की झलक नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत की। बैच 2021 नें साउथ इंडियन डांस, हिप हाप एवं बैच 2020 ने जोकर डांस का प्रदर्शन किया। बैच 2020 से अभय गुर्जर एवं प्रशांत तथा बैच 2021 से गुरूदर्शन एवं अंजली द्वारा सोलो डांस पर्फारमेंस दी गयी। वाद विवाद प्रतियोगिता में बैच 2021 से आशीष, योजना, रिशभ एवं आर्यन के द्वारा प्रतिभाग किया गया। मेडिकल के क्षेत्र में जो भी सीखनें योग्य मंच, प्लेटफार्म्स है उन पर वाद विवाद किया गया।

प्रधानाचार्य डा. द्विजेंद्रनाथ ने सभी छात्र एवं छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि वाद विवाद आयोजनों से हमारे मस्तिष्क का विकास होता है। इसमें भाग लेकर हमें यह अच्छी तरह समझ में आ जाता है कि जो व्यक्ति हमारे विचारों से सहमत नहीं हैं, उनकी राय का भी महत्त्व है। ऐसा हो जाने पर हम विषय के दोनों पक्षों पर विचार करना सीख लेते हैं। जिससे बुद्धि प्रखर होती है। उन्होनें प्रतियोगिता में शामिल सभी छात्र एवं छात्राओं की विषय पर गहन समझ पर उनकी सराहना की। आज फेस्टिवल में छात्र एवं छात्राओं द्वारा विभिन्न स्टाल भी लगाये गये थे जिनका उद्घाटन प्रधानाचार्य द्वारा किया गया। स्टाल्स में विभिन्न प्रकार के गेम्स और लाइट रिफ्रेशमेंट (अल्पाहार) इत्यादि का बखूबी ढंग से प्रदर्शन किया गया। आयोजन में सीनियर फैकल्टी सदस्यों में डा. प्रशांत निरंजन (चिकित्सा अधीक्षक), डा. अरूण अहिरवार (कार्यक्रम संयोजक), डा. शैलेन्द्र प्रताप सिंह, डा. हिना रहमान, डा. लता सचान, डा. चरक सांगवान, डा. रवीन्द्र राजपूत, डा. मदन निरंजन, डा. छवि जायसवाल, डा. जितेन्द्र मिश्रा इत्यादि के साथ ही मेडिकल छात्र वान्या, जयसागर, अनुराधा रावत (सदस्य, आयोजन समिति) के साथ ही समस्त अन्य छात्र एवं छात्रायें उपस्थित रहे।

# यूरोपीय संघ के फैसले के साथ आया जी-7

● रूस से आने वाले तेल पर मूल्य सीमा लगाने

**भाषा।** वॉशिंगटन

**रूस से आने** वाले तेल पर 60 रुपए प्रति बैरल की मूल्य सीमा तय करने के फैसले में सात राष्ट्रों के समूह जी-7 और ऑस्ट्रेलिया भी यूरोपीय संघ के साथ आ गए हैं। इस कदम का उद्देश्य वैश्विक बाजारों में रूस से आने वाली तेल की आपूर्ति को जारी रखने और दाम में वृद्धि को रोकने के साथ ही यूक्रेन युद्ध के लिए धन जुटाने की राष्ट्रीय व्लादिमीर पुतिन की क्षमता को कमजोर करना है। तेल की कम कीमत तय करने के लिए सोमवार की समयसीमा निर्धारित की गई है। जी-7 में शामिल अमीर देश यह सीमा तय कर रहे हैं और इसका उद्देश्य दुनिया को रूस से आने वाले तेल की निर्बाध आपूर्ति जारी रखना है अन्यथा दुनियाभर में ऊर्जा की कीमतें आसमान छूने लगेंगी और मुद्रास्फीति फिर और बढ़ जाएगी। अमेरिका की वित्त मंत्री जेनेट एलेन ने एक बयान में कहा कि पुतिन के लिए जो राजस्व का प्राथमिक स्रोत है, इस समझौते से उस पर पाबंदी लग सकेगी तथा वैश्विक ऊर्जा आपूर्तियों में भी स्थिरता आएगी। जी-7 गठबंधन के एक संयुक्त वक्तव्य में शुक्रवार को कहा गया कि समूह अधिकतम मूल्य की उचित तरीके से समीक्षा करने और इसमें परिवर्तन करने के लिए तैयार है। रूस के कच्चे तेल के दाम हाल में 60 डॉलर प्रति बैरल से नीचे चले गए थे। अब यूरोपीय संघ के इसकी सीमा 60 डॉलर प्रति बैरल तय करने पर यह मौजूदा दाम के आसपास ही होगी। यह अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड के मुकाबले काफी सस्ता है जो शुक्रवार को 85.48 डॉलर प्रति बैरल था। अमेरिका ने रूसी तेल पर 60 डॉलर प्रति बैरल की मूल्य सीमा लगाने के कदम का स्वागत करते हुए कहा है कि यह एक महत्वपूर्ण उपाय है जिससे उभरते बाजारों और कम आय वाली अर्थव्यवस्था को लाभ पहुंचेगा और यूक्रेन में बर्बर युद्ध करने के लिए राष्ट्रपति व्लादिमी पुतिन के लिए आवश्यक धन पर भी रोक लग पाएगी। जी-7 और ऑस्ट्रेलिया द्वारा यूरोपीय संघ के इस निर्णय का साथ देने के बाद, एलेन ने कहा, इस मूल्य सीमा का लाभ विशेषकर कम और मध्यम आय वाले देशों को मिलेगा जो पुतिन के युद्ध के कारण ऊर्जा तथा खाद्य कीमतों की आसमान छूती कीमतों से परेशान हैं।

## भारत के जी-20 एजेंडे को पूरा समर्थनः आईएमएफ

**वाशिंगटन।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने कहा है कि वह भारत के जी-20 एजेंडे का पूरा समर्थन करता है, जो मौजूदा वैश्विक संकटों से संबंधित उन मुद्दो पर आम सहमति बनाने की योजना पर काम कर रहा है जिन पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। भारत ने बृहस्पतिवार को औपचारिक रूप से जी-20 की अध्यक्षता ग्रहण की। आईएमएफ के नीति समीक्षा विभाग की निदेशक सेला पजारबासियोग्लू ने अगले सप्ताह होने वाली भारत और चीन की अपनी यात्रा से पहले संवाददाताओं से कहा, वे (भारत) अधिकसमृद्ध भविष्य के लिए एक सामूहिक एजेंडा एक साथ रख रहे है। उन्होंने बृहस्पतिवार को कहा, "वे (भारत) जारी (वैश्विक) संकटों से संबंधित उन मुद्दो पर आम सहमति बनाने की की योजना तैयार कर रहे है, जिन पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। पज़ारबासियोग्लू जाहिर तौर पर रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण खाद्य और ऊर्जा संकट का जिक्र कर रही थी।

उन्होंने कहा कि भारत के जी-20 एजेंडे का आईएमएफ पूरी तरह समर्थन करता है।जी-20 की भारत की अध्यक्षता की थीम वन अर्थ (एक धरती), वन फैमिली (एकपरिवार), वन फ्यूचर (एक भविष्य) है। आईएमएफ की अधिकारी ने कहा, "इसका मतलब यह है कि भारत मतभेदो को दूर करने और स्थानीय स्तर, संघीय स्तर, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काम करने की आवश्यकता को प्राथमिकता दे रहा है। उन्होने कहा कि इंडोनेशिया के बाली में जी-20 की घोषणा को अंजाम तक पहुंचाने में भारत ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पज़ारबासियोग्लू ने कहा, जैसा कि आप जानते है, हम पिछली दो मंत्रिस्तरीय बैठको मे कोई घोषणा करने मे सफल नही रहे। मै इसके विवरण मे नही जाऊंगी कि इसमे कितने घंटे लगे। लेकिन इसलिए यह एकबड़ी उपलब्धि थी, जिसमे बहुत कठोर भाषा शामिल थी, कि अधिकतर सदस्यो ने यूक्रेन मे युद्ध की निंदा की। घोषणा मे सितंबर मे एससीओ शिखर सम्मेलन के इतर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ द्विपक्षीय बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा की गई टिप्पणी का उल्लेख करते हुए कहा गया था, "आज का युग युद्ध का नही होना चाहिए



यूक्रेन रूस युद्ध में खेरसान इंटरनेशनल एयरपोर्ट दुर्घटनाग्रस्त एयरक्राफ्ट

# मैं हमेशा भारत से जुड़ा हुआ महसूस करता हूं : पिचाई

**भाषा।** वाशिंगटन

**गूगल और** अल्फाबेट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सुंदर पिचाई ने कहा है कि वह हमेशा खुद को भारत से जुड़ा हुआ महसूस करते हैं और जहां कहीं भी जाते हैं अपनी भारतीय पहचान को साथ लेकर जाते हैं। पिचाई ने यह बात भारत के तीसरे सबसे बड़े नागरिक सम्मान पद्म भूषण से नवाजे जाने के अवसर पर कही। पिचाई ने कहा, भारत मेरा एक हिस्सा है और मैं जहां कहीं भी जाता हूं इसे अपने साथ लेकर जाता हूं। भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिक पिचाई को व्यापार और उद्योग श्रेणी में वर्ष 2022 के लिए पद्म भूषण से नवाजा गया। उन्हें यह सम्मान अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू ने प्रदान किया। पिचाई को शुक्रवार को अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में उनके परिवार के करीबी सदस्यों की उपस्थिति में यह पुरस्कार प्रदान किया गया। तमिलनाडु के मदुरै में जन्मे पिचाई का नाम उन 17 लोगों की सूची में था, जिन्हें इस सम्मान से नवाजा गया। संधू ने ट्वीट किया, सैन फ्रांसिस्को में गूगल और अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई को पद्म भूषण सौंपकर प्रसन्नता हुई। मदुरै से माउंटेन व्यू तक सुंदर की प्रेरणादायक यात्रा, भारत-अमेरिका आर्थिक और तकनीकी संबंधों को मजबूत करना, वैश्विक नवाचार में भारतीय प्रतिभा के



योगदान की पुष्टि करता है। संधू ने कहा, सुंदर पिचाई दुनिया के विभिन्न हिस्सों में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में डिजिटल उपकरण और कौशल को सुलभ बनाने की दिशा में सराहनीय प्रयास कर रहे हैं। पिचाई (50) ने अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू से यह सम्मान स्वीकार करते हुए कहा, मैं इस सम्मान के लिए भारत सरकार और भारत के लोगों का हृदय से आभारी हूं। भारत मेरा एक हिस्सा है, और मैं गूगल तथा भारत के बीच महान साझेदारी को जारी रखने की आशा करता हूं, क्योंकि हम अधिक लोगों तक प्रौद्योगिकी के लाभ पहुंचाने के लिए मिलकर काम करते हैं। गूगल के सीईओ ने कहा, भारत मेरा एक हिस्सा है और मैं जहां भी जाता हूं इसे अपने साथ ले जाता हूं। मैं सौभाग्यशाली हूं कि मैं एक ऐसे परिवार में पला-बढ़ा, जहां सीखने और ज्ञान प्राप्त करने की इच्छाशक्ति को महत्व देकर इसे संजोया गया। मेरे माता-पिता ने यह सुनिश्चित करने के लिए बहुत त्याग किया कि मुझे अपनी रुचियों के अनुरूप अपना करियर बनाने के अवसर मिलें। पिचाई ने कहा कि इस खूबसूरत पुरस्कार को वह कहीं सुरक्षित रखेंगे। उन्हें सम्मानित करने के लिए आयोजित समारोह के दौरान सैन फ्रांसिस्को में भारत के महावाणिज्यदूत टी वी नागेंद्र प्रसाद भी मौजूद थे। संधू ने कहा कि पिचाई परिवर्तन के लिए प्रौद्योगिकी की असीम संभावनाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 3-एस- गति (स्पीड), सरलता (सिंप्लिसिटी) और सेवा (सर्विस) को संयोजित करने वाली प्रौद्योगिकी के दृष्टिकोण का उल्लेख करते हुए संधू ने आशा व्यक्त की कि गूगल भारत में हो रही डिजिटल क्रांति का पूरा उपयोग करेगा। पिचाई ने कहा कि बीते कुछ वर्षों में कई बार भारत जाने का मौका मिला और वहां तकनीकी परिवर्तन की तीव्र गति को देखना एक आश्चर्यजनक अनुभव रहा है। उन्होंने कहा कि भारत में डिजिटल भुगतान प्रणाली से लेकर आवाज प्रौद्योगिकी तक जैसे नवाचार दुनिया भर के लोगों को लाभान्वित कर रहे हैं। गूगल के सीईओ ने कहा, मैं गूगल और भारत के बीच महान साझेदारी को जारी रखने की आशा करता हूं, क्योंकि हम प्रौद्योगिकी के लाभों को अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए मिलकर काम करते हैं। पिचाई ने कहा कि व्यावसायिक क्षेत्र डिजिटल प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हो रहे परिवर्तन का लाभ उठा रहे हैं, और पहले से कहीं अधिक लोगों की इंटरनेट तक पहुंच है, जिसमें ग्रामीण क्षेत्र भी शामिल हैं। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी का डिजिटल इंडिया का दृष्टिकोण निश्चित रूप से उस प्रगति को गति देने वाला रहा है और मुझे गर्व है कि गूगल दो परिवर्तनकारी दशकों में सरकारों, व्यवसायों और समुदायों के साथ भागीदारी करते हुए भारत में निवेश करना जारी रखे हुए है। पिचाई ने कहा, हमारे दरवाजे पर आई हर नई तकनीक ने हमारे जीवन को बेहतर बनाया है। और उस अनुभव ने मुझे गूगल के रास्ते पर और दुनिया भर के लोगों के जीवन को बेहतर बनाने वाली तकनीक बनाने में मदद करने का मौका दिया है।

## अमेरिका ने पाकिस्तान, चीन समेत 12 देशों को विशेष चिंता वाला देश घोषित किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने चीन, पाकिस्तान और म्यांमा समेत 12 देशों को वहां की धार्मिक स्वतंत्रता की मौजूदा स्थिति को लेकर विशेष चिंता वाले देश घोषित किया है। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने शुक्रवार को इस बाबत घोषणा करते हुए कहा कि दुनिया भर में सरकारें तथा सरकार से इतर तत्व लोगों का उनकी आस्थाओं के आधार पर उत्पीड़न करते हैं, उन्हें धमकाते हैं, जेल में डाल देते हैं और यहां तक कि लोगों की हत्या कर दी जाती है। कुछ उदाहरणों में, वे राजनीतिक लाभ के अवसरों का फायदा उठाने के लिए लोगों की धर्म या आस्था की स्वतंत्रता का गला घोंटते हैं। आज, मैं म्यांमा, चीन, क्यूबा, एरिट्रिया, ईरान, निकारागुआ, उत्तर कोरिया, पाकिस्तान, रूस, अरब, ताजिकिस्तान और तुर्कमेनिस्तान को धार्मिक स्वतंत्रता के गंभीर उल्लंघन में शामिल होने के लिए अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता कानून 1998 के तहत विशेष चिंता वाले देश घोषित कर रहा हूं। अल्जीरिया, मध्य अफ्रीकी गणराज्य, कोमोरोसा और वियतनाम को भी धार्मिक स्वतंत्रता के गंभीर उल्लंघन में शामिल रहने या उसे बर्दाश्त करने के लिए विशेष निगरानी वाली सूची में रखने की जानकारी दी। अमेरिका ने अल-शबाब, बोको हराम, हयात तहरीर अल-शाम, हूथीस, आईएसआईएस-ग्रेटर सहारा, आईएसआईएस-वेस्ट अफ्रीका, जमात नुसरत अल-इस्लाम वल-मुस्लिमिन, तालिबान और वैगनर समूह को भी मध्य अफ्रीकी गणराज्य में उनकी कार्वाइयों के आधार पर विशेष चिंता वाले संगठन के रूप में चिह्नित किया है।

# इंडोनेशिया का मुख्य द्वीप भूकंप के तेज झटकों से कांपा

सुनामी की चेतावनी नही

**भाषा।** जकार्ता

**इंडोनेशिया के** मुख्य द्वीप जावा के कुछ हिस्सों में शनिवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए, जिससे दहशत फैल गई और लोग घर से निकलकर सड़क की ओर भागे। हालांकि किसी के हताहत होने की अभी कोई सूचना नहीं है। अधिकारियों ने कहा कि सुनामी का कोई खतरा नहीं है। यूएस जियोलॉजिकल सर्वे ने कहा कि भूकंप की तीव्रता 5.7 थी। यह भूकंप वेस्ट जावा और सेंट्रल जावा प्रांतों के बीच बंजार से लगभग 18 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में 112 किलोमीटर की गहराई पर केंद्रित था। इंडोनिशया के वेस्ट जावा में 21 नवंबर को 5.6 तीव्रता के भूकंप से कम से कम 331 लोगों की मौत हो गई और लगभग 600 घायल हो गए। सुलावेसी में 2018 में आए भूकंप और सुनामी के बाद से इंडोनेशिया में यह सबसे भीषण भूकंप था, जिसमें लगभग 4,340 लोग मारे गए थे। इंडोनेशिया की मौसम विज्ञान, जलवायु विज्ञान और भूभौतिकीय एजेंसी की प्रमुख द्विकोरिता कर्णावती ने कहा कि सुनामी का कोई खतरा नहीं है, लेकिन भूकंप के बाद के संभावित झटकों की चेतावनी दी गई है। राजधानी जकार्ता में ऊंची इमारतें 10 सेकंड से अधिक समय तक हिलती रहीं। अफरातफरी में लोग सड़कों की ओर भागे। मध्य जावा के कुलोन प्रोगो, बंटुल, केबुमेन और सिलाकैप शहरों में भी झटके महसूस किए गए।

## एफबीआई निदेशक ने टिक्टॉक के बारे में राष्ट्रीय सुरक्षा चिंता जताई

**वाशिंगटन।** अमेरिका के संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) के निदेशक क्रिस रे ने शुक्रवार को टिकटॉक के बारे में राष्ट्रीय सुरक्षा चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि लोकप्रिय वीडियो शेयरिंग ऐप का नियंत्रण चीन सरकार के हाथों में है जिसके मूल्य हमारे जैसे नहीं हैं। रे ने कहा कि एफबीआई चिंतित है कि ऐप प्रणाली का नियंत्रण चीनियों के हाथ में है जो चीजों में हेरफेर कर सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि चीन उपयोगकर्ताओं से संबंधित डेटा एकत्र करने के लिए ऐप का उपयोग कर सकता है जिसका उपयोग पारंपरिक जासूसी कार्यों के लिए किया।

## पाकिस्तान ने काबुल में अपने राजदूत पर हमले को लेकर अफगान राजनयिक को किया तलब

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के प्रभारी राजदूत को तलब किया है और काबुल में उसके (पाक) मिशन प्रमुख पर हुए हमले को लेकर उनके सामने अपनी चिंता रखी। शनिवार को यह खबर सामने आई। शुक्रवार को काबुल में पाकिस्तान के दूतावास पर हमले में (पाक राजदूत) उबैद-उर-रहमान निजमानी बाल-बाल बच गए थे। पाकिस्तान ने तत्काल इस हमले की निंदा एवं जांच की मांग की थी। निजमानी अज्ञात बंदूकधारियों के निशाने पर थे जो दूतावास परिसर में टहल रहे थे। निजमानी का सुरक्षा कर्मी हमले में गंभीर रूप से घायल हो गया। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने कल देर रात जारी एक बयान में कहा कि शुक्रवार शाम को अफगान राजनयिक को तलब किया गया है और उस घटना को लेकर उनके सामने पाकिस्तान की चिंता रखी गई जिसमें दूतावास प्रमुख बाल बाल बच गए लेकिन सुरक्षाकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया। पाकिस्तान ने बयान में कहा, प्रभारी दूतावास से कहा गया है कि पाकिस्तान के राजनयिक मिशन और कर्मियों की सुरक्षा अंतरिम अफगान सरकार की जिम्मेदारी है और यह घटना गंभीर सुरक्षा चूक है।

# एशिया-प्रशांत क्षेत्र में बेंगलुरू में सबसे अधिक बढ़ेगा कार्यालयों का किराया : रिपोर्ट

**भाषा।** नई दिल्ली

**बेंगलुरू में** अगले साल कार्यालयों के किराए में 5-7 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है, जो एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सबसे अधिक है। संपत्ति सलाहकार नाइट फ्रैंक ने एशिया-प्रशांत परिदृश्य 2023 पर अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा कि इस क्षेत्र में 2023 में किराए की वृद्धि मध्यम होने की उम्मीद है। रिपोर्ट के मुताबिक कॉरपोरेट व्यवसाई अपने खर्चों में कटौती करना चाहते हैं, जिसके चलते किराया सामान्य रूप से बढ़ेगा। रिपोर्ट में आगे कहा गया, उम्मीद है कि भारतीय कार्यालय बाजारों में 2022 का स्थिर प्रदर्शन 2023 में भी बना रहेगा। नाइट फ्रैंक ने कहा कि 2023 में बेंगलुरू में कार्यालयों का किराया सालाना आधार पर 5-7 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है, जो एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सबसे अधिक है। रिपोर्ट में एशिया प्रशांत क्षेत्र के 24 शहरों का अध्ययन किया गया। इन शहरों में मुंबई और नई दिल्ली शामिल हैं। नई दिल्ली में 2023 में कार्यालयों का किराया 4-6 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है। मंबई में 3-5 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है। नाइट फ्रैंक इंडिया के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक शिशिर बैजल ने कहा कि पश्चिमी देशों में मंदी के चलते वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भार पड़ रहा है, जबकि भारत उम्मीद की किरण बना हुआ है।

## गोदरेज प्रॉपर्टीज ने आवासीय परियोजना के लिए 750 करोड़ रुपए में मुंबई में खरीदी 18.6 एकड़ भूमि

**नई दिल्ली।** गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड ने अनेक सुविधाओं वाली महंगी आवासीय परियोजना विकसित करने के लिए 750 करोड़ रुपए में मुंबई के कांदिवली में 18.6 एकड़ भूमि खरीदी है। कंपनी को उम्मीद है कि इस परियोजना से उसे 7,000 करोड़ रुपए का बिक्री राजस्व प्राप्त होगा। कंपनी ने भूमि सौदे के बारे में शुक्रवार को जानकारी दी थी लेकिन सौदे की राशि का खुलासा नहीं किया था। बाजार के सूत्रों और संपत्ति परामर्शदाताओं ने कहा कि यह सौदा 750 करोड़ रुपए में हुआ है। गोदरेज प्रॉपर्टीज ने शेयर बाजारों को बताया कि इस परियोजना में 37.2 लाख वर्गफुट क्षेत्र विकसित करने की संभावना है और लगभग 7,000 करोड़ रुपए का बिक्री राजस्व मिलने की उम्मीद है। इस परियोजना में मुख्य रूप से महंगे आवासीय अपार्टमेंट और आवश्यक खुदरा क्षेत्र होंगे। यह कंपनी की सबसे बड़ी आवासीय परियोजनाओं में से एक होगी और मुंबई के पश्चिमी उपनगरों में कंपनी की मौजूदगी को मजबूती करेगी। कंपनी ने बताया कि मौजूदा वित्तीय वर्ष में यह उसकी आठवीं परियोजना है और इसके साथ ही चालू वित्त वर्ष में जोड़ी गई कई परियोजनाओं के जरिए उसका कुल बुकिंग मूल्य लगभग 16,500 करोड़ रुपए है। गोदरेज प्रॉपर्टीज के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी मोहित मल्होत्रा ने कहा, इस परियोजना से अगले कुछ वर्षों में मुंबई के बाजार में हमारी हिस्सेदारी उल्लेखनीय रूप से बढ़ाने में मदद मिलेगी। यह महत्वपूर्ण रियल एस्टेट बाजारों में अपनी पैठ बढ़ाने की हमारी रणनीति के अनुरूप है।

# ओयो अपने 3,700 कर्मचारियों में करीब 600 की छंटनी करेगी

**भाषा।** नई दिल्ली

**आईपीओ** लाने की तैयारी में जुड़ी यात्रा प्रौद्योगिकी फर्म ओयो ने शनिवार को बताया कि वह प्रौद्योगिकी और कॉरपोरेट क्षेत्र में 600 नौकरियों की कटौती करेगी इस तरह कंपनी अपने 3,700 कर्मचारियों में करीब 10 प्रतिशत को कम करेगी। साथ ही कंपनी संबंध प्रबंधन दल में करीब 250 लोगों की भर्ती भी करेगी। ओयो ने कहा कि यह कदम उसके संगठनात्मक ढांचे में व्यापक बदलावों को लागू करने का हिस्सा है। कंपनी अपने उत्पाद और इंजीनियरिंग, कॉरपोरेट मुख्यालय और ओयो वैकेशन होम्स के दल का आकार घटा रही है। इसके अलावा संबंध प्रबंधन और कारोबार विकास के क्षेत्र में भर्ती की जा रही है। एक बयान में कहा गया, ओयो अपने 3,700 कर्मचारियों में 10 प्रतिशत को कम करेगी, जिसमें 250 सदस्यों की नई भर्ती और 600 कर्मचारियों की छंटनी शामिल है। कंपनी ने बताया कि सुचारू कामकाज के लिए उत्पाद और इंजीनियरिंग टीमों का विलय किया जा रहा है। बेहतर उपभोक्ता और पार्टनर सेवा के लिए संबंध प्रबंधन दल में 250 सदस्यों को जोड़ा जाएगा। इससे कंपनी के मंच पर होटलों की संख्या बढ़ाने में मदद मिलेगी। ओयो के संस्थापक और समूह सीईओ रितेश अग्रवाल ने कहा, हम यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे कि जिन लोगों को हम जाने दे रहे हैं।

## एसजेवीएन को 200 मेगावॉट की सौर परियोजना मिली

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक स्वामित्व वाली एसजेवीएन लिमिटेड ने शनिवार को कहा कि उसकी इकाई एसजेवीएन ग्रीन एनर्जी को महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (एमएसईडीसीएल) से 200 मेगावॉट की सौर परियोजना मिली है जिसकी लागत ।,200 करोड़ रुपए है। कंपनी की पूर्ण स्वामित्व वाली इकाई एसजेवीएन ग्रीन एनर्जी लिमिटेड को महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड से 200 मेगावॉट की सौर ऊर्जा परियोजना निर्माण और परिचालन के आधार पर मिली है। इसमें बताया गया कि परियोजना की अनुमानित लागत करीब ।,200 करोड़ रुपए है।

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने तमिलनाडु के किसानों को दिए 134 करोड़ रुपए के कृषि कर्ज

**चेन्नई।** बैंक ऑफ बड़ौदा ने तमिलनाडु में हाल में हुए किसानों तक पहुंच बनाने के 15 दिन के कार्यक्रम के तहत यहां 134 करोड़ रुपए के कृषि ऋण मंजूर किए हैं। बड़ौदा किसान पखवाड़े के पांचवे संस्करण का आयोजन यहां 15 से 30 नवंबर तक हुआ।

इसमें बैंक की 161 अर्द्ध शहरी और ग्रामीण शाखाओं ने हिस्सा लिया। बैंक ने शनिवार को एक बयान में बताया कि तमिलनाडु के 20,000 से अधिक किसानों को 134 करोड़ रुपए के कृषि कर्ज दिए गए हैं। बैंक ऑफ बड़ौदा के महाप्रबंधक एवं क्षेत्रीय प्रमुख (चेन्नई) ए सरवनकुमार ने कहा, हमने किसान समुदाय तक व्यापक पहुंच बनाई और उन्हें विभिन्न प्रकार के कृषि ऋणों के बारे में, बैंकिंग सेवाओं और सरकार की विभिन्न कृषि पहलों के

# चुनावी बॉन्ड की 24वीं किस्त को मंजूरी, सोमवार से होंगे जारी

**भाषा।** नई दिल्ली

**सरकार** ने राजनीतिक दलों को चंदा देने के लिए इस्तेमाल होने वाले चुनावी बॉन्ड की 24वीं किस्त जारी करने की शनिवार को अनुमति दे दी। इनकी बिक्री पांच दिसंबर से होगी। इसी दिन गुजरात विधानसभा चुनाव का दूसरा चरण भी होना है। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि चुनावी बॉन्ड की बिक्री 5 दिसंबर से शुरू होगी। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की 29 अधिकृत शाखाओं से इन बॉन्ड की खरीद 12 दिसंबर तक की जा सकेगी। चुनावी बॉन्ड की 23वीं किस्त 9 से 15 नवंबर तक खुली थी। राजनीतिक दलों को चंदा देने के लिए नकदी के विकल्प के तौर पर चुनावी बॉन्ड जारी करने की व्यवस्था लागू की गई। बॉन्ड को कोई भी भारतीय नागरिक या भारत में स्थापित कंपनी खरीद सकती है। चुनावी बॉन्ड की पहली किस्त की बिक्री ।-10 मार्च, 2018 में की गई थी। चुनावी बॉन्ड को एसबीआई की लखनऊ शिमला, देहरादून, कोलकाता, गुवाहाटी, चेन्नई, पटना, नई दिल्ली, चंडीगढ़, श्रीनगर, गांधीनगर, भोपाल, रायपुर एवं मुंबई समेत 29 शाखाओं से खरीदा और भुनाया जा सकेगा। एक चुनावी बॉन्ड की वैधता जारी किए जाने की तारीख से 15 दिनों तक होगी। वैधता अवधि बीतने के बाद अधिकृत शाखाओं में बॉन्ड जमा किए जाने पर राजनीतिक दलों को कोई भी भुगतान नहीं मिल पाएगा। पिछले लोकसभा चुनाव या राज्य के विधानसभा चुनाव में न्यूनतम एक प्रतिशत मत पाने वाले पंजीकृत दल चुनावी बॉन्ड के जरिए चंदा लेने के लिए पात्र हैं।

# मोदी के नेतृत्व में 2014 से भारत की जैव-अर्थव्यवस्था आठ गुनी बढ़ीः केंद्रीय मंत्री



**भाषा।** जम्मू

**केंद्रीय** मंत्री जितेंद्र सिंह ने शनिवार को कहा कि मोदी सरकार के तहत पिछले आठ साल में भारत की जैव अर्थव्यवस्था आठ गुना बढ़ी है।

उन्होंने कहा कि 2014 में 10 अरब डॉलर से बढ़कर यह 2022 में 80 अरब डॉलर तक पहुंच गई है।

प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री ने कहा कि 2021 में हर दिन तीन जैव प्रौद्योगिकी स्टार्टअप बने और सिर्फ पिछले साल कुल ।,128 जैव प्रौद्योगिकी स्टार्टअप स्थापित किए गए। इससे इस क्षेत्र में तेजी से वृद्धि के संकेत मिलते हैं।

सिंह ने यहां जैव विज्ञान और रासायनिक प्रौद्योगिकी में उभरते रुझानों पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन-2022 को संबोधित करते हुए कहा कि जैव प्रौद्योगिकी स्टार्टअप पिछले आठ वर्षों में 100 गुना बढ़कर 2022 में 5,300 से अधिक हो गए हैं।

सम्मेलन का आयोजन श्री माता वैष्णो देवी विश्वविद्यालय, स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी, जम्मू द्वारा किया गया था। सम्मेलन का आयोजन सीएसआईआर - आईआईआईएम, जम्मू और बायोटेक रिसर्च सोसाइटी ऑफ इंडिया के सहयोग से 3-5 दिसंबर तक किया जा रहा है।

## सरकार दूरसंचार विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए बढ़ाएगी आयात पर निगरानी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय दूरसंचार एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि पड़ोसी देशों से होने वाला ऐसा आयात जो दूरसंचार क्षेत्र के विश्वसनीय स्रोत नियमों के अनुरूप नहीं हैं, उसकी जांच के लिए सरकार कार्यप्रणाली लाएगी। वैष्णव ने दूरसंचार उपकरण विनिर्माता कंपनियों के 40 से अधिक मुख्य कार्यपालक अधिकारियों के साथ बैठक की। इन कंपनियों को उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना के लिए योग्य पाया गया है। बैठक में निर्णय लिया गया कि चार से पांच कार्यबल गठित किए जाएंगे जो इन कंपनियों को बाजार समर्थन देंगे और उनके कारोबार को कुछ इस प्रकार राह दिखाएंगे कि ए अर्थव्यवस्था के लिए लाभकारी बन जाएं।

## जेके सीमेंट उज्जैन में ग्राइंडिंग यूनिट लगाएगा

**उज्जैन।** जेके सीमेंट लिमिटेड भारत में ग्रे सीमेंट के अग्रणी निर्माताओं और दुनिया के सबसे बड़े व्हाइट सीमेंट निर्माताओं में से एक है। जेके सीमेंट ने आज मध्य प्रदेश के उज्जैन में अपनी ग्रीनफील्ड ग्राइंडिंग यूनिट का भूमि पूजन समारोह किया। इस समारोह की अध्यक्षता जेके सीमेंट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक डॉ राघवपत सिंघानिया, डिप्टी एमडी और सीईओ माधवकृष्ण सिंघानियाए एवं वरिष्ठ नेतृत्व टीम द्वारा किया गया। यह ग्राइंडिंग यूनिट लगभग 400 करोड़ रुपये के निवेश से स्थापित की जा रही हैए और इसके निर्माण का कार्य भी शुरू हो चुका है। इस यूनिट की कुल उत्पादन क्षमता 1.50 मिलियन टन प्रति वर्ष ;डञ्च।द्ध होगीए और ये मध्य प्रदेश में प्रमुख ग्रे सीमेंट ग्राइंडिंग यूनिट में से एक है। जेके सीमेंट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक डॉ राघवपत सिंघानिया ने कंपनी के इस विस्तार पर बोलते हुए कहा कि मैं मध्य प्रदेश सरकार को उनके निरंतर समर्थन के लिए और हमें राज्य के विकास का हिस्सा बनने का अवसर देने के लिए धन्यवाद देना चाहता हूँ। क्षमता विस्तारए क्षेत्रीय विविधीकरण और पोर्टफोलियो मिश्रण के साथए जेके सीमेंट मार्किट की बढ़ती सीमेंट डिमांड को पूरा करने में सक्षम हैं।

# प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ अपशब्दों का प्रयोग कांग्रेस का नया चलनः संबित पात्रा

भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय जनता** पार्टी (भाजपा) ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ अपशब्दों का इस्तेमाल करना कांग्रेस के लिए नया चलन बन गया है। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने विपक्षी दल पर निशाना साधने के लिए कांग्रेस की कर्नाटक इकाई के नेता वी एस उगरप्पा द्वारा मोदी को भस्मासुर कहे जाने संबंधी खबरों का हवाला दिया। पात्रा ने कहा कि यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब कुछ ही दिन पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ रावण वाली टिप्पणी की थी।

उल्लेखनीय है कि खरगे ने इस हफ्ते की शुरुआत में अहमदाबाद में एक रैली में कहा था कि प्रधानमंत्री सभी चुनावों में लोगों से उनका चेहरा देखकर वोट करने के लिए कहते हैं। खरगे ने पूछा था, क्या आप रावण की तरह 100 सिर वाले हैं। पात्रा ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जहां तक कांग्रेस का संबंध है, यह एक नया चलन बन गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस अपशब्दों का प्रयोग करने वाली पार्टी बन गई है। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति जो. बाइडन के इस बयान का हवाला दिया कि वह



अपने दोस्त मोदी के साथ खड़े हैं। पात्रा ने कहा कि एक तरफ दुनिया उनके (मोदी) साथ खड़ी है और दूसरी तरफ, कांग्रेस उनके लिए इस तरह की भाषा का इस्तेमाल करती है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा, यह दुखद और चिंताजनक है। गौरतलब है कि भारत को अमेरिका का मज़बूत साझेदार बताते हुए बाइडन ने शुक्रवार को कहा कि वह भारत की जी 20 की अध्यक्षता के दौरान अपने मित्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का समर्थन करने के लिए उत्सुक हैं।महाभारत का जिक्र करते हुए पात्रा ने कहा कि कांग्रेस ने मोदी को 100 अपशब्द कहे हैं और लोग गुजरात विधानसभा चुनाव में विपक्षी दल को लोकतांत्रिक तरीके से खत्म करने के लिए भगवान कृष्ण की तरह सुदर्शन चक्र का इस्तेमाल करेंगे। भाजपा नेता ने मोदी सरकार की कई विकास और कल्याणकारी पहलों का हवाला देते हुए कहा कि ऐसा नेता भस्मासुर नहीं हो सकता।

## भाजपा ने टीएमसी के खेला होबे नारे का इस्तेमाल उसी के खिलाफ किया

**कोलकाता।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के लोकप्रिय नारे खेला होबे का इस्तेमाल उसी के खिलाफ करते हुए कहा कि राज्य में निर्धारित समय से पूर्व विधानसभा चुनाव हो सकते हैं। भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने कहा कि उनकी पार्टी अहिंसा में विश्वास करती है, इसका मतलब यह नहीं है कि अगर धक्का-मुक्की की नौबत आती है तो वह इस पर प्रतिक्रिया नहीं देगी। भाजपा नेता ने शुक्रवार को उत्तर 24 परगना जिले के बैरकपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, खेल दोनों पक्षों द्वारा खेला जाएगा ( खेला होबे ) और यह खतरनाक होगा। टीएमसी ने 2021 के विधानसभा चुनाव से पहले खेला होबे का नारा गढ़ा था और यह बेहद लोकप्रिय हुआ था। पश्चिम बंगाल के बाहर कई अन्य पार्टियों ने भी बाद में इस नारे का इस्तेमाल किया था। सुकांत मजूमदार ने कहा, मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि राज्य की संपत्ति बेच रही तृणमूल कांग्रेस की सरकार को कुछ वर्षों में हटा दिया जाएगा। भाजपा नेता ने राज्य में जल्द चुनाव होने की संभावना की ओर इशारा करते हुए दावा किया कि अगर पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव 2024 के लोकसभा चुनाव के साथ होते हैं तो उन्हें कोई आश्चर्य नहीं होगा। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस सरकार 2021 में लगातार तीसरी बार राज्य में सत्ता में आई है। मजूमदार ने दावा करते हुए कहा कि टीएमसी के लगभग 300 कार्यकर्ता 2021 के चुनाव के बाद की हिंसा से संबंधित मामलों में सलाखों के पीछे हैं, जिनकी जांच सीबीआई द्वारा की जा रही है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा और लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किए जाने की संभावना है। मजूमदार ने कहा कि जब तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं, तब तक गैरकानूनी गतिविधियों में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा, चाहे वह किसी भी बड़े पद पर हो।

## राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि मामले में सुनवाई सात जनवरी तक स्थगित

भाषा। ठाणे

**महाराष्ट्र के** भिवंडी की एक अदालत ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि के एक मामले में सुनवाई शनिवार को 7 जनवरी तक के लिए स्थगित कर दी, क्योंकि वह देशव्यापी भारत जोड़ो यात्रा में व्यस्त हैं। भिवंडी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी आईसी वाडीकर ने राहुल गांधी को निजी तौर पर पेश होने से छूट दे दी। कांग्रेस नेता के वकील नारायण अय्यर ने कहा, मानहानि का मामला शनिवार को सुनवाई के लिए आया। इसे सात जनवरी तक के लिए स्थगित कर दिया गया है, जब राहुल गांधी को स्थाई तौर पर पेशी से छूट के संबंध में दलीलें सुनी जाएंगी। शिकायती राहुल कुंटे शहर से बाहर होने के कारण अदालत में उपस्थित नहीं थे। मामला राहुल द्वारा एक भाषण में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और महात्मा गांधी की हत्या पर टिप्पणियों से संबंधित है।



झारखंड के हजारीबाग के चहरवा डैम में चहलकदमी करते प्रवासी पक्षी

## अभिषेक बनर्जी की रैली स्थल के नजदीक विस्फोट, तीन लोगों की मौत, कई घायल

**कोंटाई ( पश्चिम बंगाल )।** पश्चिम बंगाल के पूर्व मेदिनीपुर जिले में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी की रैली के स्थान के पास हुए विस्फोट में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और कई अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव बनर्जी की रैली के स्थल कोंटाई शहर से 1.5 किलोमीटर दूर भूपतिनगर इलाके में अर्जुननगर के ब्लॉक दो में हुई।

भूपतिनगर पुलिस थाने के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, शुक्रवार रात करीब सवा 11 बजे बजे एक घर में धमाका हुआ और शनिवार सुबह दो शव बरामद किए गए। इस घटना में कुछ अन्य लोग घायल हुए हैं। अभी यह पता नहीं लग पाया है कि विस्फोट किस वजह से हुआ और मामले की जांच जारी है। अधिकारी ने कहा, धमाका इतना जोरदार था कि इस घटना में फूस की छत वाला मिट्टी का घर ध्वस्त हो गया। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान राजकुमार मन्ना, देबकुमार मन्ना और बिस्वजीत गाएन के रूप में की गई है तथा ऐसा बताया जा रहा है कि राजकुमार तृणमूल का कार्यकर्ता था। बाद में एक फॉरेंसिक दल ने घटनास्थल पर पहुंचकर नमूने एकत्र किए और वहां पुलिस का एक बड़ा दल तैनात किया गया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप घोष ने इस घटना के लिए टीएमसी को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि राज्य में केवल बम बनाने का उद्योग फल-फूल रहा है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के वरिष्ठ नेता सुजान चक्रवर्ती ने सवाल किया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ऐसी घटनाओं पर चुप क्यों हैं और उन्हें इस घटना पर बयान देना चाहिए। टीएमसी की राज्य इकाई के महासचिव कुणाल घोष ने कहा कि विपक्ष के लिए बिना किसी सबूत के पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ पार्टी को दोष देना बहुत आसान है।

## असम में ईंट के भट्ठे में आग से दो बच्चों समेत पांच की मौत

**हैलाकांडी (असम)।** असम के कछार जिले में एक ईंट भट्ठे में आग लगने से दो बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई जबकि 12 अन्य गंभीर घायल हो गए। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार रात को काटिगोराह क्षेत्र में जब एक स्थानीय मस्जिद का इमाम ईंट भट्ठा परिसर में कोई धार्मिक कार्यक्रम करा रहा था तब यह यह घटना घटी। उन्होंने बताया कि इस हादसे में दो नाबालिग और इमाम की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो अन्य झुलसे व्यक्तियों ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ लिया। उन्होंने बताया कि घायलों को शुरू एक नजदीकी अस्पताल में ले जाया गया और बाद में उन्हें गंभीर स्थिति में सिलचर चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल में पहुंचाया गया। अधिकारी के अनुसार आग की वजह पता नही चल पाई है और जांच चल रही है। उनके मुताबिक भट्ठे के मालिक एवं कर्मी फरार है और उनका कुछ पता नही चल पाया है।

## पंजाब में एनआरआई अदालतों की संख्या बढ़ाई जानी चाहिए: सतनाम सिंह चहल

**चंडीगढ़।** नॉर्थ अमेरिकन पंजाबी एसोसिएशन (एनएपीए) के कार्यकारी निदेशक सतनाम सिंह चहल ने शनिवार को कहा कि समय से न्याय सुनिश्चित करने के लिए पंजाब में प्रवासी भारतीय (एनआरआई) अदालतों की संख्या बढ़ाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि पंजाबी प्रवासी समुदाय अपनी चिंताओं के समाधान के लिए पंजाब सरकार द्वारा जालंधर, मोहाली, लुधियाना, मोगा और अमृतसर में प्रवासियों की बैठकें करने संबंधी घोषणा से उत्साहित है। चहल ने कहा, राज्य में ऐसा पहली बार हुआ है कि सरकार पंजाबी प्रवासी के मुद्दों और चिंताओं का उनके घर पर ही समाधान करने की कोशिश कर रही है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि हर भागीदार के साथ उचित बर्ताव हो तथा उसकी शिकायतों का निवारण हो। उन्होंने कहा कि पंजाबी प्रवासी समुदाय के लिए गिरोह के बीच लड़ाई चिंता का कारण है तथा जो प्रवासी भारतीय असुरक्षित महसूस कर रहे है, उन्हें हथियार का लाइसेंस दिया जाना चाहिए। चहल ने कहा, न्याय में देरी नही होनी चाहिए तथा समय से न्याय सुनिश्चित करने के लिए एनआरआई अदालतों की संख्या बढ़ाई जानी चाहिए।

## समान नागरिक संहिता मुद्दे पर गठित समिति का कार्यकाल छह महीने और बढ़ा

भाषा। देहरादून

**उत्तराखंड के** लिए समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का मसौदा तैयार करने वाली विशेषज्ञों की समिति का कार्यकाल छह महीने के लिए बढ़ा दिया गया है। अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) राधा रतूड़ी द्वारा जारी एक आदेश में कहा गया है कि समान नागरिक संहिता का मसौदा तैयार करने के उद्देश्य से गठित समिति का कार्यकाल अगले साल 27 मई तक बढ़ा दिया गया है। उच्चतम न्यायालय की सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में समिति का गठन इस साल मई में किया गया था। समिति के सदस्य पूर्व मुख्य सचिव शत्रुघ्न सिंह ने कहा कि वर्तमान में यूसीसी के मसौदे पर सुझाव लेने के लिए समिति राज्य के विभिन्न हिस्सों में लोगों के साथ परामर्श कर रही है। उन्होंने कहा कि समिति यूसीसी मसौदे पर क्रमशः 20 और 16 दिसंबर को देहरादून और श्रीनगर गढ़वाल में लोगों के साथ संवाद कर उनके सुझाव आमंत्रित करेगी। सिंह ने कहा कि इस संबंध में राज्य में 30 विभिन्न स्थानों पर लोगों के साथ परामर्श किया जा चुका है और अब तक लगभग 2.25 लाख सुझाव प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि, सार्वजनिक परामर्श प्रक्रिया अपने अंतिम चरण में है, समिति यूसीसी का मसौदा तैयार करने से पहले सुझावों का विस्तार से अध्ययन करेगी। समान नागरिक संहिता को लागू करना पुष्कर सिंह धामी नीत सरकार द्वारा इस साल की शुरुआत में हुए राज्य विधानसभा चुनावों के लिए किए गए प्रमुख चुनाव-पूर्व वादों में से एक था।

## पंजाब के फाजिल्का में 25 किलोग्राम हेरोइन, पिस्तौल एवं गोलाबारूद बरामद

**चंडीगढ़।** पंजाब के फाजिल्का जिले में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने मादक पदार्थों की तस्करी के एक और प्रयास को नाकाम करते हुए शनिवार को करीब 25 किलोग्राम हेरोइन बरामद की। अधिकारियों ने बताया कि बीएसएफ कर्मियों ने खेप बरामद करने आए तीन से चार संदिग्धों की हरकतों को देखकर गोली चलाई, लेकिन वे भागने में सफल रहे।

बीएसएफ ने कहा कि शुक्रवार देर रात 12 बजकर पांच मिनट जवानों ने चूड़ीवाला चुस्ती गांव के पास पाकिस्तानी ड्रोन के भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने की आवाज सुनी। उन्होंने ड्रोन की दिशा में भी गोलियां चलाईं, जो वापस पाकिस्तान की तरफ चला गया। बीएसएफ ने ट्वीट किया, इलाके की तलाशी के दौरान, उन्हें हेरोइन के नौ पैकेट मिले, जिनका वजन 7.5 किलोग्राम था। इसके अलावा एक पिस्तौल, दो मैगजीन और नौ एमएम के 50 कारतूस भी मिले। बाद में बीएसएफ जवानों को सात और ऐसे पैकेट मिले जिनमें 17.5 किलोग्राम हेरोइन थी और इन पैकेट को भूरे रंग के शॉल में लपेटकर रखा गया था। बयान में कहा गया, सतर्क बीएसएफ जवानों ने एक बार फिर मादक पदार्थों की तस्करी के राष्ट्र-विरोधी तत्वों के नापाक प्रयास को विफल कर दिया। सोमवार को, करीब 10 किलोग्राम हेरोइन लेकर आए दो पाकिस्तानी ड्रोन को बीएसएफ ने अमृतसर और तरनतारन जिलों में भारत-पाकिस्तान सीमा पर मार गिराया था। बुधवार को, तरनतारन के खालड़ा क्षेत्र के गांव वां तारा सिंह इलाके से एक टूटा हुआ क्वाडकॉप्टर ड्रोन मिला था।

## भारत कभी हिंसा और युद्ध का समर्थन नहीं करताः राजनाथ सिंह

भाषा। बेंगलुरु

**रक्षा मंत्री** राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि भारत किसी को छेड़ता नहीं है और यदि कोई देश की शांति भंग करता है तो उसे छोड़ता नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत ने कभी युद्ध तथा हिंसा की वकालत नहीं की, हालांकि, वह अन्याय और दमन पर तटस्थ नहीं रह सकता। रक्षा मंत्री ने कहा, हम सभी मानते हैं कि भारत ऐसा देश है जो हमेशा से शांति प्रेमी रहा है। हमारी प्रकृति कभी युद्ध और हिंसा की नहीं रही। भारत ने न तो किसी अन्य देश पर हमला किया है और ना ही किसी अन्य देश की एक इंच भी जमीन पर कब्जा किया है। यह भारत का चरित्र है। वह इस्कॉन द्वारा बेंगलुरु के वसंतपुरा स्थित उसके भव्य राजाधिराज गोविंद मंदिर में आयोजित गीता दान योजना कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। सिंह ने महाभारत का उल्लेख करते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र में भगवान कृष्ण ने अर्जुन को जो उपदेश दिए थे, उन्हें श्रीमद भगवद्गीता के नाम से जाना जाता है। उन्होंने कहा कि गीता पढ़ने और उसे आत्मसात करने से व्यक्ति निर्भय होता है। इस्कॉन बेंगलुरु ने इस महीने सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजनों के अलावा एक लाख भगवद्गीता पुस्तक वितरित करने की योजना बनाई है। इस अवसर पर कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई, पूर्व मुख्यमंत्री बी एस एदियुरप्पा तथा इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ आदि गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।



इस्कान मंदिर में गीता दान यज्ञ महोत्सव के अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिह को सम्मानित करते मंदिर प्रशासन के लोग

## भोपाल गैस त्रासदी : मुख्यमंत्री ने बरसी पर यूनियन कार्बाइड को जिम्मेदार ठहराया

**भोपाल ( भाषा )।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि यूनियन कार्बाइड कंपनी की गलती और लापरवाही के कारण में भोपाल में एक अविस्मरणीय आपदा हुई जिसने बड़े पैमाने पर मानव जीवन छीन लिए। मुख्यमंत्री भोपाल गैस त्रासदी की 38 वीं बरसी पर यहां पीड़ितों को श्रद्धांजलि देने के लिए शनिवार को विभिन्न धर्मगुरुओं के साथ प्रार्थना सभा में शामिल हुए। उन्होंने विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बनाए रखने की जरुरत पर बल दिया।

यूनियन कार्बाइड की कीटनाशक कारखाने से दो और तीन दिसंबर 1984 की रात जहरीली गैस के रिसाव ने भोपाल में हजारों लोगों की जान ले ली। इसे दुनिया की सबसे भीषण औद्योगिक आपदाओं में से एक माना जाता है। सर्वधर्म प्रार्थना सभा यहां बरकतउल्ला भवन में आयोजित किया गया, जहां प्रतिभागियों ने गैस पीड़ितों की याद में दो मिनट का मौन रख उन्हें श्रद्धांजलि दी। चौहान ने कहा, अगर मानवीय भूल से किसी की जान जाती है तो यह दुखद है.... यूनियन कार्बाइड की गलती और लापरवाही से मानव जीवन का नुकसान हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सैकड़ों मासूम बच्चों और नौजवानों की जान चली गई और गैस रिवास के बाद लोग भाग खड़े हुए। 38 साल पहले हुई गैस त्रासदी अविस्मरणीय है। उन्होंने कहा, हमें भोपाल गैस त्रासदी से सबक सीखना होगा। हममें से प्रत्एक को जिम्मेदारी से काम करना चाहिए। जो लोग जिम्मेदारी से काम नहीं करते हैं उन्हें दंडित किया जाना चाहिए। प्रकृति के साथ खिलवाड़ करना गलत है। उन्होंने कहा, विकास के लिए प्रकृति को नष्ट करना सही नहीं है। नदी प्रदूषण हर जगह बढ़ रहा है। अगर हम परवाह नहीं करते हैं, तो ग्लोबल वार्मिंग बढ़ेगी। प्रकृति का शोषण असंतुलन पैदा करता है। चौहान ने कहा कि भोपाल गैस त्रासदी हमारे लिए एक संदेश है कि हमें प्रकृति का विवेकपूर्ण उपयोग करना चाहिए और खतरनाक स्तर तक इसका दोहन बंद करना चाहिए। उन्होंने लोगों से भावी पीढ़ी को ध्यान में रखते हुए पर्यावरण को बचाने की दिशा में कदम उठाने का आग्रह किया।

## भारत को खुली जेलों को लेकर और अधिक उदार विचारों वाला होने की आवश्यकताः शोधकर्ता

**कोलकाता।** भारत में खुली जेलों की वकालत करने वाली शोधकर्ता स्मिता चक्रवर्ती ने कहा है कि ऊंची दीवारें, कंटीले तार की बाड़ या हथियारबंद पहरेदार नहीं होने के बावजूद मानवीय सुविधाओं से युक्त खुली जेलों में बंद कैदी वहां से भागते नहीं क्योंकि न्यूनतम अंकुश अक्सर अनुशासन को बढ़ावा देता है और उनमें आत्मसम्मान की भावना उत्पन्न करता है। स्मिता चक्रवर्ती एक दशक से अधिक समय से भारत में जेलों की संस्कृति को बदलने के लिए काम कर रही हैं।

उच्चतम न्यायालय ने 2017 में जयपुर की सांगानेर खुली जेल इसके फायदों पर चक्रवर्ती की रिपोर्ट गौर किया था और बाद में सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को हर जिले में ऐसी जेल स्थापित करने की व्यवहार्यता का पता लगाने के लिए कहा था। स्मिता चक्रवर्ती ने एक संस्था प्रिज़न ऐड ू एक्शन रिसर्च (पीएएआर) की स्थापना की है। इस संस्था ने कई राज्य सरकारों के साथ सक्रिय रूप से काम किया है और देश के कई हिस्सों में खुली जेलों की स्थापना की सुविधा प्रदान की है। स्मिता चक्रवर्ती ने कहा, जेल कानून तोड़ने को लेकर पकड़े गए लोगों में सुधार करने के लिए स्थान होती हैं। जब रिपोर्ट आई तो देश में 63 खुली जेलें थीं, जिनमें से 29 अकेले राजस्थान में थीं। मौजूदा समय में भारत में 150 खुली जेल हैं। स्मिता चक्रवर्ती ने पूर्व में बिहार की जेलों की स्थिति पर एक रिपोर्ट प्रकाशित की थी। उन्होंने कहा कि वह यह देखकर बेहद हैरान रह गईं कि राज्य की कुछ खचाखच भरी जेलों में कैदियों के बैठने के लिए मुश्किल से ही जगह है।उन्होंने कहा, वर्ष 2014 में बिहार की सभी 58 जेलों का दौरा करने और वहां के प्रत्एक कैदी से बात करने के बाद, मुझे एहसास हुआ कि नियमित जेलों में गिने-चुने लोग ही आदतन अपराधी होते हैं।

## राजस्थान में गैंगस्टर की गोली मारकर हत्या

**सीकर ( भाषा )।** राजस्थान के सीकर शहर में शनिवार को एक गैंगस्टर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। गोलीबारी में एक अन्य आम नागरिक भी मारा गया जो उस इलाके में अध्ययनरत अपनी बेटी से मिलने आया था। पुलिस ने घटना में शामिल पांच लोगों को पकड़ने के लिए पूरे राज्य में नाकाबंदी कर दी और पंजाब एवं हरियाणा से लगती सीमाओं को सील कर दिया है। सीकर के पुलिस अधीक्षक कुंवर राष्ट्रदीप ने बताया, गैंगस्टर राजू ठेहट की शनिवार को उसके घर के मुख्य दरवाजे पर ही पांच लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी। ठेहट जून 2017 में पुलिस मुठभेड़ में मारे गए गैंगस्टर आनंदपाल सिंह का प्रतिद्वंद्वी था। पुलिस अधिकारी के अनुसार घटना सुबह 10.15 बजे सीकर के उद्योग विहार थाने के पिपराली रोड की है, जहां पांच हमलावरों ने ठेहट पर गोलियां चलाईं। ठेहट के खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं और वह फिलहाल जमानत पर था।

## महिलाओं और हिंदुओं पर बयान को लेकर अजमल पर मामला दर्ज

भाषा। गुवाहाटी

असम जातीय परिषद (एजेपी) ने महिलाओं और हिंदू समुदाय के संबंध में बयान को लेकर शनिवार को एआईयूडीएफ सांसद बदरुद्दीन अजमल के खिलाफ असम में पुलिस के समक्ष शिकायत दर्ज कराई। एजेपी उपाध्यक्ष डूलू अहमद ने यहां हाटीगांव थाने में, जबकि हैलाकांडी में वहां पार्टी के मुख्य संयोजक ने शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत मिलने की पुष्टि करते हुए कहा कि जांच शुरू हो गई है। अहमद ने कहा कि ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) सांसद अजमल के बयान को लेकर उनके खिलाफ तत्काल कार्वाई की मांग की गई है, क्योंकि इससे समाज में व्यापक प्रतिक्रिया हुई है और सांप्रदायिक हिंसा भड़क सकती है। अजमल ने शुक्रवार को एक मीडिया संस्थान को दिए साक्षात्कार में महिलाओं, हिंदू पुरुषों पर तथा असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा को लेकर टिप्पणियां की थीं। उन्होंने कथित तौर पर हिंदुओं को कम उम्र में शादी करके मुसलमानों की तरह ज्यादा बच्चे पैदा करने की सलाह दी थी। अजमल के राजनीतिक विरोधियों ने उनके बयान को गुजरात विधानसभा चुनाव से जोड़ा और आरोप लगाया कि एआईयूडीएफ अध्यक्ष अपनी पार्टी को बचाने के लिए भाजपा के इशारे पर काम कर रहे हैं। वहीं, भाजपा प्रवक्ता रंजीब शर्मा ने कहा, अजमल ने हमारे मुख्यमंत्री के खिलाफ जिन शब्दों का इस्तेमाल किया है, उन्हें पूरे सभ्य समाज द्वारा चुनौती दी जानी चाहिए। भाजपा विधायक दिगंत कालिता ने मुस्लिम समुदाय से अजमल के खिलाफ खड़े होने को कहा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन बोरा ने इस मामले में अजमल और मुख्यमंत्री के बीच साजिश होने की आशंका जताई।

## विभाजन के बाद सिर्फ सनातन धर्म के अनुयायियों को ही यहां रहना चाहिए थाः गिरिराज

**बेगूसराय।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने अफसोस जताया कि धर्म के आधार पर विभाजन के समय यह सुनिश्चित नहीं किया गया था कि केवल सनातन धर्म के अनुयाई ही भारत में रहें। उन्होंने जनसंख्या नियंत्रण के लिए एक कानून की भाजपा की मांगों पर प्रतिक्रिया देते हुए हिंदू समुदाय के बारे में असम के नेता बदरुद्दीन अजमल की विवादास्पद टिप्पणी को लेकर गुस्सा जताते हुए यह टिप्पणी की। गिरिराज ने कहा, देश को धर्म के नाम पर बांटा गया था, यदि तब यह सुनिश्चित किया गया होता कि केवल सनातन धर्म को मानने वाले ही भारत में रहेंगे, तो हमें बदरुद्दीन और असदुद्दीन ओवैसी जैसे लोगों के अपशब्द नहीं सुनने पड़ते। देश में जनसंख्या वृद्धि को नियंत्रित किए किए जाने की आवश्यकता जताते हुए सिंह ने बदरुद्दीन और उनके जैसे लोगों को चीन के खिलाफ बोलने की चुनौती दी, जहां वर्षों से मजबूत जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू है।

## लैंगिक-तटस्थ शपथ से इस्लामी विद्वान नाराज

**कोझिकोड ( केरल )।** केरल के एक इस्लामी विद्वान ने राज्य सरकार के तहत अखिल महिला नेटवर्क कुदुम्बश्री के स्वयंसेवकों को उसकी लैंगिक मुहिम के तहत दिलाई गई शपथ का विरोध करते हुए कहा है कि इसके कुछ हिस्सों ने धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन किया है और वे कुरान के सिद्धांतों के खिलाफ हैं। शपथ दिलाए जाने के दौरान कहा गया कि परिवार की महिला सदस्य को अपने पिता की संपत्ति पर समान अधिकार मिलना चाहिए, लेकिन यह बात प्रभावशाली इस्लामी निकाय समस्त केरल जाम-इयाथुल कुतबा समिति के एक प्रमुख नेता नासर फैजी कूडाथई को रास नहीं आई। यह शपथ राज्य सरकार के गरीबी उन्मूलन अभियान कुदुम्बश्री मिशन के जिला समन्वयक द्वारा जारी परिपत्र का हिस्सा है। परिपत्र में कहा गया है, हम संपत्ति पर पुरुष और महिला दोनों को समान अधिकार प्रदान करेंगे। कूडाथई ने इस पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि यह शपथ संविधान द्वारा दी गई धार्मिक स्वतंत्रता के मौलिक अधिकारों के खिलाफ है। उन्होंने हाल में फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा कि केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा संचालित लैंगिक अभियान के तहत राज्य सरकार कुदुम्बश्री के माध्यम से विभिन्न सराहनीय परियोजनाएं चला रही है, लेकिन इसकी कुछ बातों ने धार्मिक स्वतंत्रता के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन किया है। कूडाथई ने दावा किया कि कुरान के अनुसार संपत्ति में एक पुरुष का हिस्सा दो महिलाओं के हिस्सों के बराबर होता है और महिला सदस्य को पिता की संपत्ति से पुरुष सदस्य को मिलने वाले हिस्से के मुकाबले आधा हिस्सा दिया जाता है। उन्होंने कहा कि इसे भेदभाव नहीं माना जा सकता क्योंकि परिवार की देखभाल की पूरी जिम्मेदारी पुरुष की होती है। कूडाथई ने हाल में युवाओं में फुटबॉल के प्रति जुनून के खिलाफ अपनी टिप्पणी से विवाद खड़ा कर दिया था।

# नीदरलैंड क्वार्टरफाइनल में, अमेरिका हारा




भाषा। अल रेयान

**नीदरलैंड डेंजेल** डमफ्राइज के शानदार प्रदर्शन से शनिवार को यहां खलीफा इंटरनेशनल स्टेडियम में फीफा विश्व कप के राउंड 16 मुकाबले में अमेरिका को 3-1 से शिकस्त देकर क्वार्टरफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बनी। नीदरलैंड के लिए मेंफिस डीपे (10वें मिनट), डाले ब्लाइंड (45 वें मिनट) और डमफ्राइज (81वें) ने गोल किए। डमफ्राइज ने दोनों गोल करने में भी मदद की। ग्रुप ए में दो जीत और एक ड्रा से शीर्ष पर रही नीदरलैंड्स को इस मुकाबले में प्रबल दावेदार माना जा रहा था और उसने इसके अनुरूप प्रदर्शन किया। अब शुक्रवार को क्वार्टरफाइनल में उसका सामना अर्जेंटीना और आस्ट्रेलिया के बीच देर रात होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा। अमेरिका के लिए एकमात्र गोल स्थानापन्न खिलाड़ी हाजी राइट ने 76वें मिनट में दागा। अच्छी टीमों को

## ● 3-1 से जीत के साथ अंतिम-8 पहुंचने वाली पहली टीम बनी

गोल करने का सिर्फ एक मौका चाहिए होता है और नीदरलैंड के साथ ऐसा ही हुआ। मैच के शुरू में ही मिडफील्ड में अच्छे पास देखने को मिले और ऐसे ही पास पर डमफ्राइज ने बॉक्स के ऊपर मेंफिस डीपे को क्रास दिया और उन्होंने बड़ी खूबसूरती से नेट में बाईं ओर दनदनाता हुआ गोल कर दिया। अमेरिका के गोलकीपर मैट टर्नर के पास इसे रोकने का कोई मौका नहीं था। यह डीपे का 43वां अंतरराष्ट्रीय गोल था जिससे नीदरलैंड की टीम 1-0 से आगे हो गई। हाफ टाइम से पहले इंजुरी टाइम (45 वें मिनट) में ब्लाइंड ने टीम के लिए दूसरा गोल दाग दिया। इससे विश्व कप में तीन बार की उप विजेता रही ओरांजे ने बढ़त दोगुनी की। डमफ्राइज ने फिर गोल करने में मदद की, उनके क्रास पर ब्लाइंड ने भागते हुए अमेरिका के बॉक्स में गोल कर दिया जो नेट के कॉर्नर में पहुंचा। पहले गोल के बाद हालांकि खेल थोड़ा धीमा हो गया जिसमें अमेरिकी टीम का गेंद पर कब्जा अधिक रहा लेकिन टीम कोई अच्छा प्रयास नहीं कर सकी। इससे नीदरलैंड की रक्षा पंक्ति पर कोई दबाव नहीं था। अमेरिका को मैच में वापसी के लिए रणनीति में बदलाव की दरकार थी। उसके लिए 43वें मिनट में नीदरलैंड के गोलकीपर आंद्रियास नोपर्ट की परीक्षा हुई जब टिम विया ने बॉक्स के किनारे से शॉट लगाया जिसका उन्होंने डाइव करते हुए शानदार बचाव किया। दूसरे हाफ में अमेरिका ने हमले तेज कर दिए जिसमें 52वें मिनट में क्रिस्टियन पुलिसिच का शॉट सीधे नीदरलैंड के गोलकीपर के हाथ में चला गया। दो मिनट बाद मैकेनी का शॉट नीदरलैंड के क्रासबार के ऊपर से निकल गया।

## सर्बिया को शिकस्त देकर स्विट्जरलैंड अंतिम 16 में

भाषा। दोहा

**स्विट्जरलैंड ने** सर्बिया को 3-2 से हराकर विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता में लगातार तीसरी बार अंतिम 16 में जगह बनाई। शुक्रवार को खेले गए ग्रुप जी के इस मैच में रेमो फ्रेयुलर (48वें मिनट) ने मध्यांतर के तुरंत बाद विजई गोल दागा। इस जीत से स्विट्जरलैंड ग्रुप में ब्राजील के बाद दूसरे स्थान पर रहा। वह अंतिम 16 में मंगलवार को लुसैल स्टेडियम में पुर्तगाल का सामना करेगा। जेरदान शाकिरी ने 20वें मिनट में स्विट्जरलैंड के लिए पहला गोल दागकर उसे बढ़त दिलाई लेकिन सर्बिया ने अलेक्जेंडर मित्रोविच (26वें मिनट) और दुसान व्लाहोविच (35वें मिनट) के गोल की मदद से शानदार वापसी की। ब्रेल एम्बोलो (44वें मिनट) ने मध्यांतर से ठीक पहले गोल करके स्विट्जरलैंड को बराबरी दिलाई। स्विट्जरलैंड इससे पहले ब्राजील से हार गया था जबकि उसने कैमरून को हराया था। ऐसे में सर्बिया के खिलाफ जीत से उसका अंतिम 16 में स्थान पक्का था। उसके और ब्राजील के समान छह अंक रहे लेकिन दक्षिण अमेरिकी टीम बेहतर गोल अंतर के कारण ग्रुप में शीर्ष पर रही। स्विट्जरलैंड की टीम ब्राजील में खेले गए 2014 के विश्वकप और इसके चार साल बाद रूस में भी अंतिम 16 में पहुंची थी। उसे हालांकि इन दोनों विश्वकप में क्रमशः अर्जेंटीना और स्वीडन से 1-0 के समान अंतर से हार का सामना करना पड़ा था। स्विस टीम अगर पुर्तगाल को हराने में सफल रहती है तो यह 1954 के बाद पहला अवसर होगा जबकि वह क्वार्टर फाइनल में जगह बनाएगी। स्विट्जरलैंड ने 1954 में विश्व कप की मेजबानी की थी।



### हार के बावजूद ग्रुप में शीर्ष पर रहा ब्राजील



**लुसैल (कतर)।** विंसेंट अबूबकर के दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के दूसरे मिनट में किए गए गोल की बदौलत कैमरून ने ब्राजील को 1-0 से पराजित करके उसे पिछले 24 वर्षों में विश्व कप फुटबॉल के ग्रुप चरण में पहली हार का स्वाद चखाया लेकिन इसके बावजूद पांच बार का चैंपियन ग्रुप जी में शीर्ष पर रहकर नॉकआउट चरण में पहुंचा। अबूबकर ने ब्राज़ील के गोलकीपर एडरसन हो छकाकर हैडर से गोल किया और इसके बाद जश्न में अपनी शर्ट उतार दी। कैमरून के कप्तान ने कॉर्नर फ्लैग के पास में अपनी शर्ट फेंकी जिसके बाद रेफरी ने उन्हें पीला कार्ड दिखा दिया। यह उनका दूसरा पीला कार्ड था जिसके कारण उन्हें मैदान से बाहर होना पड़ा। कैमरून ने इससे पहले विश्वकप में पिछले नौ मैचों में जीत दर्ज नही की थी। ब्राजील इस मैच में अपने रिजर्व खिलाड़ियों के साथ उतरा था। उसने 1998 फ्रांस में नार्वे के हाथों 2-1 से हार के बाद ग्रुप चरण में लगातार 17 मैच जीते थे। यह उसकी विश्वकप में ग्रुप चरण के पिछले 29 मैचों में पहली हार है। ब्राजील ने ग्रुप चरण के अपने पहले दो मैचों में सर्बिया और स्विट्जरलैंड को हराकर नॉकआउट में अपनी जगह पक्की कर दी थी। वह अंतिम 16 में दक्षिण कोरिया का सामना करेगा। यह लगातार 11वां अवसर है जबकि ब्राजील विश्वकप में अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहा।

## सेनेगल के खिलाफ इंग्लैंड के लिए खिलाड़ियों की एकजुटता ही होगा जीत का मंत्र

भाषा। दोहा

**इंग्लैंड के कोच** गेरेथ साउथगेट के खिलाड़ी रविवार को फीफा विश्व कप के राउंड 16 मुकाबले में सेनेगल के खिलाफ शानदार लय को जारी रख अगले दौर में पहुंचने के लिए बेताब होंगे। टीम के खिलाड़ियों ने टूर्नामेंट में अभी तक एकजुट होकर प्रदर्शन किया जिसकी बदौलत टीम ग्रुप बी में सात अंक लेकर शीर्ष पर रहकर राउंड 16 में पहुंची। टीम ने अभी तक टूर्नामेंट में नौ गोल किए जिससे वह सबसे ज्यादा गोल करने में स्पेन के साथ बराबरी पर चल रही है। किसी भी टीम ने ग्रुप चरण में इंग्लैंड (सात अंक) से ज्यादा अंक नही हासिल किए। वह उन तीन टीमों से एक है जिसे हार का सामना नही करना पड़ा है जिससे इंग्लैंड मुकाबले में जीत की प्रबल दावेदार है। साउथगेट और कप्तान हैरी केन का खिलाड़ियों को संदेश यही था कि वे फोकस बरकरार रखे और इसी तरह एकजुट होकर खेलते रहें। ग्रुप चरण में बेल्जियम और जर्मनी जैसी दिग्गज टीमें बाहर हो गई जबकि गत चैम्पियन फ्रांस के साथ अर्जेंटीना, स्पेन, ब्राजील और पुर्तगाल को उलटफेर के मुंह देखने पड़े। और अगर सोचा जाए तो इंग्लैड का अमेरिका का गोलरहित ड्रा भी हैरान करने वाले नतीजे के रूप में देखा गया जिससे मैच के दौरान थ्री लायंस (इंग्लैड) के दर्शकों ने जोरदार हूटिंग भी की। डिफेंडर जॉन स्टोन्स ने कहा, मुझे लगता है कि जब आप बड़ी टीम या टीम के बड़े खिलाड़ियों को उम्मीदों पर खरा उतरते हुए नही देखते तो यह हमेशा मुश्किल होता है।

### क्वार्टर फाइनल में पहुचने के लिए फ्रांस के सामने पोलैंड की चुनौती

**दोहा।** मौजूदा विश्व चैम्पियन फ्रांस की टीम फुटबॉल विश्व कप के प्री-क्वार्टर फाइनल में रविवार को जब पोलैंड के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसकी कोशिश अतिआत्मविश्वास से बचने की होगी। फ्रांस के कोच कोच डिडिएर डेसचैम्प्स अपनी टीम के खिलाड़ियों को पोलैंड और उनके दिग्गज खिलाड़ी रॉबर्ट लेवांडोव्स्की को कम नही आंकने की चेतावनी दे चुके टीम को ग्रुप चरण के आखिरी मुकाबले में ट्यूनीशिया जैसी अपेक्षाकृत कमजोर मानी जाने वाली टीम के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। इस मैच में हालांकि डेसचैम्प्स ने अपने स्टार खिलाड़ियों को विश्राम दिया था। एड्रिएन रैबियोट, किलियन एमबापे, ओस्मान डेम्बेले और एंटोनी ग्रीजमैन जैसे टीम के धुरंधर मैच के आखिरी क्षणों में मैदान में उतरे थे। ऐसे में फ्रांस के शीर्ष खिलाड़ी कम थकान के साथ इस मैच में उतरेंगे और पोलैंड के खिलाफ जीत के दावेदार होंगे। फ्रांस की टीम 1986 विश्व कप में नॉकआउट चरण शुरू होने के बाद शुरुआती (नॉकआउट) मुकाबले में पांच बार जीती है। पोलैंड की टीम 36 साल में पहली बार नॉकआउट दौर में पहुंची है। टीम ने 1982 विश्व कप में फ्रांस को हराकर तीसरा स्थान हासिल किया और इसके 51 दिनों के बाद मैत्री मैच में उनके खिलाफ एक और जीत दर्ज की। पोलैंड की टीम इसके बाद कभी फ्रांस को हराने में सफल नही हुई। टीम विश्व कप में फ्रांस को मात देकर 40 साल के जीत के इंतजार को खत्म करना चाहेगी। दोनो टीमों के बीच पिछला मुकाबला 2011 में खेला गया था। फ्रांस के कोच ने कहा, यह ऐसी टीम नही है जिसके खिलाफ हम खेलने के आदी है। उनके पास अनुभवी खिलाड़ी है।

### आईओए चुनावों में उपाध्यक्ष का निर्विरोध चुना जाना तय

**नई दिल्ली।** छह बार के शीतकालीन ओलंपियन शिव केशवन ने शनिवार को भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के चुनाव से पहले कार्यकारी परिषद के सदस्य पद के लिए अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली। भारतीय नौकायन महासंघ (रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया) की अध्यक्ष राजलक्ष्मी सिंह देव को 10 दिसंबर को होने वाले चुनावों में उपाध्यक्ष (महिला) पद के लिए निर्विरोध चुना जाएगा क्योंकि भारतीय बैडमिंटन संघ की अलकनंदा अशोक ने नाम वापसी के आखिरी दिन इन चुनावों से हटने का फैसला किया।

### यूनिटी कालेज का वार्षिक खेल–कूद दिवस सम्पन्न

**लखनऊ।** हुसैनाबाद स्थित यूनिटी कालेज के वार्षिक खेल-कूद दिवस में कायम अब्बास जैदी 2 स्वर्ण सहित 5 पदक के अलावा मोहम्मद जैद अयान, आरिफ रिजवी, वफा। अब्बास सानिया जहरा, डैनियल आग व इमरान जाफरी ने एथलेटिक्स की विभिन्न स्पर्धाओं में स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक जीतकर कालेज के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बने। इससे पूर्व वार्षिक खेल कूद दिवस का शुभारंभ मुख्य अतिथि भारतीय खेल प्राधिकरण क्षेत्रीय केंद्र के निदेशक संजय सारस्वत ने किया। मुख्य अतिथि संजय सारस्वत ने अपने सम्बोधन में कहा कि जिस प्रकार भारत के हर बच्चे को शिक्षा का अधिकार है, उसी प्रकार देश के हर बच्चे को खेलने का भी अधिकार होना चाहिए।

### पोंटिंग ने स्वस्थ होकर कमेंट्री बॉक्स में वापसी की

**पर्थ।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिग ने हृदय संबंधी समस्या से उबरने के बाद शनिवार को यहां ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के बीच पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के चौथे दिन कमेंट्री बॉक्स मे वापसी की। पोंटिग टेस्ट मैच के तीसरे दिन लंच के समय अस्वस्थ हो गए थे। उनकी छाती मे दर्द था और उन्हे चक्कर आ रहे थे। उन्हे तुरंत ही अस्पताल ले जाया गया था। पोंटिग ने मैच के चौथे दिन शनिवार को चैनल सेवन से कहा, मैने कल कई लोगों को डरा दिया था और स्वयं मेरे लिए बहुत डरावना पल था।

### पुणेरी पलटन की दबंग दिल्ली पर रोमांचक जीत

**हैदराबाद।** आकाश शिंदे और पंकज मोहित के शानदार खेल के दम पर पुणेरी पलटन ने प्रो कबड्डी लीग के रोमांचक मुकाबले में शनिवार को यहां दबंग दिल्ली को 47-44 से शिकस्त दी। दिल्ली के लिए नवीन कुमार ने 16 जबकि आसू मलिक ने नौ अंक जुटाए लेकिन उनकी टीम आखिरी क्षणों में पुणे को पछाड़ने मे विफल रही। मैच के पहले हाफ मे पुणेरी पलटन 22-21 से आगे थी और टीम ने दूसरे हाफ में दिल्ली के 23 के मुकाबले 25 अंक बनाकर जीत दर्ज की।

### हैदराबाद एफसी फिर तालिका में दूसरे स्थान पर

**चेन्नई।** मौजूदा चैम्पियन हैदराबाद एफसी ने इंडियन सुपर लीग फुटबॉल में लगातार दो हार के पीछे छोड़ते हुए शनिवार को यहां चेन्नइयिन एफसी को 3-1 से शिकस्त दी। हैदराबाद की जीत में हालिचरण नार्जरी (65वें), कोशाम (74वें) और स्थानापन्न हेरारा (85वें मिनट मे) ने गोल दागे।

# भारत के शीर्ष क्रम के संयोजन पर होगा ध्यान

### ● बांग्लादेश के खिलाफ वनडे श्रृंखला की शुरुआत आज से

भाषा। मीरपुर

**भारत के शीर्ष** बल्ल्लेबाजी क्रम का उद्देश्य बांग्लादेश के खिलाफ रविवार को यहां शुरू हो रही तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में परिवर्तन लाने के साथ और अधिक जज्बा दिखाने का होगा जिसमें अनुभवी शिखर धवन और प्रतिभाशाली केएल राहुल के बीच सलामी बल्लेबाज स्थान के लिए द्वंद्व की स्थिति होगी। अगर निरंतर अच्छा प्रदर्शन कर रहे युवा शुभमन गिल (इस श्रृंखला के लिए आराम दिया गया) भी इस टीम में शामिल हो जाएं तो कोच राहुल द्रविड़ के लिए भारतीय शीर्ष क्रम की पहेली को सुलझाना मुश्किल होगा। अगले एक साल में ध्यान सिफ वनडे पर लगा होगा और 50 ओवर में भारत के रवैए में बड़े बदलाव की जरूरत है। कभी कभार ज्यादा विकल्प होना भी वास्तव में अच्छा सिरदर्द नहीं होता क्योंकि इससे ज्यादा भम्र की स्थिति उत्पन्न होती है। जब एक ही तरह के कौशल में कई विकल्प होते हैं तो कोच हर



### विश्व कप के करीब आने पर ही विकल्पों को कम करेंगे : रोहित

**मीरपुर।** कप्तान रोहित शर्मा वनडे विश्व कप के बारे मे ज्यादा दूर की सोचकर चीजो को अव्यवस्थित नही करना चाहते और उनका कहना है कि उन्हें और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को बखूबी पता है कि वे अगले साल अक्टूबर-नवंबर में भारत में होने वाले इस टूर्नामेंट मे किस तरह का रवैया अपनाएंगे। यह पूछने पर कि क्या विश्व कप की तैयारियां रविवार से बांग्लादेश के खिलाफ शुरू हो रही तीन मैचों की वनडे श्रृंखला से आरंभ होगी तो रोहित ने स्पष्ट किया कि विशेषकर इस टूर्नामेंट (विश्व कप) के बारे में विचार शुरू करने के लिए अभी समय है। रोहित ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले वनडे से पूर्व पत्रकारों से कहा, हर बार जब भी आप एक मैच खेलते हो, यह किसी चीज की तैयारी के लिए ही होता है।

किसी को बराबरी के मौके देने का प्रयास करता है लेकिन इससे संतुलित लाइन अप नहीं बन पाती और जब कोई बड़ा टूर्नामेंट करीब ही हो तो यह आदर्श स्थिति नहीं है। इस समय भारत की सफेद गेंद की टीम इसी दौर से गुजर रही है। कुछ साल पहले रोहित शर्मा और शिखर धवन भारत के वनडे में सलामी जोड़ीदार के रूप में पसंदीदा जोड़ी होती थी जिस पर बमुश्किल ही कोई सवाल पूछा जाता था या फिर उनके स्थान पर बहस की जाती थी। लेकिन धवन के पावरप्ले में धीमे खेल और गिल के आने से संभावनाएं पैदा होनी ही थी। केएल राहुल शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी करना पसंद करते हैं और उन्हें इसमें सफलता भी मिली है, लेकिन पूर्व कोच रवि शास्त्री के कार्यकाल के दौरान उन्होंने मध्यक्रम में कुछ मैच खेले। लेकिन विडंबना यह है कि इतनी संख्या देखते हुए भी इससे स्पष्ट संकेत नहीं मिल रहा है कि श्रृंखला के लिए रोहित के साथ पारी का आगाज करने के लिए किसे होना चाहिए। धवन ने 2022 में भारत के लिए 19 वनडे में पारियों का आगाज किया है, जिसमें उनका स्ट्राइक रेट 75.11 रहा है जो इतना अच्छा नहीं है। जबकि 2016–18 में यह स्ट्राइक रेट 101 हुआ करता था और 2019–21 में यह गिरा लेकिन फिर भी 91 तक ठीक ठाक रहा। राहुल ने 45 वनडे में पांच शतक और 10 अर्धशतक जड़े हैं जिसमें उनका स्ट्राइक रेट 85 से ज्यादा का है और औसत 45 है जिससे वह बेहतर उम्मीदवार लगते हैं। लेकिन अगर टीम प्रबंधन जेट लेग के बाद धवन को आराम देना चाहते हैं तो राहुल निश्चित रूप से शीर्ष में रोहित के साथ होंगे। धवन न्यूजीलैंड से सीधे मीरपुर में टीम से जुड़े हैं। मध्यक्रम की बात की जाए तो विराट कोहली का तीसरा नंबर तय है, श्रेयस अय्यर भी भारत के चौथे स्थान पर धीरे धीरे अपनी पैठ बना रहे हैं।

# चोटिल शमी बांग्लादेश वनडे से बाहर, उमरान टीम में





**नई दिल्ली।** तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी कंधे में चोट के कारण बांग्लादेश के खिलाफ रविवार से शुरू होने वाली एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे और उनकी जगह उमरान मलिक को टीम में शामिल किया गया है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को यह जानकारी दी। शमी ऑस्ट्रेलिया से लौटने के बाद अभ्यास सत्र के दौरान चोटिल हो गए थे। उनका 14 दिसंबर से चटगांव में शुरू होने वाली दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला में खेलना भी संदिग्ध है। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा, तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी बांग्लादेश के खिलाफ वनडे श्रृंखला से पहले अभ्यास सत्र के दौरान चोटिल हो गए थे। उनके कंधे में चोट लगी है और अभी वह बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में बीसीसीआई की चिकित्सा टीम की निगरानी में हैं। वह तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे। अखिल भारतीय चयन समिति ने शमी की जगह उमरान मलिक को टीम में शामिल किया है। शमी की चोट की गंभीरता का पता नहीं चला। बंगाल का यह तेज गेंदबाज अगले साल होने वाले वनडे विश्वकप को देखते हुए इस प्रारूप में भारतीय टीम का अहम अंग है। शमी ने स्वयं ट्विटर पर कुछ तस्वीरें पोस्ट की जिसमें वहां कंधे की चोट का उपचार करा रहे हैं। उन्होंने ट्वीट किया, चोट आपको यह सीख देती हैं कि प्रत्एक पल का आनंद लो। अपने करियर के दौरान मैं चोटिल होता रहा। इससे आपको सीख मिलती है। कोई मायने नहीं रखता कि मैं कितनी बार चोटिल हुआ। मैंने इन चोटों से सीख ली और अधिक मजबूत होकर वापसी की। बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला में अब तेज गेंदबाजी का जिम्मा मोहम्मद सिराज, शार्दुल ठाकुर, दीपक चाहर, उमरान मलिक और कुलदीप सेन के कंधों पर होगा। शमी अगर टेस्ट श्रृंखला में नहीं खेल पाते हैं तो यह कप्तान रोहित शर्मा और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के लिए चिंता का विषय होगा क्योंकि भारत को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखने के लिए प्रत्एक मैच जीतना होगा।

### चाहर का दावा, मलेशियाई एयरलाइंस ने सामान खोया, यात्रा के दौरान भोजन भी नहीं दिया

**मीरपुर।** भारतीय तेज गेंदबाज दीपक चाहर ने शनिवार को दावा किया कि जब वह न्यूजीलैंड से ढाका की यात्रा कर रहे थे तब मलेशियाई एयरलाइंस ने उनका सामान खो दिया और उन्हें बिजनेस क्लास में यात्रा करने के बावजूद भोजन भी मुहैया नहीं करवाया। चाहर बांग्लादेश के खिलाफ रविवार से शुरू होने वाली तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला के लिए भारतीय टीम से जुड़े। चाहर ने शनिवार की सुबह टीम के अभ्यास सत्र से पहले ट्वीट किया, मलेशियाई एयरलाइन्स से यात्रा करना बहुत बुरा अनुभव रहा। पहले उन्होंने हमारी उड़ान बदल दी और इसकी जानकारी तक हमें नहीं दी और फिर बिजनेस क्लास में भोजन भी मुहैया नहीं कराया। अब हम पिछले 24 घंटे से अपने सामान का इंतजार कर रहे हैं जबकि कल हमें मैच खेलना है। न्यूजीलैंड में वनडे श्रृंखला समाप्त होने के बाद चाहर, मोहम्मद सिराज, शार्दुल ठाकुर, शिखर धवन, शुभमन गिल और वाशिंगटन सुंदर क्राइस्टचर्च से कुआलालंपुर होते हुए ढाका पहुंचे। सूर्यकुमार यादव (विश्राम दिए जाने के कारण) और उमरान मलिक सीधे भारत पहुंचे।

### मोदगिल ने प्रेसिडेंट्स कप में रजत पदक जीता

भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय निशानेबाज** अंजुम मोदगिल ने शनिवार को मिस्र के काहिरा में सत्र के अंतिम आईएसएसएफ प्रेसिडेंट्स कप की महिला 50 मीटर राइफल थ्री पाजिशंस स्पर्धा में रजत पदक जीता। साथ ही वह अपनी स्पर्धा में साल की दूसरी सर्वश्रेष्ठ एथलीट भी चुनी गईं। अंजुम को इजिप्ट इंटरनेशनल ओलंपिक सिटी रेंज में स्वर्ण पदक मैच में 14–16 से हार का सामना करना पड़ा। यह टूर्नामेंट में भारत का दूसरा पदक था। इससे पहले रूद्रांक्ष बालासाहेब पाटिल ने शुक्रवार को पुरूषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। गुरूवार को अंजुम ने क्वालीफिकेशन में 591 का स्कोर बनाकर महिला थ्री पी में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था जिससे वह चौथे स्थान पर रहकर रैंकिंग राउंड में पहुंची। शनिवार को वह आठ निशानेबाजों में 412.9 अंक से शीर्ष पर रही। वह अन्ना से 1.8 आगे थी जिन्होंने 411.1 अंक बनाया जिससे वह अजुंम के साथ खिताबी भिड़ंत में पहुंची। वहीं मौजूदा ओलंपिक चैम्पियन निना क्रिस्टन 354.3 अंक के स्कोर से पांचवें स्थान पर रहीं। फाइनल में दोनों निशानेबाजों ने एक दूसरे को कड़ी टक्कर दी और दोनों 14–14 की बराबरी पर चल रही थी।

# ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 5-1 करारी शिकस्त दी, श्रृंखला पर की कब्जा

### ● चौथा हॉकी टेस्ट मैच

भाषा। एडिलेड

**भारतीय टीम** ने शुरू में अच्छा प्रदर्शन करके बढ़त बनाई लेकिन मध्यांतर से ठीक पहले उसकी रक्षापंक्ति बिखर गई जिसका फायदा उठाकर ऑस्ट्रेलिया ने वापसी करके शनिवार को यहां चौथे हॉकी टेस्ट मैच में भारत को 5-1 से करारी शिकस्त दी। ऑस्ट्रेलिया ने इस जीत से पांच मैचों की श्रृंखला में 3-1 से अजेय बढ़त हासिल की। श्रृंखला का पांचवा और अंतिम मैच रविवार को खेला जाएगा। पहले क्वार्टर में कोई भी टीम गोल नहीं कर पाई जिसके बाद दिलप्रीत सिंह ने 25वें मिनट में गोल करके भारत को बढ़त दिलाई। पहले क्वार्टर में भारतीय रक्षापंक्ति ने अच्छा खेल दिखाया लेकिन बाद में वह अपने प्रदर्शन में निरंतरता नहीं रख पाई। दूसरे क्वार्टर के आखिरी क्षणों में भारतीय रक्षा पंक्ति बिखर गई जिसका फायदा उठाकर जेरेमी हेवर्ड (29वें) और जेक व्हीटन (30वें) ने 50 सेकेंड के अंदर दो गोल करके ऑस्ट्रेलिया को मध्यांतर से पहले बढ़त दिला दी। ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे क्वार्टर में पूरा दबदबा बनाया। टॉम



विकम (34वें) ने उसकी बढ़त को मजबूत किया जबकि हेवर्ड ने 41वें मिनट में अपना दूसरा और टीम की तरफ से चौथा गोल किया। मैट डॉसन ने 54वें मिनट में भारतीय गोलकीपर कृष्ण पाठक को छका कर ऑस्ट्रेलिया की तरफ से पांचवा गोल दागा। अनुभवी पीआर श्रीजेश की जगह गोलकीपिंग की जिम्मेदारी संभाल रहे पाठक ने हालांकि कुछ अच्छे बचाव करके भारतीय टीम को शर्मसार होने से बचाया। ऑस्ट्रेलिया ने खेल के हर क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन किया और हार्वे ने मध्य पंक्ति में कुछ अच्छे मूव बनाए। विश्व की नंबर एक टीम को हालांकि शुरू में भारतीय रक्षा पंक्ति के शानदार खेल के कारण जूझना पड़ा। श्रीजेश तब गोलकीपर की भूमिका निभा रहे थे। पाठक ने दूसरे क्वार्टर में यह जिम्मेदारी संभाली और नाथन एफ्राम्स के प्रयासों को विफल किया। भारतीय खेल को देखकर लग रहा था कि वह श्रृंखला बराबर करने में सफल रहेगा। दिलप्रीत ने इस बीच उसे बढ़त दिला दी। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई डिफेंस में सेंध लगाकर करारे शॉट से खूबसूरत गोल दागा। लेकिन भारत की बढ़त पांच मिनट भी नहीं रह पाई तथा हेवर्ड ने ड्रैग फ्लिक से गोल करके ऑस्ट्रेलिया को बराबरी पर ला दिया। इसके तुरंत बाद व्हीटन ने जैक वेल्च की मदद से गोल दागकर अपनी टीम को बढ़त दिला दी। यह मैच का टर्निंग प्वाइंट था क्योंकि भारतीय रक्षा पंक्ति ने इसके बाद अपनी लय खो दी।

### लाबुशेन की उपलब्धि के बाद ब्रेथवेट ने लगाया शतक

भाषा। पर्थ

**मार्नस लाबुशेन** ने पहली पारी में 204 रन बनाने के बाद दूसरी पारी में नाबाद 104 रन की पारी खेली जिससे वह एक ही टेस्ट में शतक और दोहरा शतक जड़ने वाले तीसरे आस्ट्रेलियाई क्रिकेटर बन गए। इससे आस्ट्रेलिया ने शुरूआती टेस्ट में शनिवार को यहां वेस्टइंडीज को जीत के लिए 498 रन का लक्ष्य दिया। वेस्टइंडीज ने शनिवार को यहां स्टंप तक अपनी दूसरी पारी में 62 ओवर में तीन विकेट पर 192 रन बना लिए और उसे सनसनीखेज जीत दर्ज करने के लिए 306 रन की जरूरत है। आस्ट्रेलिया ने इससे पहले लंच तक अपनी दूसरी पारी दो विकेट पर 182 रन पर घोषित की। तब लाबुशेन 104 और स्टीव स्मिथ 20 रन बनाकर नाबाद थे। टीम ने चौथे दिन एक विकेट पर 29 रन से खेलना शुरू किया और 26 ओवर के सत्र में 153 रन जोड़े। लाबुशेन (110 गेंद, 13 चौके, दो छक्के) और स्मिथ ने पहली पारी में तीसरे विकेट के लिए 251 रन की साझेदारी निभाई थी। इन दोनों ने उसी लय में बल्लेबाजी करते हुए 81 रन की साझेदारी की। लाबुशेन से पहले एक ही टेस्ट में शतक और दोहरा शतक जड़ने वाले अन्य आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ग्रेग चैपल और डग हैं। आस्ट्रेलिया ने पहली पारी चार विकेट पर 598 रन के स्कोर पर घोषित की थी।

### मारिया और अर्जुन ने टाटा स्टील ब्लिट्ज में बढ़त बनाई




**कोलकाता।** भारत के अर्जुन एरिगेसी और यूक्रेन की मारिया मुजिचुक ने शनिवार को यहां टाटा स्टील शतरंज इंडिया ब्लिट्ज टूर्नामेंट मे क्रमशः पुरूष और महिला वर्ग मे बढ़त बनाई। ब्लिट्ज वर्ग के पहले दिन नौ दौर पूरे हुए जिसमे एरिगेसी ने 6.5 अंक के साथ बढ़त कायम की। उनके बाद शखरियार मामेदयारोव के छह अंक है। मारिया के आठ अंक है और वह नौ दौर के बाद आर वैशाली पर एक अंक की बढ़त बनाए है। दोनो वर्गों के बचे हुए नौ दौर रविवार को खेले जाएंगे।

### सुकांत कदम पैरा बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में

**नई दिल्ली।** दुनिया के तीसरे नंबर के पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी सुकांत कदम पेरू पैरा बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा के सेमीफाइनल मे पहुंच गए। इस भारतीय खिलाड़ी ने लीमा में खेले जा रहे टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल मे ब्राजील के ब्रेनो जोहान को महज 21 मिनट तक चले मुकाबले मे 21-14, 21-9 से शिकस्त दी। रविवार को खेल जाने वाले सेमीफाइनल में उनके सामने ग्वाटेमाला के राउल एंगुइआनो की चुनौती होगी। कदम ने अपने ग्रुप चरण के अपने दोनों मैचों मे फ्रांस के क्लेमेंट सरोबर्ट और लुडविग एंक्सि चैना के खिलाफ सीधे गेम में जीत दर्ज की थी।

### उन्नति एशिया जूनियर चैम्पियनशिप अंडर-17 महिला एकल के फाइनल में पहुचने वाली पहली भारतीय



**नई दिल्ली।** भारत की उभरती हुई बैडमिंटन खिलाड़ी उन्नति हुड्डा ने बैडमिंटन एशिया जूनियर चैंपियनशिप के अंडर-17 एकल महिला स्पर्धा के सेमीफाइनल मे शनिवार को जापान की मियोन योकूची को सीधे गेम में शिकस्त दी। थाईलैंड के नोथाबुरी मे खेली जा रही प्रतियोगिता के फाइनल मे रविवार को उनका सामना स्थानीय खिलाड़ी सरून्नरक विटिडसन से होगा। उन्नति जापान की खिलाड़ी के खिलाफ 21-8 21-17 की जीत के साथ प्रतियोगिता के अंडर-17 एकल महिला वर्ग के फाइनल मे पहुंचने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी भी बन गई। ओडिशा ओपन चैंपियन ने इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में अब तक एक भी गेम नही गंवाया है। उन्नति के अलावा अंडर-15 एकल खिलाड़ी अनीश थोप्पानी और अर्श मोहम्मद एवं संस्कार सारस्वत की अंडर-17 पुरुष युगल जोड़ी ने भी प्रभावशाली जीत के साथ फाइनल मे जगह पक्की की। शानदार लय मे चल रही अर्श और संस्कार की जोड़ी ने अंतिम चार मुकाबले में ची-र्स्ई चिउ और शाओ हुआ चिउ की चीनी ताइपे की जोड़ी के खिलाफ 21-15, 21-19 से जीत दर्ज की। फाइनल में उनका सामना लाई पो यू और ई-हाओ लिन की एक और चीनी ताइपे जोड़ी से होगा।